वर्ष 06 अंक 182
बोकारो
शनिवार, 06 जनवरी 2024
पृष्ठ 12 मूल्य 2/- रुपया
RNI No. : JHAHIN/2018/76658

# हिन्दी दैनिक झारखंड दर्शन



E-mail : jharkhanddarshanbokaro@gmail.com website : jharkhanddarshan.net

# बंगाल में ED की टीम पर हमला

## टीएमसी नेता के घर रेड डालने पहुंचे थे; अफसरों के सिर फोड़े, CRPF को खदेड़ा

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में ईडी के अधिकारियों पर हमला हुआ है। वह टीएमसी नेता शाहजहां शेख के ठिकानों पर छापा मारने गई थी। तभी भीड़ ने हमला कर दिया। शाहजहां लंबे समय से एक राशन डीलर हैं। वह पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक के करीबी माने जाते हैं। राशन घोटाले के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां के आवास पर छापा मारने की कोशिश के दौरान पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में स्थानीय लोगों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों और उनके साथ आए सीआरपीएफ के जवानों को खदेड़ दिया। भीड़ के गुस्से को देखकर ईडी की टीम को मौके से पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। वहीं, ईडी की टीम पर हुए हमले में एक युवक को चोट भी पहुंची है। बताया है ईडी के अधिकारी जब शाहजहां शेख के ठिकाने पर घुसने की कोशिश कर रहे थे। घर का दरवाजा बंद था और उन्होंने ताले को तोड़कर घर के अंदर घुसने की कोशिश की। हमला करने वाले लोग शाहजहां शेख के समर्थक बताए जा रहे हैं। ईडी अधिकारियों का मानना है कि नेता के घर की तलाशी लेने पर राशन में हुए भ्रष्टाचार मामले से जुड़े दस्तावेज मिल सकते हैं। हालांकि ईडी को शुक्रवार को खाली हाथ लौटना पड़ा है। ईडी राज्य में कई मामलों की जांच कर रही है और उसने कई जगहों पर तलाशी भी ली है।



### ईडी पर हमले ने साबित कर दिया इलाक़ में रोहिंग्या हैं : भाजपा

**कूचबिहार।** उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में तृणमूल तृणमूल नेता के घर छापेमारी करने गई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हुए हमले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि यह साबित हो गया कि इलाक़ में रोहिंग्या है। शुक्रवार को कूचबिहार पहुंचे सुकांत मजूमदार ने वहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा की ईडी अधिकारियों पर हमले की घटना से एक बार फिर सिद्ध हो गया कि इस इलाके में रोहिंग्याओं की मौजूदगी है। उल्लेखनीय है कि राशन घोटाले के मामले में ईडी की टीम शुक्रवार को छापेमारी करने उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में तृणमूल नेता के घर छापेमारी करने पहिची थी। लेकिन ईडी की टीम को यहां ग्रामीणों की भीड़ ने घेर लिया और उन पर हमला कर दिया। भीड़ ने ईडी अधिकारियों के साथ-साथ केंद्रीय सुरक्षा बलों की गाड़ियों में तोड़फोड़ की। उधर. कूचबिहार पहुंचे पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार मदन मोहन मंदिर में पूजा करने के अलावा जिला पार्टी कार्यालय में नेताओं के साथ संगठनात्मक बैठक करेंगे। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, बैठक में लोकसभा चुनाव की रणनीति तैयार करने पर विस्तार से चर्चा होगी। इसके अलावा वह दिनहाटा में घायल भाजपा कार्यकर्ता से भी मुलाकात करेंगे।

### ईडी के छापे में पूर्व इनेलो विधायक के ठिकानों से करोड़ों की नगदी, शराब व हथियार बरामद



**चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के पूर्व विधायक एवं अभय सिंह चौटाला के समधी दिलबाग सिंह के ठिकानों से करोड़ों की नकदी के अलावा शराब और हथियार बरामद किए हैं। दरअसल, गुरुवार को ईडी के अधिकारियों की टीमों ने हरियाणा में खनन कारोबारियों के आवास व अन्य प्रतिष्ठानों पर छापा मारा था। यह छापा शुक्रवार सुबह तक जारी रहा। ईडी ने सोनीपत से कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार तथा यमुनानगर से इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के आवास तथा घर पर छापेमारी की। पूरा दिन सर्च के बाद ईडी ने गुरुवार रात करीब नौ बजे फिर से आपरेशन शुरू किया। ईडी ने दिलबाग सिंह के ठिकानों से पांच करोड़ रुपये की नकदी के अलावा तीन सोने के बिस्कुट, 100 से अधिक विदेशी शराब की बोतलें, विदेशों में संपत्तियों के दस्तावेज, चार विदेशी रायफल व कारतूस बरामद किए हैं। ईडी के अधिकारी हथियारों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। ईडी की कार्रवाई अभी भी जारी है।

# तो सभी मंदिर मस्जिद तुड़वाकर अस्पताल बनवा दें : सुशील मोदी


**एजेंसी। पटना**



अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होना है। इस भव्य आयोजन को लेकर भाजपा विरोधी नेता आए दिन कुछ न कुछ विवादित बयान दे रहे हैं। हाल ही में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मधुवनी में कहा था कि बीमार होने पर कहां जाएंगे अस्पताल या मंदिर। वे यहीं नहीं रुके, उन्होंने जनता से यह भी पूछा कि भूख लगेगी तो खाना खाने मंदिर जाएंगे क्या? तेजस्वी के इस बयान पर भाजपा ने उन पर चौतरफा हमले शुरु कर दिए हैं।पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा के राज्यसभा सांसद और पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने तेजस्वी यादव से पूछा है कि मंदिर जरूरी नहीं है तो स्वास्थ्य मंत्री की हैसियत से सभी मंदिर मस्जिदों को तुड़वा कर वहां अस्पताल क्यों नहीं खोल देते? सुशील मोदी ने कहा कि कोई बीमार पड़ेगा तो बेशक अस्पताल जाएगा। लेकिन, मानसिक और आध्यात्मिक शांति के लिए मंदिर की आवश्यकता होती है। जीवन के लिए राम और रोटी दोनों आवश्यक है क्योंकि इनमें कोई विरोधाभास नहीं है। नौकरी के साथ-साथ ईश्वर की प्रार्थना भी जरूरी है। सुशील मोदी ने कहा कि अगर मंदिर जाना जरूरी नहीं है तो तेजस्वी यादव तिरुपति क्यों गए थे। चार्टर्ड प्लेन में 50 लाख रुपए खर्च करके बाल छिलवाने के लिए तिरुपति क्यों जाना पड़ा? उन्होंने कहा कि देश में मर्यादा पुरुषोत्तम राम सबके दिलों में बसे हैं। उन्हें कोई निकाल नहीं सकता केवल बयानबाजी की जा सकती है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने तेजस्वी यादव को उनके बयान के लिए निशाने पर लिया था। उन्होंने कहा था कि सैकड़ो वर्षों के संघर्ष के बाद राम मंदिर के रूप में हिंदू आस्था का पुनर्जागरण हो रहा है। तेजस्वी यादव इसमें व्यवधान पैदा करना चाहते हैं। इसीलिए ऐसा बयान दे रहे हैं। अगर मंदिर जरूरी नहीं है तो पटना के हज भवन में भी अस्पताल खुलवा दें। गिरिराज सिंह ने तेजस्वी के पिता लालू यादव पर भी निशान साधा। कहा कि जब अयोध्या में राम भक्तों पर लाठी चल रही थी उस समय भी लालू प्रसाद यादव ने मुलायम सिंह का समर्थन किया था। बता दें इससे पहले राजद नेता और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने मधुबनी में कार्यक्रम के दौरान लोगों से पूछा कि आपको भूख लगेगी तो मंदिर में खाना मिलेगा? बीमार होने पर अस्पताल जाएंगे या मंदिर जाकर पंडित से दिखाएंगे? तेजस्वी के बयान पर भाजपा नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। तेजस्वी ने यह भी कहा था कि राम जी अगर चाहते तो अपना कितना महल बनवा लेते। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इंतजार नहीं करना पड़ता।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में शेख हसीना से खफा विपक्ष ने किया चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान



**ढाका।** बांग्लादेश में इसी माह यानी 7 जनवरी को आम चुनाव होने जा रहे है। इस चुनाव में ज्यादातर विपक्षी नेता नाराज है। उनका आरोप है कि आवामी लीग की प्रमुख शेख हसीना सरकार फर्जी चुनाव करा रही है। यही वजह है कि अधिकांश नेताओं ने चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। उनका आरोप है कि शेख हसीना को चीन,रुस और भारत का समर्थन मिल रहा है। आवामी लीग चौथी मर्तबा जीत के लिए बेकरार है। और अगर कोई बड़ा उलटफेर नहीं हुआ तो मुमकिन है कि वो ये चुनाव जीत भी जाए। सबसे दिलचस्प घटनाक्रम यह है कि इस चुनाव में शेख हसीना को रूस, चीन और भारत का साथ मिल रहा है। अमेरिका ने वीजा पाबंदी की धमकी दे रखी है। अमेरिका का कहना है कि अगर चुनाव पारदर्शी तरीके से नहीं हुए तो वह बांग्लादेश के अधिकारियों या फिर शेख हसीना के करीबियों के वीजा पर बैन लगा देगा।बांग्लादेश में कुल 300 सीटें हैं। पिछले चुनाव में आवामी लीग, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जातीयो पार्टी चुनाव बाद सबसे बड़े राजनीतिक दल के तौर पर उभरे थे। 300 में से 290 सीटें इन्हें ही मिली थीं। लेकिन इस बार मुख्य प्रदिद्वंदी बीएनपी ने पूरी तरह चुनाव का बहिष्कार किया है। सवाल है कि आखिर शेख हसीना ने इस बार बांग्लादेश में ऐसा क्या कर दिया कि विपक्ष चुनाव ही नहीं लड़ना चाहता।

### पीएम के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' के लिए रिकॉर्ड 1 करोड़ छात्रों-शिक्षकों ने कराया पंजीकरण



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बातचीत कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा 2024' के 7वें संस्करण के लिए शुक्रवार तक माईगॉव पोर्टल पर एक करोड़ से अधिक स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कक्षा 6 से 12वीं के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए ऑनलाइन एमसीक्यू प्रतियोगिता 11 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी के बीच माईगॉव पोर्टल पर लाइव है। 5 जनवरी तक 90 लाख से अधिक छात्र, 8 लाख से अधिक शिक्षक और लगभग 2 लाख अभिभावक अब तक पंजीकरण करा चुके हैं। शिक्षा मंत्रालय की एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, "यह देश भर के छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दर्शाता है, जो इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने और प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अनूठे इंटरेक्टिव कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) में देशभर के साथ-साथ विदेशों से भी छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षाओं और स्कूल के बाद के जीवन से संबंधित चिंताओं पर चर्चा करने के लिए उनके साथ बातचीत करते हैं। यह आयोजन शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा पिछले छह वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष कार्यक्रम 29 जनवरी को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 4000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक और कला उत्सव और वीर गाथा प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट में राजमा की कानूनी जंग हार गई सेना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

साल 2011 में आर्मी पर्चेज ऑर्गेनाइजेशन यानी एपीओ की तरफ से 1200 टन राजमा के लिए टेंडर जारी किया गया था। रक्षा सेवाओं को यह आपूर्ति 4.44 करोड़ रुपये में की जानी थी। इसका कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने वाले केंद्रीय भंडार ने 44.5 लाख रुपये की बैंक गारंटी दी थी। बाद में राजमा की क्वालिटी पर सवाल उठे और एपीओ यानी आर्मी पर्चेज ऑर्गनाइजेशन की तरफ से कॉन्ट्रैक्ट को रद्द कर दिया गया। इसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने इस मामले की सुनवाई की। रक्षा मंत्रालय की ओर से एटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने अपना पक्ष रखा। कोर्ट ने एटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से कहा कि यहां कॉन्ट्रैक्ट का उल्लंघन हुआ है और एपीओ को यह साबित करना होगा कि खुले बाजार से राजमा खरीदने के चलते उसे नुकसान हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा आपको यह बताना होगा कि आपको कितना नुकसान हुआ है। ट्रायल कोर्ट और हाईकोर्ट दोनों ने ही अवॉर्ड को बरकरार रखा है। अब इस मामले में हमें दखल क्यों देना चाहिए। दरअसल कोर्ट ने एपीओ को केंद्रीय भंडार को बैंक गारंटी की रकम 7.5 फीसदी ब्याज दर के साथ लौटाने के आदेश दिए गए थे। दरअसल, यह कॉन्ट्रैक्ट साल जनवरी 2012 में रद्द किया गया था। जब तक दोनों के बीच यह कॉन्टैक्ट रद्द होता, तब तक केंद्रीय भंडार रक्षा मंत्रालय को 310 टन राजमा की सप्लाई कर चुका था। साथ ही केंद्रीय भंडार की तरफ से दी गई गारंटी को भी निकाल लिया गया। इसके बाद जब केंद्रीय भंडार की ओर से गारंटी की रकम वापस मांगी गई, तब आर्मी पर्चेज ऑर्गनाइजेशन ने तर्क दिया कि उन्हें खुले बाजार से राजमा खरीदना पड़ा था।



वहीं, इसी मामले में बनाए गए मध्यस्थ ने पाया था कि इस बात के कोई सबूत नहीं हैं कि आर्मी पर्चेज ऑर्गनाइजेशन ने केंद्रीय भंडार की तरफ से दी गई कीमत से अधिक महंगे दाम पर बाजार से राजमे की खरीद की थी। 'राजमा' को लेकर जारी सेना और केंद्रीय भंडार के बीच कानूनी जंग पर सुप्रीम कोर्ट ने विराम लगा दिया है, क्योंकि रक्षा मंत्रालय केंद्रीय भंडार से सेना के लिए राजमा की आपूर्ति को लेकर जारी कानूनी जंग हार गया है। रक्षा मंत्रालय केंद्रीय भंडार से सेना खरीद संगठन (एपीओ) को राजमा की कम आपूर्ति पर एक दशक पुरानी कानूनी लड़ाई हार गया, जिसे मध्यस्थ ने 2012 से 7.5% ब्याज के साथ केंद्रीय भंडार को 44.5 लाख रुपये की नकद बैंक गारंटी राशि वापस करने का निर्देश दिया था।यहां ध्यान देने वाली बात है कि रक्षा मंत्रालय और केंद्रीय भंडार के बीच राजमा को लेकर कानूनी जंग लंबे समय से जारी थी। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय बेंच ने दिल्ली हाईकोर्ट और ट्रायल को कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें गारंटी की राशि को वापस लौटाने के लिए कहा गया था।

# झारखंड तीसरा राज्य जहां राहुल सबसे ज्यादा यात्रा करेंगे

**एजेंसी। रांची**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अगले माह से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत करने जा रहे हैं। उनकी इस यात्रा से झारखंड के लोग भी उत्साहित दिख रहे है। हो सकता है कि इस उत्साह के चलते राहुल गांधी ने अपना ज्यादा समय झारखंड को देने का निर्णय किया हो। वजह जो भी रही हो,पर इतना जरुर है कि राहुल गांधी आठ दिनों तक झारखंड में रहेंगे और इस दौरान 804 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। झारखंड के पांच प्रमंडलों के 13 जिलों में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा होगी। फरवरी की शुरुआत में न्याय यात्रा का कारवां झारखंड के संताल परगना पहुंचेगा। इस तरह देशभर के 13 राज्यों में झारखंड तीसरा ऐसा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा किलोमीटर की यात्रा होगी



और जिले कवर होंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने इसका शिड्यूल जारी कर दिया है। राहुल गांधी की यह यात्रा 14 जनवरी से मणिपुर के इंफाल से शुरू होगी। 20 मार्च को मुंबई में इसका समापन होगा। झारखंड में दो चरणों में यह यात्रा होगी। पहले चरण में 11 जिलों में यात्रा निकाली जाएगी, जबकि दूसरे चरण में पलामू-गढ़वा में यात्रा पहुंचेगी फिर बिहार निकल जाएगी। पश्चिम बंगाल से झारखंड के संताल परगना में न्याय यात्रा प्रवेश करेगी। झारखंड के दुमका, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी, सरायकेला, जमशेदपुर, चाईबासा, पलामू और गढ़वा में न्याय यात्रा का कारवां जाएगा। न्याय यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों में 66 दिनों तक निकलेगी।यह यात्रा 6713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इसमें सामाजिक न्याय और जनता के मूल सवालों महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और मजदूरों की दयनीय स्थिति, जातिगत जनगणना जैसे मसलों पर जन-जागरण करेगी। देशभर के 13 राज्यों में झारखंड तीसरा ऐसा राज्य है जहां सबसे ज्यादा किलोमीटर की यात्रा होगी और जिले कवर होंगे। सबसे ज्यादा उत्तरप्रदेश के 20 जिलों में भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरेगी। 11 दिनों में वहां 1074 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। इसी तरह असम में आठ दिनों में 17 जिलों में न्याय यात्रा 833 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। आपको बता दें कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का कारवां झारखंड से नहीं गुजरा था। प्रदेश कांग्रेस ने आलाकमान के निर्देश पर उपयात्रा निकाली, जिसमें झारखंड देशभर में अव्वल रहा था। इसी का नतीजा है कि झारखंड के 13 जिलों में आठ दिन में 804 किलो मीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा होगी। न्याय यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों में 66 दिनों तक निकलेगी। यह यात्रा 6713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इसमें सामाजिक न्याय और जनता के मूल सवालों महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और मजदूरों की दयनीय स्थिति, जातिगत जनगणना जैसे मसलों पर जन-जागरण करेगी। देशभर के 13 राज्यों में झारखंड तीसरा ऐसा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा किलोमीटर की यात्रा होगी और जिले कवर होंगे।

### AAP ने स्वाति मालीवाल को राज्यसभा कैंडिडेट बनाया

**नई दिल्ली ।** दिल्ली की 3 राज्यसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (AAP) ने अपने कैंडिडेट घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने दिल्ली महिला आयोग (DCW) चीफ स्वाति मालीवाल, संजय सिंह और नारायण दास गुप्ता को टिकट दिया है। संजय सिंह शराब घोटाले में अभी जेल में बंद हैं। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें जेल से ही चुनाव लड़ने की अनुमति दे दी है। इसके बाद उन्होंने जेल से ही चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है। उनका यह दूसरा कार्यकाल होगा। वहीं, पेशे से चार्टर्ड एकाउंटेंट नारायण दास गुप्ता का भी ये दूसरा टर्म होगा। 27 जनवरी को दिल्ली में राज्यसभा की 3 सीटें खाली होने वाली हैं।

# लक्षद्वीप में पीएम ने गुजारे फुर्सत के छण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 के शुरुआती दिनों में तमिलनाडु, केरल के साथ-साथ लक्षद्वीप के दौरे पर थे। इस दौरान पीएम मोदी ने लक्षद्वीप में मौजूद बीच पर फुर्सत के कुछ पल गुजारे। इस दौरान पीएम मोदी ने स्नोरकेलिंग भी की, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। भारतीय जनता पार्टी के आधिकारिक हैंडल से अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर तस्वीरें शेयर की गईं। वहीं बीजेपी और पीएम मोदी के लाखों समर्थकों ने भी इन तस्वीरों को शेयर किया। इसके बाद मानों जैसे गूगल पर लक्षद्वीप को लेकर सर्चिंग की बाढ़ सी आ गई। बुधवार को, जब पीएम मोदी आईलैंड पर थे। तब भारत के लोग गूगल



पर नई ट्रैवल डेस्टिनेशन की खोज में थे। लक्षद्वीप' भारत में गूगल पर नौवां सबसे ज्यादा खोजा जाने वाला शब्द था। उस दिन 50,000 से अधिक सर्चिंग हुई। बता दें कि पीएम मोदी कोच्चि-लक्षद्वीप द्वीपसमूह सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन का उद्घाटन करने और कई विकासात्मक परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करने के लिए 2 और 3 जनवरी को लक्षद्वीप में थे। अपने प्रवास के दौरान, उन्होंने आईलैंड की सुंदरता का आनंद लेकर यात्रियों से इस आईलैंड को देखने का आग्रह किया। इस लक्षद्वीप के टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पीएम मोदी का एक बड़ा कदम माना जा रहा है। बता दें कि साल 2021 में जब पूरा देश कोरोना के चपेट से उबर रहा था,तब प्रधानमंत्री मोदी कश्मीर में बने टूलिप गार्डन का दौरा कर उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। इसके बाद टूलिप गार्डन देखने वालों की बाढ़ आ गई थी। अगर वायरल तस्वीरों के साथ पीएम मोदी की अपील वास्तव में भारतीयों को लक्षद्वीप की यात्रा के लिए प्रेरित करती है, तब इसका सीधा नुकसान मालदीव को होगा। यह तथ्य है कि लक्षद्वीप मालदीव की तुलना में बहुत सस्ता है, लागत के प्रति संवेदनशील भारतीय यात्रियों को भारी प्रोत्साहन देगा।

# खून के बदले सिर्फ प्रोसेसिंग शुल्क ही लें

## अस्पतालों और निजी ब्लड बैंकों को एडवाइजरी जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने अस्पतालों और निजी ब्लड बैंकों में रक्त के बदले मोटी रकम वसूलने वालों पर अंकुश रखने के लिए एडवाइजरी जारी की है। इस नए फैसले के तहत ब्लड बैंक या अस्पताल से खून लेने पर अब प्रोसेसिंग शुल्क के अलावा किसी तरह का कोई चार्ज नहीं लगेगा। सरकार ने यह निर्देश इस बाबत जारी किया है कि खून बेचने के लिए नहीं होता है। समूचे भारत के ब्लड बैंक को यह एडवाइजरी जारी कर दी गई है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस निर्णय का पालन करने और राष्ट्रीय रक्त आधान परिषद (एनबीटीसी) के संशोधित दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए कहा



है। इसकी बता दें कि रक्तदान न करने की स्थिति में निजी अस्पताल और ब्लड बैंक औसतन 2,000 रुपये से 6,000 रुपये प्रति यूनिट वसूल लेते हैं। इसके अलावा ब्लड की कमी या दुर्लभ ब्लड ग्रुप के मामले में, शुल्क 10,000 रुपये से अधिक है। वहीं ब्लड डोनेट करने के बाद भी लोगों से प्रोसेसिंग शुल्क हमेशा लिया जाता है। हालांकि, नए दिशानिर्देशों के तहत, केवल प्रोसेसिंग शुल्क लिया जा सकता है, जो रक्त या रक्त घटकों के लिए 250 रुपये से 1,550 रुपये के बीच है। उदाहरण के लिए, संपूर्ण रक्त या पैक्ड रेड ब्लड सेल्स का वितरण करते समय 1,550 रुपये का शुल्क लगाया जा सकता है, जबकि प्लाज्मा और प्लेटलेट के लिए शुल्क 400 रुपये प्रति पैक होगा। सरकारी नियम क्रॉस-मैचिंग और एंटीबॉडी परीक्षण सहित रक्त पर अतिरिक्त परीक्षण चलाने के लिए अन्य शुल्क भी तय करते हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, सरकार का यह फैसला रोगियों के अनुकूल है, खासकर उन लोगों के लिए जो थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया जैसे रक्त विकारों के कारण नियमित रक्त संक्रमण से गुजरते हैं या सर्जरी से गुजर रहे रोगियों के लिए।

### अयोध्या एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने पर मंजूरी, कैबिनेट में प्रस्ताव पास



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने शुक्रवार को अयोध्या एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने पर मंजूरी दे दी है। इसका नाम महर्षि वाल्मिकी इंटरनेशनल एयरपोर्ट अयोध्याधाम रखा गया है। सरकार ने प्रस्ताव में कहा कि अयोध्या की आर्थिक क्षमता और ग्लोबल तीर्थस्थल के तौर पर इसके महत्व को बढ़ाने, विदेशी तीर्थयात्रियों और टूरिस्ट की सुविधा के लिए अयोध्या एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट का दर्जा देना जरूरी है।

# शोपियां में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बढ़ती ठंड और बारिश के बीच आतंकी लगातार भारत में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे है। भारतीय सुरक्षा बलों की बहादुरी और सूझबूझ के कारण उनके मंसूबे कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। शुक्रवार को सुरक्षाबलों को सूचना मिली की शोपिया में कुछ आतंकी छिपे हुए हैं। इस पर जवानों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उनकी घेराबंदी कर दी। इस पर आतंकियों ने फायरिंग की जिसके जवाब में सेना ने भी गोलीबारी की। दोनों तरफ से फायरिंग जारी है और खबर लिखे जाने तक फायरिंग चल रही थी।



पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर जिले के चोटीगाम इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने सुबह वहां इलाके की घेराबंदी की और तलाश अभियान शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया कि तलाश अभियान उस समय मुठभेड़ में तब्दील हो गया, जब आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की और सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

## एक नजर

### उज्जीवन एसएफबी ने मैक्सिमा बचत और बिजनेस मैक्सिमा चालू खाता किया आरंभ

**संवाददाता रांची।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने प्रीमियम ग्राहक वर्ग के लाभार्थ मैक्सिमा बचत खाता और बिजनेस मैक्सिमा चालू खाता आरंभ किया है।

इन नई पेशकशों के माध्यम से उज्जीवन ने विभिन्न प्रकार की सेवाएं और लाभ प्रदान करके अपने नए और मौजूदा दोनों ग्राहकों के बैंकिंग अनुभव को शानदार और और बेहतर बनाने का लक्ष्य बनाया है। इन उत्पादों को ग्राहकों को उनकी अलग-अलग वित्तीय और बैंकिंग ज़रूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न लाभ, बेहतर सुविधाए और एक प्रीमियम अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। मैक्सिमा बचत खाते पर वार्षिक ब्याज दर 7.5% तक है, जो इंडस्ट्री में सबसे अधिक है, और ग्राहक एक लाख रुपये के साथ खाता खोल सकते हैं। ग्राहकों को मैक्सिमा बचत खाते की शेष राशि पात्रता मानदंडों को पूरा करने के लिए सावधि जमा में 15 लाख रुपये या उससे अधिक राशि बनाए रखने की सुविधा भी दी गई है, एक ऐसा विकल्प, जो दूसरे मानक बचत खातों में नहीं मिलता। मैक्सिमा बचत खाते द्वारा दी जाने वाली अन्य रोमांचक सेवाओं में शामिल हैं उच्च लेनदेन सीमा, मुफ़्त चेक और डीडी जारी करना, सभी चैनलों पर मुफ़्त लेनदेन और किसी भी शाखा में असीमित नक़द जमा और निकासी। मैक्सिमा बचत खाते के साथ उपयुक्त ग्राहकों को एक मानार्थ हेल्थ प्राइम बेनेफिट प्रदान करने की भी सुविधा दी गई है। बिजनेस मैक्सिमा चालू खाता व्यवसायों और उद्यमियों को उनकी विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई सेवाओं के वास्ते एक व्यापक आधार प्रदान करता है। इसमें सुविधाजनक ऑनलाइन बैंकिंग, तत्काल फंड ट्रांसफर और नक़द प्रबंधन विकल्प शामिल हैं। इसकी उल्लेखनीय विशेषताओं में शामिल हैं व्यवसायों के लिए अपनी नक़दी जमा सीमा को स्वयं परिभाषित करने की क्षमता, प्रति दिन 5 लाख रुपये की उच्च दैनिक एटीएम निकासी सीमा, व्यापारियों के लिए खाता सेवाओं जैसी बैंकिंग सेवाओं से परे प्रावधान, और पीओएस सेवाओं के लिए मुफ़्त स्थापना और किराया शुल्क। इसके अलावा, बिज़नेस खाताधारकों को उनकी अनुकूलित बैंकिंग आवश्यकताओं के लिए मार्गदर्शन और सेवा प्रदान करने हेतु उन्हें विशेषज्ञ रिलेशनशिप मैनेजरों से संवाद करने की सुविधा भी मिलेगी।

### हॉकी इंडिया को दिए 5 करोड़ रुपएः हॉकी ओलिंपिक क्वालिफायर मैच में दर्शकों की एंट्री निःशुल्क

**रांची।** मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में गुरुवार को एफआईएच हॉकी ओलिंपिक क्वालिफायर के लिए खेल विभाग और हॉकी इंडिया के बीच एमओयू हुआ। इसके तहत झारखंड सरकार ने हॉकी इंडिया को स्पॉन्सरशिप के रूप में पांच करोड़ रुपए दिए। इसके अलावा सरकार सफाई, सुरक्षा आदि सुविधाएं भी मुहैया कराएगी। इस मौके पर खेल सचिव मनोज कुमार ने कहा कि एमओयू के तहत स्पॉन्सरशिप एग्रीमेंट साइन किया गया है। इसमें झारखंड सरकार ने पांच करोड़ रुपए दिए हैं। क्वालिफायर मैचों में दर्शकों को फ्री एंट्री दी जाएगी। वहीं हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि इस टूर्नामेंट का भी सफल आयोजन कर हम झारखंड का नाम विश्व स्तर पर ले जाएंगे।

इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग ले रही हैं। इनमें से शीर्ष तीन टीमें ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई करेंगी। गौरतलब है कि हाल ही में हुए एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सरकार की ओर से स्पॉन्सरशिप के रूप में 10 करोड़ रुपए दिए गए थे। एमओयू के वक्त खेल निदेशक सुशांत गौरव, हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन, भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच, कैप्टन और टीम के सदस्य भी मौजूद थे।

**लघु उद्योग भारती रांची महानगर इकाई की बैठक में कई विषयों पर चर्चा**

# सरकारी विभागों व उपक्रमों में विपत्र भुगतान पर देरी पर उद्यमियों ने जतायी चिंता




**संवाददाता रांची।** लघु उद्योग भारती रांची महानगर इकाई की बैठक बरियातू रोड स्थित श्री महावीर विकलांग सहायता समिति रांची के प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता रांची महानगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने की। बैठक का संचालन सचिव सत्य प्रकाश पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त सचिव मनीष सिंह ने किया। बैठक में मुख्यतः स्थानीय उद्यमियों के समक्ष आ रही चुनौतियों और समस्याओं पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। संस्था के सदस्यों ने सबसे गंभीर समस्या के रूप में सरकारी विभागों, उपक्रमों द्वारा विपत्र भुगतान में असाधारण विलंब को चिन्हित किया। सरकारी विभाग यथा रिम्स, सदर अस्पताल, पीएचडी, पीडब्लूडी, नगर निगम आदि विभागों में विपत्र भुगतान की गति अत्यंत धीमी है, जिसके कारण संबंधित उद्यमियों के समक्ष गंभीर वित्तीय संकट बन जा रहा है। बाजार में साख पर खराब असर पड़ रहा है। कई प्रतिष्ठान बंद होने के कागार पर है। ऐसी स्थिति में इस विषय पर केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अधिसूचना के अनुसार 45 दिनों के अंदर विपत्र भुगतान या विलंब होने पर बैंक ब्याज दर का तीन गुणा चक्रवृद्धि ब्याज की दर से भुगतान किया जाना चाहिए। इस गंभीर समस्या के समाधान हेतू एक उप समिति का गठन किया गया है। जिसके सदस्य ओम प्रकाश अग्रवाल के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर समाधान हेतू प्रयास करेंगे। यह भी पाया गया है कि राज्य में स्थित वित्तीय संस्थाएं बैंक केंद्र सरकार की योजनाएं यथा मुद्रा ऋण योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रति उदासीन रवैया है। इसके कारण राज्य के सुक्ष्म उद्योग, कुटीर उद्योग के विकास का मार्ग बाधित है। इसके लिए भी उपसमिति क गठन किया गया। बैठक में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के उपक्रमों द्वारा झारखंड स्थित उद्यमों से खरीद में प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक में सूबे के विभिन्न बोर्ड जैसे राज्य स्तरीय बैकर्स समिति, जियाडा, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आदि में लघु उद्योग भारती का प्रतिनिधित्व के लिए प्रयास करने का निर्णय लिया गया। बैठक में लघु उद्योग भारती के प्रांतीय अध्यक्ष विजय छापरिया ने संगठन के अखिल भारतीय स्वरूप तथा केंद्र द्वारा तय किये गये सांगठनिक कार्यो पर प्रकाश डाला तथा संगठन का विस्तार करने पर भी जोर दिया। बैठक में प्रांतीय सचिव प्रकाश हेतमसरिया, अजय कुमार, अखिलेश्वर नारायण राय, रतन अग्रवाल, रामचंद्र कुमार, मधुसूदन अग्रवाल, अरविंद नाथ, भरत अग्रवाल, रांची महिला इकाई की अध्यक्ष सरिता पांडे, सचिव नीतू सिंह, कोषाध्यक्ष सुचित्रा छापड़िया, आशा सिन्हा, अनिता पांडे, वीणा सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# जय सरना फुटबॉल टुर्नामेंट में जेएसएफ क्लब बरतुआ विजयी



**संवाददाता रांची।** ओरमांझी के शिव शिष्य परिवार के सौजन्य से जेएसएफ क्लब बरतुआ गणेशपुर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय जय सरना फुटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन पंचायत खेल मैदान बरतुआ में हुआ। फाइनल मैच नायक ब्रांड जंगल एफसी ओरमांझी बनाम जेएसएफ क्लब बरतुआ के बीच खेला गया । निर्धारित समय पर दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। इसके बाद ट्राइब्रेकर में ओरमांझी ने बरतुआ को 3-2 से पराजित कर खिताब हासिल किया। सेमीफाइनल मैच ओरमांझी बनाम केदल के बीच के बीच खेला गया। जिसमें ओरमांझी ने केदल को 1-0 से पराजित किया। दुसरा सेमीफाइनल मैच बरतुआ बनाम नायक ब्रदर्स गेतलसूद के बिच खेला गया। जिसमें बरतुआ ने गेतलसूद को 2-0 से पराजित कर फाइनल में पहुंचा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिव शिष्य परीवार के आर्चित आनंद और बरखा सिंह ने विजेता को 35 हजार नगद एवं बड़ा शिल्ड, उपविजेता टीम बरतुआ को 25 हजार रुपये नगद एवं छोटा शिल्ड देकर सम्मानित किया । ओरमांझी प्रखंड के प्रमुख अनुपमा देवी एवं जिला परिषद सदस्य ओरमांझी पुर्वी सरिता देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया का उद्घाटन किया। अतिथि के रूप में रिपब्लिकन पार्टी के प्रदेश महा सचिव प्रीतम साड लोहरा मैच तीसरे एवं चौथे स्थान पर रहे टीमें गेतलसूद और केदल को 5100 /- 5100/- नगद एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया ।अवसर पर , अध्यक्ष प्रवेश भोगता ( पंचायत समिति सदस्य, जयडिहा), सचिव बिनोद बेदिया (पुर्व मुखिया जयडिहा) संरक्षक चंद्रशेखर चौधरी , शंकर करमाली ग्राम प्रधान बरतुआ, उपाध्यक्ष मोहित करमाली, कोषाध्यक्ष रामराज महतो, मिडिया प्रभारी संतोष , परमेश्वर गंझू, बालकिशोर मुंडा, अमरनाथ भोगता, विपत करमाली ,शिवनारायण महतो , कामेश्वर बेदिया, आदि हजारों दर्शक उपस्थित थे।

## शॉप इंचार्ज पर होगी कार्रवाईः एचईसी प्रबंधन ने सुनी मजदूरों की बात, कहा- छंटनी का सवाल ही नहीं




**हटिया।** एचईसी के डायरेक्टर पर्सनल एके बेहरा ने मजदूरों से कहा कि किसी ठेका मजदूरों की छंटनी मैनेजमेंट नहीं करेगा, ऐसी अफवाहों पर मजदूर ध्यान न दें। कहा कि कॉन्ट्रैक्ट रिन्यूअल, जीएसटी का पैसा बकाया है। हर समस्या पर प्रबंधन का ध्यान है। रजिस्टर में अटेंडेंस बनाने के लिए जो शॉप इंचार्ज मना करता है, वैसे इनचार्ज को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी। ये बातें एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ गुरुवार को एचईसी मुख्यालय में हुई वार्ता में बेहरा ने कहीं।

इससे पहले समिति की तरफ से ठेका मजदूरों के कॉन्ट्रैक्ट रिन्युअल करने, बोनस देने, रजिस्टर में हाजिरी बनाने और बकाया वेतन भुगतान जल्द से जल्द करने की बात कही गई। वार्ता में एचईसी के प्रबंधन की ओर से दीपक दुबे, प्रशांत कुमार, जबकि मोर्चा की तरफ से दिलीप सिंह, मनोज पाठक, वाई त्रिपाठी, प्रमोद कुमार, हरेंद्र प्रसाद यादव, रामकुमार नायक समेत अन्य लोग मौजूद थे।


**कल एफएफपी शेड में बैठक** : एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के हरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि आगामी 6 जनवरी शनिवार को एफएफपी शेड में पुनः एक बजे से अहम बैठक रखी गई है। इसलिए तमाम घटक दल और मजदूर उस दिन बैठक में जरूर शामिल हों, ताकि आगे की रणनीति बनाई जा सके।

# गांडेय उपचुनाव की जल्दी में JMM..निर्वाचन अधिकारी को लिखी चिट्ठीः हेमंत सोरेन को भेजे ED समन की मियाद खत्म



**रांची।** झारखंड में सियासी हालात तेजी से बदल रहे हैं। गांडेय सीट से सरफराज अहमद के इस्तीफे को तुरंत मंजूर करने के बाद अब जेएमएम वहां तुरंत उपचुनाव चाहती है। पार्टी की ओर से मुख्य निर्वाचन अधिकारी को चिट्ठी लिखी गई है। जिसमें गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराने का आग्रह किया गया है। वहीं सियासी हलचल के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंत्रालय पहुंचे हैं। नए साल में पहली बार वो मंत्रालय आए हैं। इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बयान दर्ज करने के लिए प्रर्वतन निदेशालय ने सात दिनों का वक्त दिया था। जो आज खत्म हो गया। 29 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सातवां और आखिरी समन जारी किया गया था। लेकिन सीएम हेमंत सोरेन अबतक जमीन घोटाला मामले में ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे हैं। ना ही उन्होंने मुख्यंमत्री कार्यालय की तरफ से भेजी गई चिट्ठी में पूछताछ के लिए समय और तारीख बताई है। अब सवाल है कि आगे क्या होगा ? झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गांडेय में उपचुनाव कराने का आग्रह करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को एक चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में लिखा है कि 31.12.2023 को गांडेय विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित डॉ सरफराज अहमद ने इस्तीफा दे दिया है। झारखंड विधानसभा ने इसे स्वीकार कर लिया है। 31दिसंबर 2023 के प्रभाव से यह सीट अब रिक्त है। भारत निर्वाचन आयोग ने 9 अक्टूबर 2018 के प्रेस नोट में साफ है कि एक साल से ज्यादा की समय बाकी होने की स्थिति में छह महीने में उपचुनाव कराना आवश्यक है। इसलिए आग्रह है कि इस सीट पर अविलंब चुनाव कराया जाए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने आखिरी बार 29 दिसंबर को समन जारी किया था। इस समन में सात दिनों के अंदर बयान दर्ज करा लेने का जिक्र था। इसी चिट्ठी में सीएम को दो दिनों में जगह और वक्त बताने के लिए कहा गया था। सीएम से लिखित रूप में इसकी जानकारी मांगी गई थी। ईडी ने समन का आधार बड़गाई अंचल के राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप के मामले मं दर्ज ईसीआरआर की संख्या आरएनजेओ/25/30 को आधार बनाया था और समन में बताया था कि सरकारी दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ का मामला है। इसी समन में सीएम हेमंत सोरेन को ईडी ने लिखा इस मामले की जांच के दौरान अब तक आपको छह समन भेजे गए। आप एक बार भी पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। आपने चिट्ठी भेजकर जो कारण बताए वो निराधार हैं। पूछताछ के लिए आपके उपस्थित ना होने की वजह से जांच में बाधा आ रही है। आपको पीएमएलए -2002 की धारा 50 के तहत अपना बयान दर्ज कराने का आखिरी मौका दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के सातवें समन का जवाब ईडी कार्यालय भेजा। चर्चा है कि इस चिट्ठी में पूछताछ के लिए वक्त और समय तो नहीं बताया गया है, लेकिन ईडी को लिखा कि कैसे किसी भी समन से पहले मीडिया तक समन की जानकारी पहले पहुंच जाती है। मीडिया ट्रायल शुरू हो जाता है। वो जांच में सहयोग करना चाहते है, लेकिन ईडी का तरीका सही नहीं है। ईडी के 7वें समन में यह भी जिक्र था कि अगर आपने इसे नहीं माना तो यह समझा जायेगा कि आप जान-बूझकर ईडी द्वारा भेजे गये समन का अनुपालन नहीं करना चाहते। अब चर्चा तेज है कि ईडी पूछताछ के लिए कोई बड़ा फैसला ले सकती है। हालांकि ईडी आगे क्या करेगी, इसे लेकर अलग-अलग तरह की चर्चा है।

# वित्त मंत्री ने दी मंजूरीः झारखंड में बनेगा स्पोर्ट्स हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग एंड इंजरी सेंटर



**रांची।** झारखंड के खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है। अब राज्य में स्पोर्ट्स हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग एंड इंजरी सेंटर बनेगा। खेलकूद विभाग के इस प्रस्ताव पर खेल मंत्री हफीजुल हसन के बाद वित्त व योजना मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने भी मंजूरी दे दी है। विभाग अब इस प्रस्ताव को कैबिनेट में भेजेगा। पहले चरण में इस सेंटर पर 25 करोड़ रुपए खर्च होंगे। राज्य योजना प्राधिकृत समिति पहले ही इसकी स्वीकृति दे चुकी है। झारखंड और बिहार का यह पहला सेंटर होगा। इस सेंटर में हॉकी, क्रिकेट, फुटबॉल, तीरंदाजी और एथलेटिक्स सहित अन्य खिलाड़ियों के रहने और बेहतर ट्रेनिंग देने की सुविधा होगी। घायल होने पर उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों से इलाज की सुविधा भी मिलेगी। ठीक होने पर उन्हें फिटनेस सर्टिफिकेट मिलेगा। दरअसल घायल होने या बीमार होने पर मैच या टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को ऐसे सेंटर से फिटनेस की जरूरत होती है। अभी झारखंड के खिलाड़ियों को दूसरे राज्यों से सर्टिफिकेट लेना पड़ता है। इससे खिलाड़ियों को बेवजह परेशानी झेलनी पड़ती है। खेलकूद विभाग ने प्रस्ताव में कहा है कि यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय खेल, एशियाई खेल, विश्व चैंपियनशिप, कॉमनवेल्थ गेम्स और ओलिंपिक खेलों में सराहनीय प्रदर्शन करते रहे हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर आए हैं। राज्य के खिलाड़ियों में प्रतिभा की काफी संभावनाएं है। राज्य सरकार तीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित कर चुकी है। पांच और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाए जाने हैं। प्रतिभा खोज और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सशक्त खिलाड़ियों को चिह्नित करना जरूरी है। इसीलिए इस सेंटर की जरूरत है। 2036 ओलिंपिक पर भी नजरः खेल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस सेंटर की स्थापना के बाद खिलाड़ियों के पुनर्वास, इंजरी मैनेजमेंट और टैलेंट हंट के क्षेत्र में अभू तपूर्व परिणाम दिखेंगे। इससे वर्ष 2036 में आयोजित होने वाले ओलिंपिक खेलों में झारखंड के लिए पदक जीतने की उम्मीद भी बढ़ जाएगी। ओलिंपिक में राज्य के खिलाड़ियों द्वारा जीता गया एक भी पदक इस केंद्र की स्थापना के औचित्य को न्यायसंगत बनाएगा। वर्तमान में असम, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, नई दिल्ली, कर्नाटक, पंजाब और ओडिशा में यह सेंटर है। इसकी स्थापना अभिनव फ्यूचरिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड (एएफपीएल) के सहयोग से किया गया है। राज्य सरकार ने इसकी स्थापना के लिए इस एजेंसी के साथ ही राष्ट्रीय स्तर की अन्य एजेंसियों से भी जानकारी ली है। ओडिशा के कलिंगा स्टेडियम में संचालित यह सेंटर सबसे उत्कृष्ट है। यह खिलाड़ियों को तराशने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। इस मॉडल के अलावा विभिन्न सरकारों द्वारा चयनित एजेंसियों के माध्यम से यहां इस सेंटर की स्थापना कराई जाएगी।

# झारखंड के 13 जिलों से गुजरेगी राहुल गांधी की यात्राःफरवरी महीने की शुरूआत में पश्चिम बंगाल के रास्ते झारखंड में प्रवेश करेंगे राहुल



**रांची।** राहुल गांधी भारत जोड़ा यात्रा के बाद अब न्याय यात्रा पर निकल रहे हैं। इस यात्रा में झारखंड की अहम भूमिका होगी क्योंकि यात्रा झारखंड के पांच प्रमंडल और 13 जिलों से होकर गुजरेगी। 14 जनवरी को मणिपुर के इंफाल से इस यात्रा की शुरुआत हो रही है। फरवरी की शुरुआत में यह झारखंड से होकर गुजरेगी। झारखंड की आठ दिनों की यात्रा में 804 किलोमीटर की दूरी तय करने का लक्ष्य रखा गया है। यात्रा का समापन 20 मार्च को मुंबई में होना है। झारखंड में इस यात्रा को दो चरणों में पूरा किया जाना है। पहले चरण में 11 जिलों से होकर यह यात्रा निकलेगी। दूसरे चरण में दो जिलों में यह यात्रा पहुंचेगी। पहले चरण मे जिन जिलों से यह यात्रा निकल रही है उसमें दुमका, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी, सरायकेला, जमशेदपुर, चाईबासा, पलामू और गढ़वा है जबकि दूसरे चरण में पलामू और गढ़वा यह यात्रा पहुंचेगी। राहुल गाधी की यात्रा पश्चिम बंगाल से होते हुए झारखंड के संताल परगना में प्रवेश करेगी। यह यात्रा सिर्फ झारखंड ही नहीं 15 राज्यों के 110 जिलों में 66 दिनों तक चलने वाली है। इस यात्रा में राहुल गांधी 6713 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इस यात्रा में झारखंड की भूमिका इसलिए भी अहम मानी जा रही है क्योंकि देशभर के 13 राज्यों से होकर गुजरने वाली इस यात्रा में झारखंड तीसरा ऐसा राज्य है जहां सबसे ज्यादा किलोमीटर की यात्रा होगी और जिले कवर होंगे। ध्यान रहे कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का कारवां झारखंड से नहीं गुजरा था।

प्रदेश कांग्रेस ने आलाकमान के निर्देश पर कांग्रेस ने यात्रा निकाली थी लेकिन इस बार राहुल गांधी की न्याय यात्रा झारखंड के 13 जिलों से होकर गुजरेगी। इस यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। झारखंड के 13 जिलों में आठ दिन में 804 किलो मीटर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा होगी।

# झामुमो से कौन लड़ेगा गांडेय उपचुनाव



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोरचा ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार पर जांच एजेंसियों के इस्तेमाल का आरोप लगाया। पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि गांडेय उप चुनाव कौन लड़ेगा ? इस सवाल पर केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुपियो भट्टाचार्य ने कहा, चुनाव के ऐलान से पहले प्रत्याशी की घोषणा हो जाती है क्या ? गांडेय विधायक का इस्तीफा क्यों हुआ? इस पर सुप्रियो बोले, सरफराज अहमद ही इसका जवाब देंगे। उन्होंने जवाब दिया भी है। पत्रकारों ने फिर पूछा कि जेएमएम तुरंत क्यों चुनाव चाहती है ? इस पर उन्होंने जवाब दिया, हमारे विधायक कम हुए हैं, इसलिए चाहते हैं। इस पर फिर सवाल किया गया कि विधायक को इस्तीफा देने से क्यों रोका नहीं गया ? इस पर सुप्रियो बोले यह विधायक की मर्जी है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि भाजपा देश के कई राज्यों में यही कर रही है। गांडेय में चुनाव कराया जा सकता है। एक साल से ज्यादा का समय बचा है, तो वह विधानसभा क्षेत्र ऐसे ही छोड़ा नहीं जा सकता है। अगर एक साल से कम है तो यह बाध्यकारी नहीं है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि हाउस का सांस लेना जरूरी है। भाजपा में अब, तो नया मामला पक रहा है। उन्होंने सरकार को नुकसान पहुंचाया है। अगर उनकी चले तो वो बुलडोज कर दें लेकिन आप कर नहीं पा रहे हैं। कितने दिन सताइयेगा मई का महीना आ रहा है लोग तैयार है, जवाब देने क लिए। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, राजनीतिक दल को राजनीति लड़ाई लड़नी चाहिए । व्यक्तिगत शत्रुता नहीं होनी चाहिए। पॉलिटिकल टारगेट किलिंग नहीं होनी चाहिए, जिसका प्रयास किया जा रहा है।

हर दिन एक सिगुफा छोड़ा जा रहा है भाजपा के द्वारा। भाजपा हमें राजनीतक तौर पर परास्त नहीं कर सकी। उनका पोल खुल चुका है, उनका ढोल भी फट चुका है यही वजह है कि तमाम चीजें हो रही है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुप्रियो भट्टाचार्य ने निशिकांत दुबे के सवाल पर कहा कि उन्होंने गाइड करने की कोशिश की है और वो यही करते हैं। इनके निर्देश पर एक महिला की सदस्यता चली जाती है, यह लोकतंत्र के खिलाफ।

# महेंद्र सिंह धोनी से 15 करोड़ की धोखाधड़ीः कंपनी ने धोनी के नाम पर एकेडमी खोली, फीस और प्रॉफिट नहीं दिया



**रांची।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने दो पूर्व बिजनेस पार्टनर पर 15 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उन्होंने रांची की सिविल कोर्ट में अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास के खिलाफ केस फाइल किया है। कंपनी और महेंद्र सिंह धोनी के बीच साल 2017 में करार हुआ था। धोनी का आरोप है कि कंपनी ने करार के दौरान किए गए समझौते का पालन नहीं किया। इसकी वजह से उन्हें 15 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। एग्रीमेंट में अरका स्पोर्ट्स फ्रेंचाइजी फीस का भुगतान और प्रॉफिट शेयर करने के बात थी, लेकिन कंपनी ने ऐसा नहीं किया। महेंद्र सिंह धोनी ने कंपनी को कई नोटिस भेजे, लेकिन कंपनी ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की और ना ही लाभ में शेयर दिया। कंपनी से महेंद्र सिंह धोनी ने 15 अगस्त 2021 को करार खत्म कर लिया। महेंद्र सिंह धोनी ने क्रिकेट एकेडमी के लिए किए गए करार पर धोखा देने और आर्थिक नुकसान पहुंचाने के मामले में रांची के सिविल कोर्ट में केस किया है। कंपनी पर केस करने से पहले महेंद्र सिंह धोनी ने बातचीत कर हल निकालने की कोशिश की, फिर उन्हें कानूनी नोटिस भेजा। इसके बाद भी जब कंपनी ने कोई फैसला नहीं लिया तो अब मामला कोर्ट तक पहुंच गया है। कंपनी ने महेंद्र सिंह धोनी के नाम पर देश और विदेश में कई क्रिकेट एकेडमी खोले थे, लेकिन 2021 में समझौता खत्म होने के बाद उन्हें बंद कर दिया गया। मिहिर दिवाकर का जन्म 10 दिसंबर 1982 को बिहार के सिवान में हुआ था। मिहिर पूर्व डोमेस्टिक क्रिकेटर हैं। उन्होंने 1999 और 2009 के बीच 39 फर्स्ट क्लास और 36 लिस्ट ए मैच खेले। वे साल 2000 में खेले गए अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप के लिए भारत की टीम का हिस्सा थे।

## एक नजर

### कलशयात्रा के साथ पहुंचा अयोध्या धाम में पूजित अक्षत



**संवाददाता बोकारो थर्मल।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या धाम से पूजित अक्षत कलश शुक्रवार को आदिवासी बहुल पंचायत अरमो पहुंचा। अरमो स्थित शिव मंदिर से पूजा-अर्चना करके यात्रा के रुप में सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के साथ अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। अरमो से निकलकर नावाडीह प्रखंड अंतर्गत कंजकिरो स्थित मंदिर में कलश को रखा गया। बाद में कंजकिरो से होकर नया बस्ती स्थित हनुमान मंदिर में कलश को रखा गया और यहीं से पूरे पंचायत में अक्षत वितरण कार्यक्रम किया जाएगा। मौके पर यात्रा में विश्वनाथ यादव, रोशन लाल यादव, हरेराम यादव, जितेंद्र यादव, विजय यादव, भोला सिंह, मनोज यादव, शंकर यादव, पिंटू यादव, दिनेश यादव, सरिता, भारती, सविता देवी, लीला देवी, रीता देवी, लोकमणि देवी, अनीता देवी सहित कई श्रद्धालु शामिल हुए।

### एडीओसीएम परियोजना कर्मियों ने किया मिलन समारोह का आयोजन



**संवाददाता बेरमो।** सीसीएल ढोरी एरिया के एडीओसीएम परियोजना के कर्मियों द्वारा शुक्रवार को बेरमो पुल के निकट चलकरी बस्ती साइड में दामोदर नदी में वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां लोगों ने जम कर नए साल का जश्न मनाया। यहां वक्ताओं ने कहा कि नये साल का शुभारंभ नये जोश और उमंग के साथ होना चाहिए। कहा कि हम सभी को मिलजुल कर ढोरी एरिया के उत्पादन लक्ष्य को पूरा के लिए मेहनत करने की आवश्यकता है। ताकि बचे हुए समय में अधिक से अधिक कोयला उत्पादन कर लक्ष्य को पूरा किया जा सके। साथ ही कहा कि हमलोग स्वच्छता का पूरा ध्यान रखे हैं। इसलिए, जहां हमलोग पिकनिक किए वहां सफाई भी कर दिए। उन्होंने लोगों से स्वच्छता पर ध्यान देने की अपील की। इस मौके पर पेटरवार प्रखंड प्रमुख इंद्रजीत मंडल, किशुन नायक, महेंद्र राम, वीरेंद्र सिंह, बासुदेव महतो, भगन महतो, अरुण सिंह, राजेश महतो, अरुण कुमार महतो, जयनाथ मेहता, रामाकांत सिंह, राकेश सिंह, नागेंद्र कुमार, नारायण प्रसाद, कामदेव मिश्रा, रोशन महतो आदि शामिल थे।

### अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

**प्रतापपुर।** प्रखंड के घोड़दौड़ पंचायत सचिवालय मे गुरूवार को अबुआ आवास को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया ।अध्यक्षता मुखिया ललिता देवी व संचालन पंचायत के सचिव के द्वारा किया गया । इस ग्राम सभा मे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मे पंचायत के विभिन्न गांव व मुहल्लों से लाभुकों द्वारा अबुआ आवास के लिए कराए गये ऑनलाइन आवेदन को पारित कर प्रखंड प्रशासन के पास भेजा गया।मौके पर मुखिया प्रतिनिधि उमेश भुईया,मिश्री भुईया, उपेन्द्र दांगी,रामाआशिष भोक्ता,रामखेलावन यादव, उप मुखिया, वार्ड सदस्य,पंचायत समिति सदस्य अशोक भारती,सहित कई अन्य दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।।

### सेवानिवृत्त कर्मी को दी गई विदाई

**चतरा** | स्वास्थ्य विभाग के जिला यक्ष्मा कार्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मी जयंती देवी गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गई। इनके सेवानिवृत्ति पर यक्ष्मा कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद, डीटीओ डॉ कुमार उत्तम तथा डीपीसी विक्रांत कुमार ने बुके एवं अंगवस्त्र देकर सेवानिवृत्त कर्मी को विदाई दी। उन्होंने कर्मी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए स्वास्थ्य विभाग में उनके योगदान की सराहना किया। मौके पर यक्ष्मा कार्यालय के रोहित कुमार चौरसिया, नवीन कुमार, अनु शंकर गुप्ता , मनोज पांडेय सहित अन्य कई कर्मचारी उपस्थित थे।

---

**वेस्ट टू वेल्थ एवं ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी पर मंथन को ले बोकारो में कार्यशाला शुरू**

# इस्पात उद्योग के कचरों का पर्यावरण-सम्मत निस्तारण जरूरी : निदेशक प्रभारी

**संवाददाता बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट की मेजबानी में एचआरडी सेंटर में वेस्ट टू वेल्थ एवं ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी विषयक दो दिवसीय एलईओ (लर्निंग फ्रोम ईच-अदर) कार्यशाला का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। उदघाटन सत्र में अधिशासी निदेशक (संकार्य) बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजना एवं अतिरिक्त प्रभार एमएम) सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (माइंस) जयदीप दासगुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक (एमआरडी एवं एसएमएस-न्यू) सह आयोजन समिति के अध्यक्ष राजीव धवन सहित मुख्य महाप्रबंधक व अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में सेल के सभी संयंत्रों के अलावा आरआईएनएल (विशाखापट्टनम), बीपीएससीएल, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, जियोन वेस्ट मैनेजर प्राइवेट लिमिटेड, डॉ स्लैग कंसल्टिंग सर्विसेस (सिडनी, ऑस्ट्रेलिया), रामचरण



कंपनी प्राइवेट लिमिटेड इत्यादि से विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। कार्यशाला के उदघाटन सत्र को ऑनलाइन मोड पर संबोधित करते हुए निदेशक प्रभारी अतानु भौमिक ने कहा कि इस्पात संयंत्रों में इस्पात उत्पादन के क्रम में बड़ी मात्रा में विभिन्न प्रकार के वेस्ट मटेरियल (कचरा) निकलते हैं, जिनका पर्यावरण-सम्मत तरीके से डिस्पोज़ल करना और उसे उपयोगी सामग्री के रूप में तब्दील कर सर्कुलर इकॉनमी की अवधारणा को सार्थक बनाना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ इस विषय पर मंथन कर एक-दूसरे से न सिर्फ सीखेंगे, बल्कि नवीनतम तकनीकों के इस्तेमाल द्वारा इसका इस दिशा में ठोस पहल करने का रोडमैप भी तैयार कर सकेंगे। कार्यशाला के दौरान कुल तीन तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें वेस्ट टू वेल्थ एवं ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी विषय पर लगभग 15 पेपर प्रस्तुत किए जा रहे हैं। कार्यशाला में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, एल डी स्लैग यूटिलाइजेशन, मैनेजमेंट ऑफ को- प्रोडक्टस, सर्कुलेरिटी इन स्टील मेकिंग जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की जाएगी। कार्यशाला 6 जनवरी को भी जारी रहेगी।

**अपशिष्ट बन सकता है उपयोगी : तिवारी**

अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री तिवारी ने कहा कि इस्पात संयंत्र में उत्पादन प्रक्रिया के दौरान जेनरेट होने वाला किसी भी प्रकार का वेस्ट दरअसल उपयोगी सामग्री के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है, जिसके लिए कई नई तकनीक लगातार विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यशाला के प्रतिभागियों से इस विषय पर विस्तृत रूप से चर्चा करने और इसके उभरते नए समाधानों पर मंथन करने एवं एक-दूसरे से सीखने का आह्वान किया। श्री महापात्रा ने कहा कि इस्पात संयंत्र में वेस्ट टू वेल्थ एवं ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी एक प्रासंगिक विषय है जिसमें चुनौतियों के साथ ही असीम संभावनाएं भी छिपी है। उदघाटन सत्र के आरंभ में श्री धवन ने सभी का स्वागत किया तथा अंत में महाप्रबंधक (ईसीएस) एनपी श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

---

# जारंगडीह से हो रहे कोयला चोरी को रोकना सीसीएल प्रबंधन व पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती

**चंद्रिका मार्तण्ड जारंगड़ीह।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र के जारंगडीह रेलवे साइडिंग प्लेटफार्म नंबर एक से हो रही कोयला चोरी रोकना सीसीएल बीएंडके प्रबंधन तथा बोकारो थर्मल पुलिस प्रशासन के लिए सिर दर्द बना हुआ है। लगातार छापामारी के बाद भी कोयला चोरी व ढुलाई थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार की दोपहर लगभग तीन बजे बीएंडके प्रक्षेत्र के जारंगडीह रेलवे साइडिंग मैनेजर अवध बिहारी सिंह कोयला चोरी होते देख हरक़त में आए और उक्त मामले की जानकारी स्थानीय बोकारो थर्मल पुलिस प्रशासन को दूरभाष पर दी। जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन पहुंची और कोयला चोरों को खदेड़ा। इस कार्रवाई के दौरान काफी संख्या में कोयला से भरा बोरा को जब्त कर साइडिंग में जमा कर दिया गया। वहीं सूत्रों की मानें तो बीएंडके प्रक्षेत्र के जारंगडीह रेलवे साइडिंग के बगल से हीं चार चक्का वाहन टाटा मैजिक तथा टेम्पु अन्य वाहनों से अवैध कोयला की ढुलाई आज भी निरंतर जारी है। शुक्रवार को कोयला चोरी की जो तस्वीरें सामने आई है वह सारी सच्चाई बयां कर रही हैं, जिससे जारंगडीह रेलवे साइडिंग से भारी मात्रा में नित्य दिन कोयला की अवैध ढुलाई



जारी है। वहीं साइडिंग मैनेजर अवध बिहारी सिंह ने बताया कि भारी संख्या में अवैध कोयला की ढुलाई में लोग लगे रहते हैं जो कोयला चोरी रोकने से मना करने पर अभद्र व्यवहार और अभद्र भाषा का भी प्रयोग करते हैं। बीएंडके प्रबंधन के द्वारा कोयला की सुरक्षा के सुरक्षा गार्ड तैनात किया गया। जहां पुरुष गार्ड के साथ-साथ महिला गार्ड की तैनाती की गई। उसके बाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोयला की अवैध ढुलाई। कोयला की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मी ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि कोयला चोरों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। वे कोई भी घटना को अंज़ाम दे सकते हैं। साथ ही भावनाओं में बहते बहते उन्होंने यह भी बताया कि कोयला चोर भी आस-पास के लोग होते हैं और विडम्बना यह देखने को मिलती है कि सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मी भी उसी जगह के रहने वाले होते हैं। कोयला चोरी रोकने के लिए कई बार बोकारो पुलिस कप्तान सीसीएल प्रबंधन व प्रशासन के साथ बैठक कर चुके हैं। कोयला चोरों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा सके। इसके लिए पूर्व बोकारो जिला पुलिस कप्तान चंदन कुमार झा, सीसीएल के तीनों प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक तथा पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से बैठकर रणनीति बनाई गई थी। लेकिन शुक्रवार की तस्वीरें देख साफ बंया कर रही है कि जारंगडीह से कोयला चोरी रोकना सीसीएल प्रबंधन व प्रशासन दोनों के लिए चुनौती बना हुआ है। जिससे सरकार को प्रत्येक दिन लाखों रुपए राजस्व का नुक़सान हो रहा है।

---

# करमाटांड़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता दुगदा।** चंद्रपुरा प्रखंड के करमाटांड़ स्थित ओल्ड पंचायत भवन में विकसित भारत, संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करमाटांड़ पंचायत की मुखिया सुनीता देवी ने की। इस अवसर पर बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि केंद्र सरकार लोगो के लिए कई महत्वकांशी योजना लायी है।जिसका लाभ लेने से भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बन जायेगा। केंद्र सरकार आम लोगों के जीवन में विकास लाने के लिए दर्जनों योजनाएं चला रही है। आम लोग इन योजनाओ से जुड़ कर लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जनधन योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंसन योजना, पीएम जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री उज्जवल योजना, पीएम मुद्रा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना,



किसान कल्याण निधि, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना स्टार्टअप इंडिया, महिला स्वयं सहायता योजना आदि की जानकारी विशेष रूप से रखी। इस अवसर पर सभी लोगो ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ ली।

इस अवसर पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश सिन्हा, भुनेश्वर प्रसाद महतो उर्फ गांधी जी, कमलेश यादव, मटुक चंद महतो, भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक संजीव कुमार, प्रबंधक सुजीत कुमार, पंचायत सेवक मिथलेश पांडेय, गणेश महतो समेत कई आंगनबाड़ी सेविका महिला समूहों सदस्य उपस्थित थी।

---

**सीसीएल कथारा के बंद कैप्टिव पावर प्लांट एवं सीसीएल की परियोजनाओं से पूरी रात होता है गोरखधंधा**

# बेरमो में लोहे का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी

**कुमार संजय बोकारो थर्मल।** बेरमो अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पुलिस पदाधिकारियों की नाक के नीचे से धड़ल्ले से पूरी रात लोहा के अवैध कारोबार का कार्य किया जाता है। बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल, बेरमो थाना के राम रतन उच्च विद्यालय के पीछे एवं हिंदुस्तान पुल के समीप, पेटरवार थाना के चांपी, तेनुघाट ओपी के छपरगढ़ा, गोमिया थाना के हजारी मोड़, आईईएल थाना अंतर्गत मस्जिद मुहल्ला के समीप से लोहा का कारोबार जारी है। वर्तमान में रात्रि में सीसीएल की कोलियरियों एवं कैप्टिव पावर प्लांट से काटे गये एवं चुराये गये लोहा को ट्रैक्टरों में लोडकर रात्रि में ही पेटरवार थाना अंतर्गत चांपी स्थित अवैध लोहा के गोदाम में पहुंचा दिया जाता है। इसके अलावा डीवीसी बोकारो थर्मल की आवासीय कॉलोनियों के आवासों से गेट ,वाटर एवं ड्रेन पाइप तथा मेन गेट को भी लोहा चोर काटकर ले जा रहे हैं। बोकारो थर्मल के मुर्गी फार्म स्थित डीवीसी



के ऐश हैंडलिंग पंप हाउस का भी सारा पाइप एवं लोहा की मशीनरी चोर काट कर ले गये। सीसीएल कथारा एरिया अंतर्गत गोविंदपुर परियोजना,फेज दो ओपन कास्ट में भी प्रतिदिन रात्रि में लोहा एवं केबुल चोरों के द्वारा धावा बोलकर चोरी की जा रही है। चोरी का विरोध करने पर कामगारों एवं सुरक्षा गार्डों की पिटाई भी चोरों के द्वारा की जाती है। बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के उच्च विद्यालय मैदान में प्लांट निर्माण के बाद बचे लोहा की मशीनरी एवं सामान रात्रि में चोर काटकर ले गये।

**धनबाद के कारोबारी का चल रहा धंधा-** मशीनों एवं बड़े लोहा के सामानों को काटने में चोरों का गिरोह रात्रि में गैस कटर लेकर आता है और लोहा के सामानों को टेंट से ढ़ककर उसके अंदर घुसकर लोहा एवं मशीन की कटिंग का कार्य करता है। लोहा के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने को लेकर पिछले दिनों बेरमो थाना अंतर्गत हिंदुस्तान पुल के समीप तथा बोकारो थर्मल थाना अंतर्गत कथारा मोड़ के समीप चलाये जा रहे अवैध लोहा के डीपू पर बेरमो एसडीपीओ बीएन सिंह एवं बेरमो एसडीएम शैलैश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में छापेमारी कर काफी मात्रा में सीसीएल की कोलियरियों एवं कथारा के असपापानी स्थित सीसीएल के बंद कैप्टिव पावर प्लांट से रात्रि में चुराकर एवं काटकर लाये गये अवैध लोहा को जब्त कर संबंधित थाना के हवाले किया गया था, बावजूद लोहा के अवैध कारोबार का धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। बेरमो अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलनेवाला अवैध लोहा का कारोबार धनबाद के किसी वर्मा एवं रितेश का बताया जाता है। उक्त दोनों ही लोगों ने अवैध कोयला की तस्करी का भी बैनर कुछ थानों से चला रखा है, जिसमें वरीय पुलिस पदाधिकारियों का भी संरक्षण मिला हुआ है। जरीडीह थाना के बहादुरपुर के समीप ही पिछले दिनों बेरमो के एसडीएम एवं एसडीपीओ ने कोयला के अवैध डिपो पर छापेमारी कर लगभग 250 टन अवैध कोयला जब्त किया था।

---

**पीसीपीएनडीटी एक्ट जिला सलाहकार समिति की बैठक, दिया दिशा-निर्देश**

# प्रत्येक माह दो दर्जन अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों का करें निरीक्षण : उपायुक्त

**संवाददाता बोकारो।** जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) एक्ट अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक की। मौके पर अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, सिविल सर्जन डा. दिनेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती, डा. अरविंद कुमार उपाधीक्षक सह नोडल पदाधिकारी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. सेलिना टुडू, डा. अनामिका समेत गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। बैठक में समिति के अध्यक्ष सह उपायुक्त श्री चौधरी ने क्रमवार विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जिले में अल्ट्रासाउंड क्लीनिक के निबंधन/



नवीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। इस क्रम में सिविल सर्जन डा. दिनेश कुमार ने बताया कि निबंधन के लिए कुल 02 आवेदन प्राप्त हुए है,जबकि नवीकरण के लिए 01 आवेदन प्राप्त हुआ है। समीक्षा क्रम में निबंधन के लिए प्राप्त आवेदन में 01 अपूर्ण रहने के कारण उस पर चर्चा नहीं की गई। वहीं, उपायुक्त ने वैसे क्लीनिकों की सूची तैयार करने को कहा, जिनका नवीकरण तिथि समीप है,उन सभी को नोटिस देने के साथ टीम को औचक जांच करने का निर्देश दिया। समीक्षा में दिसंबर माह में कितने अल्ट्रासाउंड क्लीनिक की जांच की गई, इसकी जानकारी ली। इस पर सिविल सर्जन द्वारा 12 की संख्या बताई गई। इस पर समिति के अध्यक्ष सह उपायुक्त ने असंतोष व्यक्त करते हुए अतिरिक्त टीम गठित करते हुए प्रतिमाह कम से कम दो दर्जन क्लीनिकों की जांच सुनिश्चित करने एवं जांच में क्या पाया गया,उसका प्रतिवेदन अगली बैठक में समर्पित करने का निर्देश दिया। साथ ही, वैसे अल्ट्रासाउंड क्लीनिक जिनका फार्म- एफ माह में दस से कम है, का अभियान चलाकर डीएलएमसी को निरीक्षण करने को कहा। वहीं, क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत भी अस्पतालों/स्वास्थ्य संस्थानों का औचक निरीक्षण करने की बात कहीं। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

---

# चेंबर प्रतिनिधिमंडल एसडीओ से मिला, ट्रैफिक सुधारने की मांग

**संवाददाता बोकारो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में नवनियुक्त चास अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता से उनके गोपनीय कार्यालय में मिला। चेंबर अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने एक पौधा भेंटकर उनका स्वागत करते हुए चास की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। प्रदीप सिंह ने चास में ट्रांसपोर्ट नगर एवं अंतरराज्यीय बस अड्डे के निर्माण हेतु सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया। चेंबर के संरक्षक संजय बैद ने चास उपनगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित करने का आग्रह किया। बैद ने कहा कि यातायात व्यवस्था अव्यवस्थित होने के कारण चास बाजार पर बेहद प्रतिकूल असर पड़ रहा है। चेंबर के महामंत्री सिद्धार्थ



पारख ने एक ज्ञापन इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपते हुए चास में आधारभूत संरचना को विकसित करने पर जोर दिया। नवनियुक्त अनुमंडल पदाधिकारी श्री गुप्ता ने गंभीरता से चेंबर द्वारा दिए गए सुझावों को सुना-समझा। श्री गुप्ता ने चेंबर द्वारा दिए गए विभिन्न सुझावों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में नरेंद्र सिंह, राजकुमार जायसवाल, राजेश पोद्दार, शैलेंद्र जायसवाल आदि विशेष रूप शामिल थे।

---

# हाई कोर्ट के आदेश पर नगर निकाय चुनाव की संभावना पर फिर से लोगों में चुनावी सुगबुगाहट शुरू

**संवाददाता बेरमो।** झारखंड हाइकोर्ट द्वारा झारखंड सरकार को नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना तीन सप्ताह में जारी करने के आदेश पर फुसरो नगर परिषद के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व वार्ड पार्षद के संभावित प्रत्याशी में फिर से सुगबुगाहट शुरू हो गई है। संभावित प्रत्याशी जनता के बीच पहुंचने लगे हैं। शनिवार को पूरे दिन चुनाव लडने वाले उम्मीदवार सीट को लेकर विचार विमर्श करते देखे गए। लोग आपस में चर्चा कर रहे थे कि पूर्व में राज्य निर्वाचन आयोग ने फुसरो नप अध्यक्ष पद के लिए अधिसूचना जारी की थी कि अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित सीट रहेगा या फिर से सीट में बदलाव होगा। इसी विषय पर मंथन करते हुए चुनावी तैयारी में जुटने लगे हैं। ताकि किसी भी समय सरकार चुनाव करवाने का फैसला ले तो कम समय में तैयारी पूरी करने में परेशानी होगी। इसलिए लोग अभी से ही चुनाव को लेकर तैयारी शुरू करने लगे हैं।वहीं फुसरो नगर परिषद के अंतर्गत कुल 28 वार्ड है जिसकी कुल आबादी 89,219 है। जिसमें पुरूष 46,893 और महिला 42,326 है। कुल वोटर 65,443 है। जिसमें पुरूष वोटर 22,980 व महिला वोटर 31,482 है। कुल 64 मतदान केंद्र है। वहीं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व वार्ड पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हुए लगभग आठ माह बीत चुके हैं। तबसे अब तक यहां कार्यपालक द्वारा नगर परिषद को चलाया जा रहा है। जिस कारण लोगों के काम को लेकर सीधे नगर परिषद का चक्कर लगाना पड़ रहा है। जनता का कोई काम नहीं हो रहा है, लोग परेशान हैं।

---

**नए साल में पिकनिक से बड़ा जश्न अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन मनाया जाएगा : डॉ0 उषा सिंह**

# बेरमो के कलाकारों ने पिकनिक का आनंद लिया

**संवाददाता फुसरो।** नए साल के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को बेरमो के कलाकारों द्वारा हिंदुस्तान पुल फुसरो के नीचे एक भव्य पिकनिक का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री सह समाजसेवी डॉ0 उषा सिंह शामिल हुई। पिकनिक में सभी कलाकारों ने अपनी अपनी कला का प्रदर्शन कर खूब मस्ती की और जश्न मनाया। बेरमो के जाने-माने कलाकार फिल्म अभिनेता संजय सिंह उर्फ संजू बाबा, सोनू पाण्डेय, गुड्डू बरनवाल, कौशल अलबेला, कृष्ण कुमार, बैजू मालाकार, रेखा देवी, सरिता सिंह, खुशी कुमारी, खुशबू देवी, मनोज रजक, अजय महतो, समयदा एवं अन्य कलाकारों ने फिल्मी गीत गाकर लोगों को खूब झुमाया। इस मौके पर



डॉ0 उषा सिंह ने लोगों को अयोध्या जाने का निमंत्रण गीत गाकर दिया। कहा कि नए साल का जिससे भी बड़ा जश्न एवं खुशी 22 जनवरी को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में श्री राम मंदिर भक्तों को भेंट और प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन मनाया जाएगा।

## एक नजर

### बॉडी बिल्डर के वर्ल्ड चैंपियन का बेरमो में हुआ स्वागत



**संवाददाता बेरमो।** बॉडी बिल्डर के वर्ल्ड चैंपियन सह इंडियन आर्मी के जवान उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी अनुज कुमार तालियान का बेरमो में जगह जगह स्वागत किया गया। श्री तालियान बिहार झारखंड के चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान के क्रम में शुक्रवार को बेरमो पहुंचे। इस दौरान फुसरो में शैलेश कुमार व आशा नायक सहित कई लोगों ने उनका स्वागत किया। इसके अलावे गोमिया व कथारा में भी कई जगहों पर उनका स्वागत किया गया। उन्होंने फुसरो में पत्रकारों से बातचीत करते हुए तालियान ने युवाओं को अपनी फिटनेश पर ध्यान देने की बात कही। कहा कि अपनी सेहत के लिए सभी को कम से कम एक घंटे वर्कआउट जरूर करना चाहिए। अगर सक्षम हैं तो बॉडी बिल्डिंग करें। बॉडी बिल्डिंग महंगा है इसलिए सब नहीं कर पाते हैं, जो कर सकते हैं और उन्हें सपोट मिल रहा है तो वे इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने बॉडी बिल्डिंग में वल्र्ड चैंपियन बनने के अपने सफर का संक्षिप्त रूप से बताते हुए कहा कि 13 साल हमें यहां पहुंचने में लगे। इस दौरान काफी उतार चढ़ाव आये। कई बार इंजुरी हुई, मुझे लगा कि अब आगे नहीं जा पाउंगा। कहा कि हमने कभी वर्ल्ड चैंपियन बनने का नहीं सोचा था। मेरा सपना नेशनल में मेडल जितना था जो पूरा हुआ। इसे प्राप्त करने के बाद नेशनल स्तर पर पहुंचा। इसके बाद दो बार वर्ल्ड चैंपियन बना। चार बार मिस्टर इंडिया और एक बार एरिया चैंपियन बना।

### पुलिस ने किया भारी मात्रा में कोयला जब्त



**संवाददाता कथारा।** सीसीएल जारंगडीह रेलवे साइडिंग स्थित बीएंडके के प्लेटफार्म नंबर एक पर रेलवे साइडिंग मैनेजर अवध बिहारी सिंह ने कोयला चोरी पर रोक लगाने को लेकर शुक्रवार को बोकारो थर्मल पुलिस को जानकारी दी। जिसके तुरंत बाद साइडिंग पहुंची पुलिस को देख कोयला चोर भाग खड़े हुए। लेकिन मौके पर भारी मात्रा में जब्त किए गए। कोयले के बोरों को फाड़कर साइडिंग में जमा कर दिया गया। इस सम्बन्ध में साइडिंग मैनेजर अवध बिहारी सिंह ने बताया कि चोरी रोकने का प्रयास प्रबंधन द्वारा किया जाता है। लेकिन कोयला चोरी रोकने के क्रम में उनलोगों के द्वारा अभद्र व्यवहार और भाषा प्रयोग किया जाता हैं। ज्ञात हो कि सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र के जारंगडीह रेलवे साइडिंग प्लेटफार्म नंबर 1 से हो रहे कोयला चोरी रोकना सीसीएल बीएंडके प्रबंधन एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है।

### सिहोडीह सड़क हादसे में मौत मामले में ड्राइवर को जेल



**संवाददाता गिरिडीह।** विगत दिनों सिहोडीह में हुए सड़क हादसे के आरोपी वाहन चालक को शुक्रवार को सिविल कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि गिरिडीह के सिहोडीह में बीते बुधवार को हुए सड़क दुर्घटना में घायल युवक का इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसी मामले में बस चालक को गिरफ्तार किया गया और मेडिकल जांच के बाद कोर्ट मे पेश करके जेल भेज दिया गया। चालक का नाम शम्भू राय है और वह देवघर का निवासी बताया गया है।

**सदर प्रखंड के बदगुंदा-कोल्हरिया तथा पहाड़पुर-डुमरियाटांड़ में माले की बैठक संपन्न**

# जन समस्याओं के लिए सरकार, प्रशासन और प्रतिनिधि सभी दोषी : भाकपा माले

**संवाददाता गिरिडीह।** 16 जनवरी कॉमरेड महेंद्र सिंह शहादत दिवस की तैयारी के क्रम में जारी अभियान के दौरान जनता की विभिन्न तरह की समस्याएं भी सामने आ रही हैं। कहीं गरीबों की राशन चोरी, तो कहीं बिजली से जुड़ी समस्या। कहीं स्कूल में शिक्षक की कमी तो कहीं खतियान या भूदान तक की जमीन की लूट। कहीं विकास के नाम पर लूट मची है, तो कहीं ब्लॉक/अंचल में बिना पैसा कोई काम नहीं होने की परेशानी। उक्त बातें भाकपा माले नेता सह 'सिदो-कान्हू जन संघर्ष मंच' के संरक्षक राजेश यादव ने महेंद्र सिंह शहादत दिवस की तैयारी को लेकर आज सदर प्रखंड के बदगुंदा-कोल्हरिया तथा पहाड़पुर-डुमरियाटांड़ में ग्रामीणों के साथ आयोजित बैठक में उनकी समस्याओं को जानने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि इस तरह की समस्याओं के लिए



सरकार, प्रशासन तथा जनता का वोट लेकर सरकार में शामिल उनके प्रतिनिधि जिम्मेवार हैं। उन्होंने कहा कि, बदगुंदा- कोल्हरिया में गरीबों को दो माह का राशन नहीं मिला है। जिस डीलर के पास इनका राशन वितरण के लिए दिया गया है वह पूर्व से ही वितरण में गड़बड़ी के लिए कुख्यात रहा है। इसलिए प्रशासन को राशन वितरण करने की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। कहा कि, दूसरी ओर पहाड़पुर-डुमरियाटांड़ के लोग गांव में बिजली आने के बाद 7 साल तक कभी बिजली बिल तो प्राप्त नहीं कर सके, लेकिन सीधा कई लोगों पर बकाया बिजली बिल और बिजली चोरी का केस जरूर कर दिया गया।

मौजूदा समय भी गांव के अधिकांश गरीब विभागीय लापरवाही से जमा हुआ बकाया भारी बिल देने में असमर्थ हैं। उन्होंने सरकार से बकाया बिजली बिल माफ करने की मांग की। आज की बैठकों में 16 जनवरी की सभा में बढ़ चढ़कर भाग लेने का निर्णय लिया गया। मौके पर माले नेता मनोज यादव, ठाकुर मंडल, संजय चौधरी, संतोष राय, कन्हैया सिंह, बंधु कोल, गोवर्धन कोल, संजय मंडल, बैजनाथ कोल, सुंदर कोल, बिनोद कोल, शंकर कोल, सोहन कोल, गोपाल कोल, जगदीश मंडल, टुपलाल मंडल, संजय मंडल, शेखर मंडल, तुलसी मंडल, भुटारी पंडित, दशरथ गोस्वामी, घानो मंडल, महेंद्र मंडल, नारायण गोस्वामी, बसंत गोस्वामी, फूलन देवी, उर्मिला देवी, सोमरी देवी, कुंती देवी , रेशमी देवी, बड़की देवी, फुलवा देवी, मंजू देवी, सरिता देवी, काजल देवी, राबड़ी देवी, टिपनी देवी, उमा देवी, दौलती देवी, बसंती देवी सहित अन्य मौजूद थे।

**नेशनल वॉलीबॉल एकेडमी की शुरुवात करने पर मिला सम्मान**

# राज्य सरकार ने गुणवंत सिंह मोंगिया को झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से किया सम्मानित

**संवाददाता गिरिडीह।** झारखंड सरकार ने मोंगिया समूह के चैयरमैन गुणवंत सिंह मोंगिया को गिरिडीह में नेशनल वॉलीबॉल अकादमी की शुरूआत करने के लिए झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया है। रांची में राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने उन्हें झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया। झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी के हाथो सम्मानित होने के बाद शुक्रवार को गिरिडीह में प्रेसवार्ता करते हुए मोंगिया समूह के चेयरमैन सह मोंगिया वॉलीबॉल अकादमी के संस्थापक डॉ0 गुणवंत सिंह मोंगिया ने कहा कि जिस उद्देश्य के साथ उन्हे राज्य सरकार ने सम्मानित किया है उसे पूरा करने करने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। कहा कि उन्हे खुशी इस बात की है कि उनका ड्रीम पूरा हो रहा है। खेल के प्रति जो निराशा पहले युवाओं में थी, वो दूर हो रही है। युवा अब खुद को स्पोर्ट्र्स से



जोड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि युवा अब खास तौर पर वॉलीबॉल से भी खुद को जोड़ रहे हैं। कहा कि अब मोंगिया समूह के इस अकादमी का प्रयास है कि इस अकादमी से ट्रेंड होकर निकलने वाले युवाओं का चयन अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के लिए हो।

इसके लिए भी मोंगिया समूह अपने हर खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए हर स्तर पर प्रयास करेगी। बंगाल से प्रशिक्षित कोच को रखा गया है। जिनके नेतृत्व में अकेडमी में युवाओं को तैयार किया जा रहा है।

प्रेसवार्ता में मोंगिया समूह के डायरेक्टर सन्नी सिंह मोंगिया और मार्केटिंग हेड आदिल सिद्दकी और मोंगिया समूह के टेक्निकल एडवाइजर रवि रंजन समेत कई लोग मौजूद थे।

# मजदूरों और विस्थापितों के हक को लेकर जारी झाकोमयू का आंदोलन स्थगित, वार्ता के बाद लिया गया फैसला

**संवाददाता गिरिडीह।** स्थानीय सेल कर्मियों, ट्रक मालिकों, विस्थापितों और स्थानीय लोगों की मांगों को लेकर झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने सीसीएल गिरिडीह क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना दिया। संघ के अध्यक्ष हरगौरी साहू और सचिव तेजलाल मंडल के नेतृत्व में शुरू हुए इस आंदोलन में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक सुदिव्य कुमार भी पहुंचे। यहां सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सीसीएल को कोयला उत्पादन करना चाहिए। कोलियरी के विकास से हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन स्थानीय लोगों का वर्चस्व हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर प्रबंधन ने मजदूरों, विस्थापितों और स्थानीय लोगों की मांगों को नजरअंदाज किया तो आंदोलन का रुख अपनाया जायेगा। बैठक में सुलझ गया मामला। इस



मामले को लेकर झाकोमयू सड़क जाम करने की तैयारी कर रही थी। हालांकि मामले की गंभीरता को देखते हुए जीएम बी चौधरी और परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने विधायक के साथ बैठक की। बैठक में प्रबंधन ने गुणवत्तापूर्ण कोयले की डंपिंग समेत सभी मांगों पर सहमति जतायी, जिसके बाद आगे के आंदोलन को स्थगित करने की घोषणा की गई। बैठक के बाद विधायक ने बताया कि आउटसोर्सिंग से उत्पादन शुरू हो गया है। पुराने और नये सिस्टम में कुछ गड़बड़ी को लेकर प्रबंधन, ट्रक मालिक संघ और यूनियन के बीच कुछ संशय था, आज संशय दूर हो गया है। 15 हजार टन का ऑफर दिया गया है जिसमें प्रबंधन ने कहा है कि 15 हजार टन डंप करने पर रोड सेल प्रभावित नहीं होगी। महाप्रबंधक ने कहा कि सभी को साथ लेकर काम किया जायेगा।

# डुमरी थाना पुलिस ने जोधन महतो हत्या काण्ड का किया खुलासा

**संवाददाता गिरिडीह।** पिछले महीना 26 दिसंबर को सूचना मिली कि ग्राम तेल खर के आगे कडाढजोबरा फूलों के पास सुनसान सड़क पर किसी व्यक्ति की अज्ञात लोगों के द्वारा हत्या कर दी गई है। डुमरी थाना घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचा एवं शव को कब्जे में लिया। आसपास के गांव वालों से बहुत देर तक पूछताछ करने पर पता चला कि मृतक का नाम जोधन महतो ग्राम घुठीयागढ़ा भरखर, थाना डुमरी,जिला गिरिडीह है। लेकिन उसकी हत्या किसने और क्यों की, इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। इस संबंध में डुमरी थाना में कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। हत्या जैसा जघन अपराध पर पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह के द्वारा अविलंब एक टीम का गठन कर उद्वेदन हेतु कई दिशा-निर्देश दिया



गया।

पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए इस अज्ञात हत्या की गुत्थी को तकनीकी एवं मानवीय सूत्रों के माध्यम से सुलझाया गया। जिसमें पता चला कि मृतक के हीं गांव के रहने वाले जितेंद्र महतो ने अपनी पुरानी दुश्मनी एवं जादू टोना से परेशान रहने के कारण ग्राम अम्बाडीह का रहने वाले अपने साधु होरिल कुमार महतो एवं होली का दोस्त से मिलकर महिला लाल महतो पिता स्वर्गीय पोखी महतो ग्राम अम्बाडीह, थाना डुमरी जिला गिरीडीह को रु 60,000 सुपारी के रूप में देखकर जोधन महतो की हत्या करवाई गई है। हत्या में संलिप्त चारों व्यक्तियों ने अपना अपराध स्वीकार किया है और घटना में प्रयुक्त लाठी एवं मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है।

छापेमारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक पवन कुमार थाना प्रभारी डुमरी थाना। पुलिस अवर निरीक्षक लव कुमार डुमरी, नारायण राय डुमरी थाना सशस्त्र बल।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्त मेघलाल महतो उम्र करीब 40 वर्ष पिता स्वर्गीय पोखी महतो ग्राम अम्बाडीह, जितेंद्र महतो उम्र करीब 35 वर्ष पिता स्वर्गीय देव महतो ग्राम घुठियागढ़ भरखर

हारिल कुमार महतो उम्र 28 वर्ष पिता श्री हीरामन महतो, कालेश्वर कुमार उर्फ भगनू महतो पिता बालेश्वर महतो थाना डूंगरी जिला गिरिडीह का रहने वाले हैं।

**6 से 13 जनवरी तक होना है आयोजन, थानसिंहडीह और लोकाय से होगी शुरुआत**

# तिसरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**संवाददाता तिसरी/गिरिडीह।** विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार सिंह ने की। बैठक में प्रखंड प्रमुख राजकुमार यादव, उपप्रमुख बैजू मरांडी, बीस सूत्री अध्यक्ष मो0 मुन्नीबुद्दीन मुख्य रूप से उपस्थित थे।।बैठक में 6 जनवरी से प्रारम्भ विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों के मद्देनजर पदाधिकारियों ने कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों से बातचीत की। बताया गया कि कार्यक्रम का आयोजन 6 जनवरी को थानसिंहडीह और लोकाय में किया जायेगा। जिसमें सभी विभागों का स्टॉल लगाया जायेगा। 6 से 13 तक विभिन्न पंचायतों में यह कार्यक्रम चलेगा। कार्यक्रम में



विभिन्न सरकारी योजनाओं से मिले लाभ को लाभुकों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से बताना है। साथ ही बीडीओ ने स्वागत कार्यक्रम में झारखंडी कलाकृति का प्रदर्शन किए जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर संजय साहू, राजीव कुमार और राजेश मोदी को नोडल पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किया जायेगा। इस बैठक में जेएसएलपीएस के प्रतिनिधि नदारद दिखे।

**बैठक में सो रहे थे पंचायत सचिव-** वहीं इस बैठक में शामिल खटपोंक पंचायत के पंचायत सचिव प्रभु हाजरा पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों से नज़रें चुराकर अपनी कुर्सी पर बैठे हुए नींद लेने में मशगुल थे। उनके बगल में बैठे एक कर्मचारी उन्हें बार - बार नींद से जगा रहे थे। लेकिन पचांयत सचिव साहब तो सबकी निगाहों से बचते हुए बीच - बीच में झपकियां मार रहे थे।

**बीस सूत्री अध्यक्ष को बैठक के संबंध में समय पर नहीं किया गया सूचित-** वहीं इस बैठक के संदर्भ में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मो0 मुन्नीबुद्दीन ने विभाग द्वारा समय पर उन्हें सूचित नहीं करने को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने बैठक में ही प्रखंड विकास पदाधिकारी से इसकी शिकायत की जिसके बाद बीडीओ ने ब्लॉक कर्मी को बुलाकर इस संबंध में पूछा और आगे से ससमय सूचित करने की हिदायद दी। बैठक में बीईओ रंजीत कुमार, जेई संजय साहू, दीपक कुमार, वीरेंद्र कुमार,मुखिया किशोरी साव, पिंकेश सिंह,मो. हासिमउद्दीन,जानकी यादव,निर्मला बेसरा,प्रतिनिधि उमर फारूख, पंचायत सचिव राजन कुमार, रोजगार सेवक वीरेंद्र निराला, दीपेश कुमार,जीतू कुमार,कांग्रेस मिस्त्री समेत अन्य उपस्थित थे।

# चोरी किए गए सामान को पुलिस द्वारा किया गया बरामद

**संवाददाता गिरिडीह।** बीते दिन कुछ चोरों ने महेंद्र कुमार अग्रवाल पिता स्व0 शंकर लाल अग्रवाल ग्राम थाना सरिया जिला गिरीडीह के अंकित आवेदन के आधार पर वादी के एफसीआई रोड सरिया स्थित बजरंग ट्रेडर्स नाम दुकान एवं गोदाम से करीब 35 बोरा मसूर दाल अरहर दाल एवं करीब 30 कार्टून सरसों तेल आजा चोरों के द्वारा चोरी कर लेने के आरोप में सरिया थाना कांड संख्या 05/2024 दि0-03-01-2024 धारा 461/379 भा0द0वि0 दर्ज कराया गया है। कांड के अनुसंधान एवं छापेमारी के क्रम में संदेही अभियुक्त सुधीर मंडल सा0 चंद्रमणि के घर से चोरी की गैस सामानों में से एक टीना सांवली सरसों तेल एवं एक तीन फॉर्च्यूनर रिफाइन तथा अप्रथ0 अभी0 नरेश मंडल के घर से एक बोरा ब्लैक मसूर दाल एवं अभियुक्त कुंभकरण मंडल के घर से एक बोरा ब्लैक मसूर दाल बरामद किया गया है। तथा प्राथमिकी अभियुक्त अनीश कुमार मंडल के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर उनके निशान देही पर



बगोदर साहू मुहल्ला स्थित कुंजीलाल साहू एवं उनके पुत्र गोविंद कुमार के दुकान से 1.07 बोरा ब्लैक मसूर दाल 2.01 बोरा चारमीनार अरहर दाल बरामद किया गया है तथा इस घटना में संलिप्ट 5 अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया और हिरासत में भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा अपने अपराध स्वीकृत बयान में बताएं कि पूर्व में भी चोरी के सामानों को बगोदर के कुंज लाल साहब एवं उनके पुत्र गोविंद कुमार को सस्ते दाम में देते थे, जिसे कुंजीलाल साहू के द्वारा सामानों को बिक्री कर खपाया जाता था। जप्त किए गए सामान में ब्लैक मसूर दाल कुल 9 बोरा, चारमीनार डाल एक बोरा, सांवली सरसों तेल एक टीना, फॉर्च्यून रिफाइन एक टीना, गिरफ्तार किए गए अभियुक्त का नाम अशोक कुमार उर्फ भुट्टा पिता वासुदेव साव, ग्राम-बड़की सरिया, सरिया, जिला- गिरिडीह, सुजीत मंडल पिता सुरेंद्र मंडल ग्राम-चंद्रमारनी, अनीश कुमार मंडल उर्फ कटोरी पिता सुरेश मंडल, गोविंद कुमार पिता कुंज लाल साह, ग्राम+थाना-बगोदर, बिट्टू कुमार पांडे पिता संजय पांडे, सरिया सभी अभियुक्त गिरिडीह के रहने वाले थे।

# पातंजलि परिवार गिरिडीह द्वारा मनाया गया भारत स्वाभिमान न्यास का 29 वां स्थापना दिवस

**संवाददाता गिरिडीह।** पातंजलि परिवार गिरिडीह द्वारा भारत स्वाभिमान न्यास का 29 वां स्थापना दिवस बर्णवाल धर्मशाला, बरमसिया गिरिडीह में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भारत स्वाभिमान न्यास का स्थापना दिवस 5 जनवरी को पूरे भारतवर्ष में धूमधाम से मनाया जाता है। न्यास का योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, निष्काम सेवा साधना एवं संघर्ष के 29 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस मनाया गया। यह दिन पातंजलि परिवार के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। 5 जनवरी 1995 को दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट की स्थापना हुई थी। 5 जनवरी 2009 को भारत स्वभिमान न्यास के नाम से रजिस्ट्रेशन हुआ। परम पूज्य स्वामी रामदेव और अचार्य बालकृष्ण के परम पुरुषार्थ से इसकी स्थापना हुई थी। योग, आयुर्वेद और स्वदेशी को बढ़ावा देने और जन जन तक लोगों को



जागरूक कर इसका लाभ पहुंचाने हेतु इसका गठन किया गया था। जिसका लक्ष्य पूर्णरूपेण प्राप्त होते दिख रहा है। कार्यक्रम में भारत स्वभिमान के राज्य प्रभारी परम् आदरणीय रामजीवन पाण्डेय, किसान सेवा समिति के राज्य प्रभारी करम कोइरी मुख्य अतिथि के तौर पर पहुँचे। विशिष्ट अतिथि राज्य कार्यकारिणी सदस्य चंद्रहास कुमार ,रविद्रनाथ सिंह, अमित कुमार, महिला कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ0 पुष्पा सिन्हा,अजय बगड़िया और योगासन भारत के सचिव अनिता कुमारी ओझा थे।अतिथि के हाथों से सराहनीय कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को मोमेंटो और सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया गया। जिसमें गिरिडीह के विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड प्रभारी योग शिक्षक सहयोगी योग शिक्षक को सम्मानित किया गया। गिरिडीह आर के महिला कॉलेज की एक शिक्षिका पुष्पा शक्ति व सहयोगी और शिक्षिका लक्ष्मी छाया रेड क्रॉस के संध्या क्लास के लिए योग शिक्षण का सपना राय सहयोगी शिक्षिका रेखा सिन्हा बिरनी से बाघम्बर प्रसाद शंकर कुमार भारती रामदेव महतो आदि जिनका नियमित योग कक्षा चल रहा है, उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भारत स्वभिमान न्यास के जिला प्रभारी नवीन कांत सिंह कर रहे थे। कार्यक्रम की शुरुवात कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों द्वारा सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई।अतिथियों को अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद योगासन प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अतिथि के हाथों से पुरुस्कृत किया गया। जिसमें 5 वर्ष से 9 वर्ष के आयु वर्ग में प्रथम सुमन लता द्वितीय एंगल 9 से 14 में प्रथम अनामिका सिंह द्वितीय सौम्या सेठ 9 से 14 बॉयज में प्रथम विनीत भूषण द्वितीय अभिजीत पांडेय। 14 से 25 आयु वर्ग में प्रथम विधि भूषण और आशीष कुमार को मिला।25 से ऊपर आयु वर्ग में प्रथम शिवानी कुमारी को और द्वितीय पुरुस्कार सरिता प्रसाद को दिया गया। शंखनाद में प्रथम पुरस्कार सुमन लता द्वितीय पुरस्कार सरिता प्रसाद को दिया गया। बीच-बीच में गीत संगीत डांस आदि का दौर चला। रेड क्रॉस के योग साधक द्वारा योग डांस प्रस्तुत किया गया जो काफी सराहनीय रहा। चंद्रशेखर कुमार के द्वारा सूर्य नमस्कार का लगातार प्रदर्शन किया गया। रेड क्रॉस के योग साधकों द्वारा योग नृत्य प्रस्तुत किया गया। मौके पर योग साधक द्वारा बताया गया कि योग करने से काफी लाभ हुआ है। हाथ पैर टेढ़ा-मेढ़ा था जो कि सीधा हो गया। कमर में दर्द था वह ठीक हो गया। किसी ने कहा कि डिप्रेशन में थे। वह डिप्रेशन से बाहर आ गए किसी का घुटने का दर्द से निजात तो कोई पहले शुगर से पीड़ित थे 400 प्लस शुगर था और चल फिर भी नहीं पाते थे जब योग के शरण में आए तो आज शुगर लेवल 100 हो गया है और बिल्कुल स्वस्थ हैं। वेल्लोर से इलाज करवाकर लौटने के बाद गिरिडीह में आकर योग आयुर्वेद को अपनाया और आज वह ठीक हैं। मौके पर पहुंचे मीडिया वन्धुओं को अंग वस्त्र व पातंजलि प्रोडक्ट देकर सम्मानित किया गया। इधर सोशल मीडिया में सेवा दे रहे रेखा सिन्हा व प्रमिला सिन्हा को सम्मानित किया गया। इधर रेड क्रॉस भवन नियमित योग क्लास में हंड्रेड परसेंट अटेंडेंस के लिए रीना सिन्हा, जोसी कुमारि को और महिला कॉलेज योग क्लास की योग साधक आशा चौरसिया और रेखा तर्वे आदि को सम्मानित किया गया। राज्य प्रभारी ने कहा कि मैकाले की शिक्षा पद्धति हमारे समाज को एक गलत रास्ते पर ले गया है इसे वैदिक शिक्षा द्वारा युवा पीढ़ी को सुधारने का कार्य परम पूज्य स्वामी जी द्वारा किया जा रहा है। योग आयुर्वेद और स्वदेशी के साथ-साथ वैदिक शिक्षा का होना नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग करें और योग कराएं। स्वस्थ रहें स्वास्थ्य हीं सबसे बड़ा धन है।।कार्यक्रम में पातंजलि योग समिति के जिला प्रभारी युवा प्रभारी रणधीर कुमार गुप्ता सोशल मीडिया जिला प्रभारी पुष्पा शक्ति महिला जिला प्रभारी श्रेया घोषाल जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप बरनवाल आनंद चौरसिया रंजीत कुमार,निखिल कुमार सिंह आदि का सहयोग रहा। मौके पर सपना रॉय,जोशी पटेल मिनी सिंह सरिता प्रसाद जुम्मा चौधरी अनिता कुमारी संगीता कुमारी नीतू कुमारी रीना सिन्हा, आशा सहाय उषा बरनवाल. स्वाति कुमारी, निर्मला देवी, सावित्री सरण, पूनम रानी,सीमा लाल,आशा चौरसिया,सुपर्णा मुखर्जी,सुनीता घोष, रीना देवी राजेश गोस्वामी रीता गुप्ता शीला देवी गुड़िया देवी पूनम देवी ओमप्रकाश मंडल रामदेव महतो शंकर कुमार भारती निर्मला देवी सावित्री सारण, रीमा अग्रवाल, बाघम्बर प्रसाद अजीत कुमार गुप्ता आनंद साहू रेखा गुप्ता सोनी शाह निर्मला कौर बबीता श्रीवास्तव वार्ड पार्षद आरती गुप्ता उत्कर्ष गुप्ता,आंनद कुमार महेंद्र प्रसाद मंजू देवी ललिता बर्णवाल, प्रेमलता अग्रवाल आदि सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने भाजपा विधायक पर पलटवार करते हुए विधायक को खुला चैलेंज दिया

**संवाददाता धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने भाजपा विधायक ढुलू महतो पर पलटवार करते हुए भाजपा विधायक को खुला चैलेंज दिया है।अगर भाजपाईयों में दम है तो ढुलू महतो का विधायक बनने के बाद की संपति की जांच सीबीआई से कराने के लिए झारखंड सरकार और केंद्र सरकार के पास आवेदन दें। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि जब झारखंड मे भाजपा की सरकार थी और उस समय के मुख्यमंत्री रघुवर दास का वरदहस्त बाघमारा विधायक ढुलू पर था तो आंतक के बल पर कोयला तस्करी और रंगदारी वसूलने का मुख्य सरगना ढुलू महतो हीं थे। आउटसोर्सिंग कंपनियों के मालिकों को धमकाने से लेकर कोलियरियो में पांच सौ रुपए प्रति टन कौन वसूल रहा था ? धनबाद के हार्ड कोक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन किसके आंतक के खिलाफ हड़ताल पर गया था। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि कोयला तस्करी आज भी बाघमारा में ढुलू महतो के संरक्षण में चल रहा है। बाघमारा विधायक भगवान राम को अगर मानते हैं तो भगवान श्री राम का सौगंध खाकर कहें कि उन्होने कोयला तस्करी और रंगदारी से पैसा नही कमाया है। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने भाजपा के जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष धन पशूओं के चारागाह के चरवाहा हैं। प्रेस कांफ्रेंस में बैठते जरूर हैं। बोलते सिर्फ पुंजी पती नेता लोग हीं हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि धनबाद में कोयला तस्करी हुई मगर भाजपाई नेताओ के द्वारा की गई।

### रेलवे के असिस्टेंट ऑपरेटिंग मैनेजर ने किया कतरास स्टेशन का निरीक्षण



**संवाददाता धनबाद।** कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन में कर्मचारियों के इंटरनल सुरक्षा व्यवस्था की जांच करने सिनियर डीआरएम आफिस के असिस्टेंट ऑपरेटिंग मैनेजर अभिषेक तिवारी पहुंचे। अभिषेक तिवारी ने स्टेशन से लेकर यार्ड और सिंग्नल तक घूम घूम कर जांच की। जांच पड़ताल करने के बाद कमियों में सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कतरासगढ़ स्टेशन में काफी इम्प्रूवमेंट किया गया है। आज कर्मचारियों के सुरक्षा की दृष्टिकोण से पूरे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर स्टेशन प्रबंधक आलोक गुप्ता सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### विधायक ने घर घर जाकर किया अयोध्या से आये रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए पूजित अक्षत व पत्रक का वितरण



**संवाददाता धनबाद।** अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए अक्षत वितरण कार्यक्रम की शुरुआत धनबाद मे हो चुकी है। अक्षत वितरण अभियान मकर संक्रांति तक देशभर में चलेगा। वहीं अपको बता दें कि श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत एवं पत्रक को बैंकमोड़ स्थित जमुनाबाई रोड में विधायक राज सिन्हा ने घर-घर जाकर वितरण किया। साथ हीं सभी से आग्रह किया कि 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में कम से कम 5 दिए अवश्य जलाएं और प्रभु श्रीराम के अयोध्या में विराजमान होने के दिन को दिवाली की तरह मनाएं। मौके पर मानस प्रसून, अमरकांत पांडेय, पिंटू वर्मा, कृष्ण वर्मा, छोटू सिंह, रमेश यादव, धीरज कुमार, छेदी भाई, अनिल सिंह, दिवाकर सिंह, प्रदीप विश्वकर्मा, रामकेश पांडेय, जितेंद्र मालाकार आदि लोग मौयुद थे।

### ईसीआरकेयू के बैनर तले युवा रेलकर्मी करेंगे भूख हड़ताल

# पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर करेंगे भूख हड़ताल

### 8 जनवरी को धनबाद क्षेत्र के शाखाओं का संयुक्त भूख हड़ताल

**संवाददाता धनबाद।** नई पेंशन नीति बंद कर पुरानी पेंशन लागू करने की मांग के लिए रेल कर्मचारी राष्ट्रव्यापी भूख हड़ताल करेंगे। ऑल इंडिया रेलवमेंस फेडरेशन के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा और धनबाद मंडल ईसीआरकेयू मीडिया प्रभारी एन के खवास में बताया कि ओपीएस बहाली के लिए गठित संयुक्त फोरम के कंवेनर और एआईआरएफ के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा के आह्वान पर तथा ईसीआरकेयू के केंद्रीय अध्यक्ष डी के पांडेय और महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव के दिशा निर्देश पर 8 जनवरी को धनबाद मंडल के ईसीआरकेयू के सभी 14 शाखाएँ नई पेंशन नीति रद्द कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग हेतु क्रमिक भूख हड़ताल का आयोजन करेंगे।जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने बताया कि




पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 32 श्रमिक संगठनों ने संयुक्त फोरम का गठन किया है। इस फोरम में सभी केंद्रीय, राज्य सरकार, शिक्षक संघ, अराजपत्रित, रक्षा मंत्रालय के अधीन सिविल कर्मचारी आदि के रूप में कार्यरत कर्मचारियों के श्रमिक संगठन शामिल हैं। इस फोरम के कंवेनर एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा हैं। आगामी संसदीय चुनावों के मद्देनजर पुराने पेंशन को केन्द्रीय स्तर पर बहस करने की मांग महत्वपूर्ण होते जा रही है। देश में कांग्रेस और गैर भाजपा शासित राज्यों में राज्य सरकार के कर्मचारियों को पुराने पेंशन के अंतर्गत लाते हुए उनके बुढ़ापे में जीवन यापन करने की चिंता से वहां की सरकारों ने उन्हें मुक्त कर दिया है। इधर कर्मचारियों के आंदोलन के बढ़ते प्रभाव और आगामी संसदीय चुनाव तथा कई राज्यों में विधानसभा के चुनावों में अपनी सफलता सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक दलों ने भी इसपर गंभीरता से विचार करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में महाराष्ट्र में वर्तमान राज्य सरकार ने भी अपने कर्मचारियों के लिए पुराने पेंशन बहाली की घोषणा कर दी है। उधर केंद्र सरकार ने भी नई पेंशन योजना को कर्मचारियों के लिए बेहतर बनाने के तरीकों की अनुसंशा के लिए एक समिति बनाई है। लेकिन फेडरेशन सहित सभी कर्मचारी संगठनों ने केंद्र सरकार को स्पष्ट कर दिया है कि पुरानी पेंशन बहाली से कम कोई भी योजना स्वीकार नहीं की जाएगी। अपनी इस मांग के लिए रेलकर्मियों ने भी कमर कस ली है और 8 जनवरी को भूख हड़ताल पर जाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। इस आयोजन के लिए धनबाद क्षेत्र में डीआरएम ऑफिस कैंपस में सुविधा केंद्र के सामने 8 जनवरी की सुबह 10:00 बजे से 5:00 बजे तक ईसीआरकेयू के पांच प्रमुख शाखा धनबाद शाखा एक, धनबाद शाखा दो, धनबाद लाइन ब्रांच, कतरास ब्रांच और पथरडीह ब्रांच ने संयुक्त रूप से भूख हड़ताल करने का कार्यक्रम किया है। जिसका नेतृत्व नेताजी सुभाष,सोमेन दत्ता, एनके खावस,बीके दुबे,इंद्र मोहन इंद्र मोहन सिंह और बीके साव करेंगे।

## आरएसएसडीआई 2024 का नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन 5 से 7 जनवरी तक

### देश भर से जुटे बड़े चिकित्सक




**संवाददाता धनबाद।** मधुमेह से होने वाली बीमारियों से निजात और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य धनबाद में रिसर्च सोसायटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया का तीन दिवसीय वार्षिक सम्मलेन धनबाद में 5 से 7 जनवरी तक आयोजित किया गया है। जिसमें बाहर से आए चिकित्सा शुगर से होने वाले बीमारियों के दुष्प्रभाव और उससे बचने के उपाय की जानकारी साझा कर रहे हैं। झारखंड में पहली बार इस सेमिनार को क्रेडिट पॉइंट मिला है, जो कि यहां के लिए उपलब्धि है किसी भी सेमिनार को ऑर्गेनाइज करने को लेकर कई मानक होते हैं। उसके बाद हीं ऑल ओवर इंडिया में क्रेडिट दी जाती है।ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ0 अजय पटवारी एवं नेशनल एक्सक्यूटिव मेम्बर डॉ एन के सिंह ने गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया था कि देश भर से मधुमेह रोग चिकित्सक शिरकत करेंगे।इस कॉन्फ्रेंस में पहली दफा टाइप 1 एवं 2 मधुमेह मरीजों को भी शामिल किया गया है। पहले दिन धनबाद एवं अन्य राज्यों से आये चिकित्सको का साइंटिफिक सेसन शुरू हो गया है।दूसरे दिन कार्यक्रम का इनॉग्रेशन के साथ डायबिटीज मरीजों को चिकित्सकों से रूबरू कराया जाएगा।वहीं तीसरे दिन मेडिकल पीजी यूजी के छात्रों के लिए सेशन होगा। उन्होंने आगे बताया कि डायबिटीज के कारण हार्ट फेल्योर के भी चांस होते हैं जो बहुत कम लोगों को मालूम है। इस तरह के सेमिनार के आयोजन से बहुत सी जानकारियां प्राप्त होती है और लोग जागरुक भी होते हैं। फ़िलवक्त 2 से 3 प्रतिशत ही टाइप वन के मरीज हैं। अन्य मरीज टाइप 2 के हैं। डायबिटीज के प्रति लोगों को जागरूक होना ज़रूरी है। खानपान के कारण भी डायबिटीज होते हैं। पहली बार इस कॉन्फ्रेंस में मरीजों को भी जागरूक किया जा रहा है। करीब 150 मरीजों को बुलाया गया था। सबों की जांच हुई और उन्हें जागरूक किया गया।उन्होंने बताया कि सेमिनार में शुभारंभ के दौरान बिरसा मुंडा अल्बर्ट एक्का सहित अन्य महापुरुषों के नाम का संबोधन हुआ और उनकी उपलब्धियों को बताया गया। प्रेस कांफ्रेंस में शहर के जाने माने चिकित्सक डॉ0 यू0 के0 ओझा, ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ0 भी0 एस भी प्रसाद, डॉ0 सीमा, डॉक्टर जी चटर्जी शामिल थे।

## गोसाईडीह में सार्वजनिक सड़क का अतिक्रमण रोकने की गुहार



**संवाददाता धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्या से संबंधित आवेदन समर्पित किए। जनता दरबार में गोविंदपुर के गोसाईडीह स्थित कुंज विहार सेक्टर 1 से आए लोगों ने आवेदन देकर उपायुक्त को बताया कि वहां 15 फीट चौड़े सार्वजनिक सड़क को किसी व्यक्ति द्वारा जबरन कब्जा कर अतिक्रमण किया जा रहा है। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि इस संबंध में उन्होंने अंचल अधिकारी गोविंदपुर एवं गोसाईडीह के मुखिया सहित अन्य कार्यालयों में आवेदन दिया है। लेकिन अब तक सार्वजनिक सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने की कार्रवाई नहीं हुई है। उपायुक्त ने मामले पर त्वरित संज्ञान लेकर अंचल अधिकारी गोविंदपुर को जांच करने का निर्देश दिया है। वहीं जनता दरबार में सिंदरी से आए एक व्यक्ति ने ब्रेन ट्यूमर का इलाज बेंगलुरु में कराने के लिए सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया। साथ हीं बाघमारा के छोटा मंझलाडीह से आए व्यक्ति ने पैतृक जमीन पर अवैध तरीके से हो रही खरीद बिक्री को रोकने, बरोरा से आए व्यक्ति ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना का लाभ देने, सिंदरी से आए व्यक्ति ने दिव्यांग कोटा में स्कूटी देने के अलावा झरिया से आए व्यक्ति ने कैंसर का इलाज करने के लिए सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया। आवेदनों का समाधान करने के लिए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया।।जनता दरबार में निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज़ अहमद, डीडीएमए के संजय कुमार झा भी मौजूद थे।

## जोगताः पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ग्रामीणो से मिले, दूसरी ओर बेधड़क हो रहा ओबीआर डंप







**संवाददाता धनबाद।** कनकनी कोलियरी में संचालित हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा जोगता 15 नंबर में ओबीआर डंप को लेकर हुए बवाल के दूसरे दिन बेधड़क ओबीआर डंपिंग कार्य जारी रखा। वहीं घटना की खबर पाकर पूर्व मंत्री व कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो अपने समर्थको के साथ जोगता पहुंचकर भुक्तभोगी ग्रामीणो पर मरहम पट्टी लगाई। ग्रामीणो से पूरे घटनाक्रम व समस्या की जानकारी लेने से बाद मौके से सिजुआ जीएम से दूरभाष पर बात की। जीएम ने बिजली पानी बहाल करने का आश्वासन दिया। डंपिंग मामले में महतो ने कहा कि वे ग्रामीणो के साथ हैं। एक प्रतिनिधिमंडल के द्वारा जीएम से वार्ता कर इसका हल निकालने का काम किया जाएगा। कहा कि दोनों ओर गरीबों के बाल बच्चे हैं। उनकी मानसिकता दोनो को आपस में लड़वाने की नही है। मामले को आपस में मिल बैठकर निदान करवाना है। इधर आउटसोर्सिंग समर्थक खड़ा होकर ओबीआर डंप करवाते रहे। जबकि दूसरी ओर पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ग्रामीणो से उनकी समस्या से रूबरू हो रहे थे। ओबीआर डंप के दौरान ग्रामीण जहां पूर्व की घटना से भयभीत थे वहीं खुद को काफी असहाय महसूस कर रहे थे। बुधवार को जबरन ओबीआर डंपिंग के दौरान आउटसोर्सिंग समर्थक व ग्रामीणो के बीच हुई पत्थरबाजी एवं बंद के बाद जोगता 15 नंबर सहित आसपास के इलाके में बिजली गुल हो गई। इससे 3 सौ घर प्रभावित हो गया। बिजली कटने से ग्रामीणो में खासा रोष उत्पन्न हो गया है। मामला तनावपूर्ण बना हुआ है। ग्रामीणो ने प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि एक सोची समझी साजिश के तहत कुछ गुंडों के बल पर ओबीआर डंपिंग करवा रही है। लोगों को परेशान करने की नीयत से बिजली काट दी गई। युवा कांग्रेस के कतरास नगर अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन की दोरंगी नीति किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साजिश के तहत करीब दो हजार लोगों के समक्ष बिजली की किल्लत उत्पन्न कर दी गई है। जो मानवता को शर्मसार करने वाली है। कहा कि समय रहते यदि डंपिंग कार्य बंद कर बिजली व्यवस्था बहाल नहीं किया जाता है तो आर पार की लड़ाई होना तय है। मौके पर छोटू रवानी, कृष्णा राम, नूर आलम, धर्म तुरी, संजय तुरी, शंभु तुरी, लालबहादुर पासवान, हलीम अंसारी, अनीता देवी, मीना देवी, प्रताप चौहान, बिकास चौहान, नूर हुसैन, कृष्णा राम, हलीम अंसारी, शंभू तूरी, प्रताप चौहान, लालबहादुर पासवान, गुड्डु अंसारी, शोभा देवी, शोएब अंसारी, छोटू चौहान, पप्पू तूरी, नीलम देवी, संजय कुमार आदी मौजूद थे।

## कतरास कॉलेज की बस छात्रों की सेवा में लाई जाय : एनएसयूआई



**संवाददाता कतरास।** एनएसयूआई की मांग पर बाघमारा ब्लॉक के क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी गौतम कुमार ने कतरास कॉलेज के प्राचार्य से मुलाकात कर कॉलेज कैंपस में खड़ी बस की जांच की। जांच के उपरांत प्राचार्य से बस न चलाए जाने का कारण पूछे जाने पर बताया गया कि फंड के अभाव के कारण या बस काफी लंबे समय से कॉलेज कैंपस में पड़ी हुई है। वहीं कॉलेज के अध्यक्ष नीतीश सैनी एवं जिला सचिव आकाश प्रमाणिक का कहना है कि आज से कुछ दिन पहले हीं प्राचार्य से मुलाकात कर कहा कि इस बार विश्वविद्यालय द्वारा यूजी सेमेस्टर 5 के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारित की गई है और कतरास कॉलेज का परीक्षा केंद्र बाघमारा निर्धारित किया गया है। जहां ठंड के मौसम होने के कारण दिन जल्द हीं ढल कर अंधेरा हो जाता है। वहीं छात्र-छात्राओं को सुविधा मिल सके इसके लिए बस सेवा चालू करने की बात रखी थी। साथ ही जिला महासचिव चितरंजन सिंह एवं कतरास नगर अध्यक्ष साहिल खान ने कहा कि अगर कतरास कॉलेज के पास बस सेवा चालू करने के लिए फंड नहीं है तो कॉलेज विश्वविद्यालय को बस सौंप दे। विश्वविद्यालय छात्रों की सेवा में बस की शुरुआत कर लेगी। जांच के दौरान उपस्थित बाघमारा के क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी गौतम कुमार, कतरास कॉलेज के प्राचार्य बी,के झा, जिला महासचिव चितरंजन कुमार सिंह, जिला सचिव आकाश कुमार प्रमाणिक, नगर अध्यक्ष साहिल खान, कॉलेज अध्यक्ष नीतीश सैनी, कार्यकारी अध्यक्ष तारीख अनवर,प्रीतम, अफरोज आदि मौजूद थे।

## एसीबी की बड़ी कार्रवाई : सिविल सर्जन ऑफिस के लिपिक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ किया गिरफ्तार




**संवाददाता धनबाद।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने धनबाद के सीएस कार्यालय में शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए लिपिक पद पर स्थापित उमेश प्रसाद को 4000 घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।

**सूचना के बाद एसीबी ने की करवाई-** बता दें कि सिविल सर्जन ऑफिस में लिपिक में स्थापित उमेश यादव दिव्यांग मेडिकल तथा डॉक्टर की संचिका विभाग संभालता है, वही घूस लेने की सूचना के आधार पर उमेश को शुक्रवार की सुबह रंगे हाथ एसीबी की टीम ने कारवाई की।

**4000 रिश्वत की थी मांग-** विकलांग सर्टिफिकेट बनाने के नाम पर 4000 रिश्वत मांगने को लेकर जानकारी मिली थी। जिसके बाद एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर उमेश से पूछताछ कर रही है।

## अमर बाउरी के आगमन को लेकर निरसा में प्रेसवार्ता का आयोजन, यज्ञ मैदान में होगा सम्मान समारोह



**संवाददाता निरसा।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी के निरसा विधानसभा में आगमन पर निरसा स्थित यज्ञ मैदान में भाजपाइयों द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष प्रकाश बाउरी, चिरकुंडा नगर परिषद निवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी, भाजपा युवा जिलाध्यक्ष बाम्पी चक्रवर्ती, प्रखंड अध्यक्ष वृहस्पति पासवान, पूर्व जिला परिषद सदस्य मिथुन रुहिदास, प्रदीप बाउरी, परेश बाउरी आदि शामिल हुए। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रकाश बाउरी एवं निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि विपक्ष के निम्न स्तर की राजनीति के चलते लगभग चार वर्षों तक बाबुलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष बनने नही दिया गया है। जिसके बाद अमर बाउरी को नेता प्रतिपक्ष के लिए नामित किया गया। जिसके बाद सरकार मजबूर होकर उनको बनाने की प्रक्रिया की। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद उनका निरसा आगमन नही हुआ था। हमलोगों ने उनके पास निरसा आने का प्रस्ताव रखा था। जिसे उन्होंने सहस्त्र स्वीकार कर लिया है। इसी यज्ञ मैदान में 6 जनवरी 2 बजे उनका भव्य स्वागत किया जाएगा।

## बाघमारा विधायक ने धनबाद स्थित सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता की, पूर्व एसएसपी संजीव कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाए



**संवाददाता धनबाद।** धनबाद के बाघमारा विधायक ने धनबाद स्थित सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को संबोधित करते हुए धनबाद के पूर्व एसएसपी संजीव कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जब तक संजीव कुमार धनबाद यस एसएसपी के रूप में रहे हैं तब तक धनबाद की पहचान धनबाद हीं पूरे देश में हो गया है कि धनबाद कोयला चोर है। वही मीडिया को संबोधित करते हुए विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि धनबाद में कोयला चोरी के क्रम में सैकड़ों लोगों की जान संजीव कुमार के द्वारा की गई है। जहां कोयला चोरी हुई है वहां कितने लोग की मौत दबाने से हो गई है जिसका पूरा का पूरा जिम्मेवार एसपी संजीव कुमार होंगे। यहां तक कि धनबाद में हत्याएं हुई जिसमें संजीव कुमार हैं। उनके कार्यकाल में क्राइम देखा जाय तो क्राइम का ग्रोथ काफी ऊपर दिखाई दिया। जबसे उनका तबादला हुआ तब से आज कहीं भी कोयला चोरी का काम जो है, बंद पड़ा है। उन्होंने धनबाद के नए एसपी की सराहना की। आज बी सी सी एल भी वही है और सीआईएसएफ भी वहीं है। आज चोरी नहीं हो रहा है। उन्होंने सरकार से अपील की कि संजीव कुमार एसपी पर जांच बैठाई जाय।

# हिट ऐंड रन...पहले व्यवस्था दुरुस्त हो, फिर सख्ती

ऋतुपर्ण दवे

यकीनन कानून में सुधार वक्त का तकाजा है। रही बात दुर्घटना करने वालों की पतासाजी की तो आजकल जगह-जगह सीसीटीवी लगे हैं। टोल नाके भी हैं। सबके साथ समन्वय बिठाकर भी आरोपित तक पहुंचा जा सकता है। जब बड़े-बड़े हाइवे और राजमार्गों पर अरबों रुपये खर्च होते सकते हैं तो क्या कुछ हजार और खर्च कर हर किलोमीटर पर सीसीटीवी नहीं जरूरी नहीं हो सकते? यकीनन तीसरी आंख और तकनीक की निगरानी से ड्राइवरों पर नकेल के साथ सुरक्षा भी दी जा सकती है, जिसका सभी पर मनोवैज्ञानिक असर पड़ेगा। जब व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी तो सख्त और प्रैक्टिकल कानूनों से भला कोई क्यों ऐतराज करेगा? सुकून की बात है कि ट्रांसपोर्टर्स की देशव्यापी हड़ताल खत्म हो गई। इससे भी अच्छी बात यह रही कि सरकार को जल्द समझ आ गया कि मामला हाथ से निकलता दिख रहा है। इधर देशभर के तमाम ट्रांसपोर्टर संगठनों को 'हिट ऐंड रन' मामले में सजा के नए प्रावधानों को लेकर न केवल काफी भ्रम था बल्कि खासकर ड्राइवरों की चिंता वाजिब थी। हो सकता है कि एकाएक सरकार के बैकफुट पर आने की वजह सामने आ रहे आम चुनाव हों? लेकिन कानून के सबसे ज्यादा असर से डरे ड्राइवरों का डर और भविष्य कि चिंता भी नकारी नहीं जा सकती है। कम तनख्वाह, गरीबी गुजारा और साधारण रहन-सहन के चलते भारत के समकक्ष माने जाने वाले देशों के मुकाबले हमारे प्राइवेट ड्राइवरों की हैसियत एक मजदूर से ज्यादा नहीं है। भारत में हर साल करीब साढ़े चार लाख सड़क दुर्घटनाओं में डेढ़ लाख मौतें होती हैं। जबकि हिट ऐंड रन से 25-30 हजार लोगों की जान चली जाती है। सच है कि दुर्घटना जानबूझकर कोई नहीं करता। लेकिन दुर्घटना के बाद ड्राइवर फरार हो जाते हैं, क्योंकि यदि रुकेगा तो आसपास इकट्ठी हुई भीड़ बिना गलती जाने खुद ही फैसला करने लगती है। अनेकों उदाहरण सामने हैं कि सड़क दुर्घटनाओं के बाद पकड़े गए ड्राइवर किस बुरी तरह पिटते हैं, उनकी मौत तक हो जाती है। कई बार लदा-लदाया वाहन समेत ड्राइवर को जिंता तक जला दिया जाता है। ऐसे सार्वजनिक कृत्य करने वालों के खिलाफ अकसर मामला तक दर्ज नहीं होता। ड्राइवर जान से हाथ धो बैठता है तो उसका परिवार अनाथ होकर दर-दर भटकने को मजबूर। भारत में करीब एक करोड़ कमर्शियल वाहन हैं जिससे 20 करोड़ लोगों को काम मिलता है। ऐसे में



हड़ताल होने से हुआ नुकसान समझ आता है। निश्चित रूप से सरकार द्वारा इस कानून पर सोच-विचार कर, ट्रांसपोर्टर्स का पक्ष जानने की पहल अच्छी है। लेकिन यही काम पहले भी हो सकता था जब इसके संशोधन खातिर अमल में जुटे विशेषज्ञ और नौकरशाह दूर की सोचते। क्या उन्हें नहीं पता था कि ट्रांसपोर्टर संगठन कितना मजबूत है? वाहनों के पहिये थम जाएंगे तो हालात कैसे बेकाबू हो जाएंगे? वही हुआ। यकीनन ट्रांसपोर्टेशन देश की अर्थव्यवस्था के साथ आम लोगों की सभी जरूरतों की पूर्ति करता है। सब्जी, भाजी, दूध, अनाज, दवाई और आम और खास सभी के आवागमन का जरिया भी है। ऐसे में हड़ताल से एक ही दिन में देशभर में महज पेट्रोल-डीजल की किल्लत तो सब्जियों के दूने भाव ने हालात कहां से कहां पहुंचा दिए सबने चंद घंटों में देख लिया। यह सही है कि भारतीय न्याय दंड सहिंता में पहले हिट-एंड-रन जैसी घटनाओं खातिर कोई सीधा कानून नहीं था। जिसमें आरोपित पर आईपीसी को धारा 304 ए में अधिकतम दो साल की जेल या जुर्माने का प्रावधान रहा है। लेकिन नई भारतीय न्याय संहिता यानी बीएनएस जो ब्रिटिश-कालीन भारतीय दंड संहिता की जगह बना, उसमें यदि ड्राइवर से गंभीर सड़क दुर्घटना होती है और वह पुलिस या किसी अधिकारी को जानकारी दिए बिना चला जाता है, तो उसे दंडित किया जा सकेगा। इसमें 10 साल तक की जेल और 7 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। लेकिन बड़ा सवाल कि आरोपित ड्राइवर की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी होगी, भले ही टक्कर सामने वाले की गलती से हुई हो? वहीं दुपहिया वाहनचालकों के मामले तो अकसर सामने या साइड से आकर पीछे के चक्कों से दुर्घटनाग्रस्त होने के न जाने कितने मामले हैं। निश्चित रूप से हरेक में मौके पर आरोपित बड़ा वाहन वाला ही कहलाता है। लेकिन अकसर देखने में आता है कि बड़े वाहन भी साइड देते समय सड़क नहीं छोड़ते हैं। सामने से आ रहा वाहन चालक इस मुगालते में रहता है कि खाली सड़क है साइड मिलेगी। लेकिन पलक झपकते आमने-सामने आ जाते हैं और नतीजा गंभीर दुर्घटना में तब्दील हो जाती है। भारत में इस कानून में सुधार की दरकार जरूरी है। लेकिन सभी पहलुओं पर विचार के साथ। दुनिया भर के कानूनों को भी देखना होगा जहां ड्राइवर बनना एक सम्मानजनक पेशा है। संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई में ऐसे मामलों में ड्राइवर को सबसे पहले गाड़ी से जुड़े दस्तावेज पुलिस को सौंपने होते हैं। अगर घटनास्थल पर पुलिस नहीं है तो छह घंटे के अंदर जानकारी पुलिस को देनी होगी। देरी पर वजह बतानी होगी। यहां ड्राइवर को चार साल की जेल हो सकती है। लेकिन एक्सीडेंट के कारण कोई घायल होता है और उसे हॉस्पिटल ले जाया जाता है तो दोषी ड्राइवर को दो साल की जेल और 22 हजार रुपये तक जुर्माना वसूला जाएगा। कनाडा में ड्राइवर को पांच साल की जेल लेकिन एक्सीडेंट से मौत पर आजीवन कैद का प्रावधान है। गलत जानकारी देने पर जुर्माना बढ़ सकता है। अमेरिका में अलग-अलग राज्यों के अलग-अलग नियम हैं। ब्रिटेन में ड्राइवर के मौके पर रहना या भाग जाना भी सजा तय करता है। यहां अनिश्चित जुर्माने के साथ 6 माह की जेल का प्रावधान है। सबसे कम सड़क दुर्घटनाएं जापान में होती हैं। वर्ष 2020 में से केवल 3416 लोगों को ही अपनी गंवानी पड़ी। लेकिन अमेरिका, जापान, नार्वे, स्विटजरलैंड जैसे विकसित देशों की तुलना हम बहुत पीछे हैं। यहां हिंट ऐंड रन से मौतों का आंकड़ा अत्याधिक है जिसकी वजह लापरवाही, गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के साथ सड़क नियमों का पालन नहीं करना है। इसमें सीट बेल्ट, हेलमेट नहीं पहनना तथा ओवर स्पीडिंग है जो कैमरों से पकड़ी जा सकती है तो नशे में गाड़ी चलाने वालों की जांच टोल नाकों पर ऑटोमेटिक मशीनें लगाकर की जा सकती है, जो अगले पुलिस टीम, चौकी या उड़नदस्ते को संदेश भेज दे।


## नतीजा संवाद से परहेज का

सड़क हादसों को रोकने के लिए नजरिए में मूलभूत परिवर्तन की आवश्यकता है। जहां ड्राइवरों की गलती हो, उन्हें बेशक सख्त सजा मिलनी चाहिए, लेकिन हादसे की परिस्थितियों को भी अवश्य में ध्यान में रखा जाना चाहिए। अगर केंद्र सरकार कानून बनाने के पहले सभी हित-धारकों से संवाद के रास्ते पर चलती, तो ट्रक, बस और टैंकर चालकों को हड़ताल पर नहीं जाना पड़ता। लेकिन हित-धारकों की बात तो अलग, सरकार ने देश की आपराधिक दंड संहिता और साक्ष्य कानून में व्यापक बदलाव बिना विपक्ष के साथ भी संवाद कायम किए कर दिया। अब चूंकि नई भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के बारे में प्रभावित हो सकने वाले लोगों को जानकारी मिल रही है, तो उनका असंतोष सामने आ रहा है। इसकी पहली मिसाल ड्राइवरों की हड़ताल के रूप में देखने को मिली, जिसका सीधा असर आम परिवहन और जरूरी चीजों की सप्लाई पर पड़ा। जब हड़ताल से जन-जीवन बाधित हुआ, तब केंद्र की तरफ से ड्राइवरों के संगठनों से बातचीत की पहल की गई। फिलहाल, केंद्र के आश्वासन पर यकीन कर ड्राइवरों ने हड़ताल वापस ले ली है। लेकिन इस प्रकरण से वर्तमान सरकार की पहले निर्णय लेने और फिर सोचने के रवैये पर फिर से गंभीर सवाल जरूर खड़े हुए हैं। ड्राइवरों की शिकायत है कि नए कानून में सड़क हादसों के मामलों में बेहद सख्त सजा का प्रावधान कर दिया गया है। नई संहिता के तहत अगर कोई वाहन चालक किसी सड़क हादसे के बाद बिना पुलिस या प्रशासन को सूचित किए बिना वहां से चला जाता है, तो उसे 10 साल तक की जेल या सात लाख रुपये तक के जुर्माने की सजा हो सकती है। ट्रांसपोर्ट संगठनों का सवाल है कि हादसा होने की स्थिति में अगर भीड़ चालक पर हमला कर दे, तो उस हाल में ड्राइवर खुद को बचाएगा या प्रशासन को सूचित करने की कोशिश में अपने को भीड़ के हवाले कर देगा? यह सच है कि भारत में ट्रक-बस-टैंकर चालकों का जीवन मुश्किलों से भरा होता है। हादसे हमेशा उनकी गलती से नहीं होते। भारत की सड़कें और लचर ट्रैफिक सिस्टम अक्सर हादसों का कारण बनते हैं। ऐसे में हादसे रोकने के लिए नजरिए में बदलाव की आवश्यकता है। जहां ड्राइवरों की गलती हो, उन्हें बेशक सख्त सजा मिलनी चाहिए, लेकिन हादसे की कुल परिस्थितियों को भी अवश्य में ध्यान में रखा जाना चाहिए।

## चूंकि चाल सियासी है

सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी सटीक है कि सारे आंकड़े सार्वजनिक दायरे में रखना उचित होगा, ताकि ऐसी नीतियां बन सकें, जो आम जानकारी पर आधारित हो। मगर बड़ा सवाल यह है कि क्या ऐसी नीतियां बनाना सचमुच बिहार सरकार के एजेंडे में है? बिहार सरकार ने जातीय सर्वेक्षण के आंकड़ों के बारे में सुप्रीम कोर्ट में उलटा तर्क रखा। राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि सर्वे से प्राप्त आंकड़ों पर अभी काम किया जा रहा है। आंकड़ों का विश्लेषण पूरा होने के बाद उन्हें सार्वजनिक कर दिया जाएगा। यह तर्क उलटा इसलिए है क्योंकि विश्लेषण का काम पूरा हुए बिना ही नीतीश कुमार सरकार ने राज्य सरकार की नौकरियों में आरक्षण को बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया। जाहिर है, महागठबंधन सरकार का मकसद आरक्षण बढ़ाकर एक खास राजनीति संदेश देना था। इस कदम का आधार तैयार करने के लिए उसने जातीय सर्वेक्षण करवाया था। बहरहाल, अगर राज्य सरकार का मकसद सचमुच जातीय आधार पर पिछड़ेपन को दूर करना होता, तो वह पहले ईमानदारी से सारे आंकड़े सार्वजनिक दायरे में रखती- फिर उनके आधार पर सार्वजनिक बहस आयोजित की जाती। इस तरह पिछड़ापन दूर करने के लिए सूचना और समझ आधारित विकास नीति का निर्माण हो सकता था। संभव है कि इस बहस के दौरान समझ बनती कि आरक्षण में वृद्धि भी एक जरूरी कदम है। लेकिन इसके साथ कई और कदमों पर अमल करने की बात सामने आती, क्योंकि आरक्षण में बढ़ोतरी अपने-आप में पर्याप्त उपाय नहीं है। मगर बिहार की सत्ताधारी पार्टियों का मकसद जातीय भावना उभार कर चुनावी बैतरणी पार करना है। अब चूंकि एक जन हित याचिका के जरिए मुद्दा सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है, तो प्रदेश सरकार को न्यायिक निर्णय का इंतजार करना होगा। इस बीच सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी सटीक है कि सारे आंकड़े सार्वजनिक दायरे में रखना उचित होगा, ताकि राज्य सरकार ऐसी नीतियां बना सके, जो आम जानकारी पर आधारित हो। मगर बड़ा सवाल यह है कि क्या ऐसी नीतियां बनाना सचमुच बिहार सरकार के एजेंडे में है? अगर ऐसी नीतियों पर सचमुच अमल करना हो, तो शिक्षा, स्वास्थ्य, और जन कल्याण से संबंधित उसके मौजूदा कार्यक्रमों में बुनियादी बदलाव करने होंगे।

## राम आ रहे हैं... : राम मंदिर अयोध्या- 400 वर्षों में पहली बार बन रहा ऐसा अनुपम मंदिर



विजय कुमार झा

साढ़े चार सौ वर्षों के अथक संघर्ष के बाद अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है। भगवान श्री राम आ रहे हैं और आगामी 22 जनवरी को अपने घर में विराजमान होंगे। प्राण-प्रतिष्ठा पूरी हुई, तो दर्शन प्रारंभ हो जाएगा। ऊपर मंदिर का निर्माण चलता रहेगा। दो मंजिल और बननी है। उसे बनने में और एक साल लगेगा। श्रीराम जन्मभूमि न्यास के महासचिव चंपत राय का कहना है कि अगर हम सच्चाई पर है तो हमारी जीत 500 साल के बाद भी हुई। अगर हम राम का काम कर रहे हैं और राम ही हृदय में है, तो विजय तय है।

अयोध्या में पिछले दिनों निखिल मंत्र विज्ञान की ओर से गुरुदेव नंदकिशोर श्रीमाली द्वारा आयोजित एक आध्यात्मिक शिविर में श्री राय ने बताया कि इस मंदिर की नक्काशी अपने-आप में मंत्रमुग्ध करने वाली है। पत्थरों की ऐसी अनूठी रचना है। संभवतः उत्तर भारत में 200-400 साल में ऐसी भव्य और विशाल कोई रचना नहीं बनी है। 380 फीट लंबाई, 250 फीट चौड़ाई और जमीन से शिखर 161 फीट, तीन मंजिला, एक-एक मंजिल 20 फीट ऊंची, 392 खंभे। ये सभी इसकी विशालता बताने को काफी हैं। श्री राय ने यह भी कहा कि इस मंदिर पर किसी का नाम नहीं लिखा जाएगा, क्योंकि लाखों लोगों ने इसके लिए अपना जीवन दिया, उनका नाम कौन लिखेगा?

**बिजली-पानी सहित कई मायनों में ऐसे आत्मनिर्भर बनेगा मंदिर** : निर्माणाधीन अयोध्या राम मंदिर बिजली-पानी सहित कई मायनों में पूर्ण आत्मनिर्भर बनने जा रहा है। कल्पना है कि 50 हजार लोग रोजाना मंदिर आया करेंगे। 20 से 25 हजार तो रोज आते ही हैं। उन सभी लोगों के लिए झोला, चप्पल, जूता, पर्स, मोबाइल आदि रखने के लिए एक निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी। उसके बाद ही वे मंदिर में अंदर प्रवेश कर सकेंगे। इतनी बड़ी संख्या में लोग अंदर जाएंगे और बीच में किसी को लघुशंका लगी, तो कहां जाएंगे, इसके लिए उसी परिसर में 300 शौचालयों का एक ब्लॉक बनाया जा रहा है। उसकी गंदगी नगर निगम के नाले में नहीं जाएगी। अंदर ही दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जा रहे हैं। पानी के शुद्धिकरण का प्लांट भी अंदर होगा। वर्षा जल की एक बूंद नगरपालिका की नाली में नहीं जाएगी। बिजली की लाइन अयोध्या-फैजाबाद की लाइन से नहीं होगी। नहीं तो सब-सिस्टम फेल हो जाएगा। यहां की जनता पर लाइन का लोड न पड़े, इसलिए 50 किलोमीटर दूर पावर हाउस से बिजली ली जाएगी। इस प्रकार मंदिर सभी मामलों में आत्मनिर्भर होगा। रोज दो लाख लीटर पानी की भी वैकल्पिक व्यवस्थी का जा रही है। इतना पानी नगर निगम सप्लाई नहीं कर सकता और जमीन का पानी और नीचे चला जाएगा।

**पूरी तरह चट्टानों से बन रहा मंदिर, जंग और नमी का डर नहीं** : चंपत राय के अनुसार जो मंदिर आज बन रहा है, वह पूरी तरह से पत्थरों का है। मंदिर में पत्थर में लोहा नहीं रहेंगे। जमीन के नीचे भी लोहा नहीं है, जमीन के ऊपर भी लोहा नहीं है। जमीन के नीचे कंक्रीट है, जमीन के ऊपर कंक्रीट भी नहीं है। जमीन के नीचे कंक्रीट है, ऊपर केवल पत्थर है। नींव ऐसी बनाई गई है कि 15 मीटर मोटी एक पत्थरों की चट्टान जमीन के नीचे ढालकर तैयार की गई है। लोहा नहीं है, इसलिए वह चट्टान हो जाएगा। लोहा होता तो जंग लगने के बाद फट जाता। उस चट्टान के ऊपर यह मंदिर खड़ा है। 21 फीट ऊंची प्लिंथ दी गई है, वह भी ग्रेनाइट के पत्थर से, ताकि जमीन की नमी न सोख पाए, अन्यथा पानी की नमी ऊपर चढ़ती चली जाएगी और 100-200 साल में पत्थर गीला हो जाएगा। इस मंदिर में 392 यानी लगभग चार सौ खंभे हैं। भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल। तीन तल हैं। हर तल की ऊंचाई 20 फीट है। बुजुर्गों के चलने के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था है। लिफ्ट की भी व्यवस्था है।

**महर्षि वाल्मीकि से लेकर शबरी और जटायु तक को भी स्थान** : राम मंदिर के लिए एक और कल्पना है। राम के जीवन में जिनका बहुत महत्व है या राम की कथा सुनेंगे, तो जिनका भी वर्णन सुनेंगे, वहां उन सभी को सम्मान दिया जा रहा है। महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ और महर्षि विश्वामित्र। जब राम-रावण युद्ध हुआ और बार-बार प्रयत्न के बाद भी जब रावण नहीं मरा, तो महर्षि अगस्त आए। उन्होंने राम को मंत्र दिया, आदित्य हृदय। उस मंत्र का पाठ करने पर राम जीत गए, तो मंदिर में महर्षि अगस्त का भी स्थान बनेगा। तीन पात्र और हैं- शबरी, ऋषि पत्नी अहिल्या और निषाद राज केवट। सबसे अंत में राम का संबंध आया है जटायु से, सो एक स्थान पर जटायु का भी बनाया जा रहा है। इन सभी का भी मंदिर बनेगा और यही संपूर्ण राम मंदिर की कल्पना है।

**भगवान सूर्यवंशी, इसलिए सूर्य की किरणें छूएगी ललाट** : चंपत राय ने बताया कि मंदिर में एक और विशेष व्यवस्था है। रामनवमी को भगवान राम का जन्म हुआ दोपहर को 12 बजे। भगवान सूर्यवंशी हैं, तो एक ऐसी व्यवस्था की गई है कि दोपहर को 12 बजने तक भगवान सूर्य की किरणें भगवान राम के ललाट को प्रकाशित करेंगी। मंदिर के चारों ओर एक चहारदीवारी बनाई गई है, आयताकार। उस चहारदीवारी के चार कोनों पर भी चार मंदिर हैं। एक मंदिर भगवान सूर्य का, दूसरा मंदिर भगवती का, तीसरा गणपति और चौथा मंदिर भगवान शंकर का और भगवान विष्णु तो बीच में बैठे ही हैं श्री राम। एक भुजा लंबी है, उसके बीच में हनुमानजी और दूसरी लंबी भुजा के बीचो-बीच अन्नपूर्णा। अन्नपूर्णा जहां बनेगी, वही भगवान की रसोई बनेगी और उसी से भगवान को भोग लगेगा।

## राजनीति के वनवासी मामा...

राकेश अचल

मेरी कमजोरी है की मै प्रायः व्यक्ति केंद्रित नहीं लिखता। लिखता भी हूँ तो केवल श्रृद्धांजलियाँ। कोई मित्र हो,नेता हो,साहित्यकार हो उसके जन्मदिन पर लिखना या उसके निजी निर्णयों पर लिखने में मुझे असहज होना पड़ता है, फिर भी अपवादों के लिए हर क्षेत्र में स्थान होता है। मेरे साथ भी अपवाद है। मैंने भी अपवादस्वरूप अनेक नेताओं के बारे में लिखा है किन्तु मेरे व्यक्तिकेंद्रित लेख स्तुतिगान कदापि नहीं है। आज भी मै अपने सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बारे में लिखने से अपने आपको रोक नहीं पा रहा। शिवराज सिंह भाजपा के उन तमाम नेताओं में से हैं जिन्हें जबरन और इरादतन ही नहीं बल्कि अदावतन पार्टी के मार्गदर्शक मंडल की ओर धकिया दिया गया है। आप कह स्काक्ते हैं कि शिवराज सिंह चौहान को राजनीतिक वनवास दे दिया है हालाँकि उन्हें वनवास के लिए किसी कैकेयी ने किसी दशरथ से वरदान नहीं मांगे थे। मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान की छवि एक मुख्यमंत्री के रूप में जो रही हो सो रही हो लेकिन एक जन नेता के रूप में वे मध्यप्रदेश के जगत मामा हैं। हर जाति,वर्ग की लड़कियां उन्हें अपना मामा और महिलाएं अपना भाई मानती है। ऐसे मामा को जब ठीक राजतिलक के समय वनवास की घोषणा कर दी गयी हो तब उनका और उनकी बहनों तथा भांजियों का आहत होना स्वाभाविक था। मध्यप्रदेश में लड़कियां और महिलाएं तो शासकीय अनुदान मिलने के बाद शायद अपना दर्द भूल भी जाएँ क्योंकि नए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शिवराज सिंह चौहान के समय शुरू की गयी किसी भी योजना को बंद नहीं किया है, लेकिन खुद मामा अपना दर्द भुला नहीं पा रहे। उनकी आंतरिक चोटें रह-रहकर कसकती रहतीं है। वे खुद कहते हैं कि कभी-कभी राजतिलक के समय वनवास भी मिल जाता है। शिवराज के मन की कसक का एक नया उदाहरण ये है कि उन्होंने अपने नए शासकीय आवास का नाम मामा का घर कर लिया है। मुझे जहाँ तक स्मरण आता है कि मध्यप्रदेश में इस तरह का कोई नामकरण मध्यप्रदेश बनने के बाद किसी नेता ने नहीं किया। कानून के मुताबिक ऐसा किया भी नहीं जा सकता, क्योंकि शासकीय आवास सरकार की सम्पत्ति है, व्यक्ति की नहीं। बहरहाल शिवराज सिंह चौहान को जो करना था सो उन्होंने कर लिया। नए घर के नामकरण से जाहिर है कि वे न मध्यप्रदेश छोड़ना चाहते हैं और न अपनी मामा छवि। उन्हें ऐसा करने के लिए विवश भी नहीं किया जा सकता, किन्तु मुझे लगता है कि मामा हठ शिवराज सिंह चौहान को ले डूबेगा, ठीक उसी तरह जैसे नर्मदा हरसूद को ले डूबी थी। भाजपा का मौजूदा हाईकमान बहुत हाई बोल्टेज वाला है। वो कुछ भी कर सकता है, कुछ भी यानि कुछ भी भाजपा हाई कमान मामा की विधायकी छीन कर उन्हें मध्यप्रदेश से बाहर कर सकता है। कोई बड़ी बात नहीं है कि एक-एक लोकसभा सीट के लिए परेशान भाजपा शिवराज सिंह चौहन को एक बार फिर मध्यप्रदेश की विदिशा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए विवश कर दे। शिवराज सिंह चौहान में इतनी कूबत नहीं है कि वे लोकसभा चुनाव लड़ने से इंकार कर सकें। लेकिन भाजपा हाईकमान शिवराज सिंह से न तो उनकी मामा वाली पहचान छीन सकता है और न मामागीरी करने से रोक सकता है। एक बात तय है कि शिवराज सिंह चौहान जब तक मध्यप्रदेश में एक पूर्व मुख्यमंत्री के रूप में मध्यप्रदेश में रहेंगे मौजूदा मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव की नयी छवि उभर नहीं पायेगी। लगातार 18 साल मामा बनकर जनमानस पर छाये शिवराज सिंह चौहान की छवि को आप पोस्टरों और होर्डिंग्स से तो हटा सकते हैं लेकिन जनता के मानस पटल से नहीं। शिवराज सिंह चौहान नए मुख्यमंत्री मोहन यादव के सिर पर हमेशा एक नंगी तलवार की तरह लटके रहेंगे। शिवराज सिंह चौहान का मामा का घर तो और मुसीबत पैदा करने वाला है। शिवराज सिंह चौहान का शासकीय आवास मुख्यमार्ग पर है और हर आते-जाते की नजर से गुजरता है। इसलिए उसे भुला पाना और कठिन काम है। मामा का घर श्यामला हिल से भले ही हट गया है किन्तु भोपाल में तो है! सवाल ये है कि भाजपा हाईकमान शिवराज सिंह की मामगीरी से खुद को और नए मुख्यमंत्री मोहन यादव को कैसे बचाएगा? यदि नहीं बचाएगा तो मध्यप्रदेश में मामा का योगदान बार-बार मोहन यादव की मुसीबत बढ़ता रहेगा। सवाल ये भी है कि शिवराज सिंह चौहान आखिर क्यों मामा बने रहना चाहते हैं? क्या वे पार्टी है कमान का भयादोहन करना चाहते हैं या वाकई में उन्हें अपनी मामा छवि से आशक्ति हो गयी है। मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान पहले मामा नहीं हैं जो जनता के दिल-दिमाग में बसे है। उनसे पहले भी आदिवासियों के बीच काम करने वाले एक मामा हुए थे। नाम था मामा बालेश्वर दयाल। बालेश्वर दयाल संसद के दोनों सदनों के सदस्य भी रहे। वे गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता थे लेकिन थे समाजवादी।




**मेष राशि-** कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा, नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर में यदि सहयोगी के साथ, खूबसूरती के साथ काम टालने हैं तो किसी को पता भी ना लगे ऐसा कार्य करें, जिससे आप किसी परेशानी में नहीं पड़े. व्यापारियों की बात करें तो व्यापारियों ने कल यदि बाजार से कुछ उधार ले रखा है तो उसे चुकता भी करें अन्यथा, मार्केट में आपकी इज़्ज़त भी खराब हो सकती है जिसके कारण आगे आपको कोई भी धन उधार नहीं देगा. युवा जातको की बात करें तो किसी भी कार्य को जल्दबाजी में करने से बचे, किसी भी कार्य को बिल्कुल शांत होकर करने का मन बनाएं.

**वृषभ राशि-** नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके कार्य स्थल पर आपके सहकर्मी विरोधी के रूप मेंअड़ंगा लगा सकते हैं. आप उससे बहुत अधिक सावधान रहें. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो खुदरा व्यापारी ग्राहकों को लेकर कल सतर्क रहे तो अच्छा रहेगा. वह किसी तरह से बखेड़ा खड़ा कर सकते हैं, इसलिए आप अपने माल की उत्पत्ति पर अधिक ध्यान दें अन्यथा, आप भी नुकसान में पहुंच सकते हैं. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातकों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा. उन्हें किसी ने नयी नौकरी की प्राप्ति हो सकती है . आप कल किसी से धन उधार ना लें, नहीं तो, वह आपके लिए समस्या बन सकता है. आप अपने उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए बहुत अधिक मेहनत करते रहें।

**मिथुन राशि-** कल का दिन सही रहेगा. कल नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपके ऑफिस में प्रमोशन हो सकता है, परंतु आपका नाम प्रमोशन लिस्ट में शामिल होने मे संदेह भी हो सकता है. इसीलिए आप इससे नाराज या दुखी ना हो, बल्कि अपना बेहतर प्रदर्शन करने का मौका तलाश करें. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो लकड़ी के व्यापारियों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा लकड़ी के व्यापारियों के लिए कल का दिन बहुत बढिया रहेगा उन्हें कल बहुत अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है. युवा जातकों की बात करें तो कंपटीशन की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए कल बहुत अधिक मेहनत की आवश्यकता है, तभी उन्हें सफलता की प्राप्ति हो सकती हैं.

**कर्क राशि-** नौकरी करने वाले जातकों की बात कर रहे हैं तो आपके करियर के क्षेत्र में अन्य दिनों की अपेक्षा कुछ और अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है, आप इसके लिए तैयार रहें तथा जमकर अपने प्रमोशन की तैयारी के लिए बहुत अधिक मेहनत करते रहें. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो हार्डवेयर के व्यापारियों को कल बहुत अधिक मुनाफा हो सकता है जिससे आप बहुत अधिक प्रसन्न भी रहेंगे. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातकों को कल अपनी क्षमता से अधिक मेहनत करनी होगी, तभी उन्हें सफलता की प्राप्ति मिल सकती है और उनका करियर भी बहुत अच्छी तरह से बन सकता है.

**सिंह राशि-** कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आपको आपके ऑफिस में आपके बॉस की ओर से बहुत अधिक जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिनको पूरा करके आपको अपने भविष्य के प्रमोशन की तैयारी करनी होगी, आपके बॉस आपके कार्य से बहुत अधिक प्रसन्न हो सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल होटल और रेस्टोरेंट का काम करने वाले व्यापारियों को कल अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है, परंतु आप अपने खाने की गुणवत्ता का ध्यान रखें, आपके कर्मचारी कुछ गड़बड़ कर सकते हैं, इसीलिए आप अपने खाने बनाने के स्थान पर जाकर निगरानी करें. कल युवा जातकों की बात करें तो युवा जातकों को कल अपनी मनचाही सफलता प्राप्त न होने के कारण थोड़ी सी परेशानी हो सकती है.

**कन्या राशि-** नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल उन्हें दूसरी जगह ट्रांसफर का लेटर मिल सकता है, उन्हें अपना बैग तैयार रखना चाहिए, उनको बाहर जाने के लिए कभी भी खबर मिल सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो यदि आपके व्यापार में कोई नया विचार उत्पन्न हो रहा है तो ऐसे में बदलाव को लेकर भी आप आपके दिमाग में नहीं-नई आईडिया आएंगे, आप कोई भी आईडिया नया अपना कर अपने पार्टनर से बातचीत कर सकते हैं, इससे आपका व्यापार और अधिक अच्छा चलेगा. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातकों के लिए कल का दिन अच्छारहेगा को टैलेंट को हथियार बनाकर आगे बढ़े, इससे आपको कामयाबी मिलेगी और आप सफल हो सकते हैं.

**तुला राशि-** कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो जो लोग नई नौकरी की शुरुआत कर रहे हैं उन्हें ऑफिस में किसी न किसी का सहयोगी बनकर कार्य करना होगा, इससे आप परेशान ना हो कार्य सीखने के लिए आपको किसी के अंडर में कार्य करना पड़ेगा. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो स्टील के व्यापारियों को कल उचित मात्रा में मुनाफा मिल सकता है. अन्य कारोबार भी अपनी सामान्य गति से बढ़ेंगे, परंतु स्टील के व्यापारियों को अधिक लाभ होगा. युवा जातकों की बात करें तो कल आप अपने सलाहकारों के आसपास ही रहे और उनकी सलाह आपके बहुत अधिक काम आ सकती है, इसलिए आप उनसे बातचीत करते रहें.

**वृश्चिक राशि-** नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको दफ्तर में उच्च अधिकारियों से अच्छे संपर्क बनाकर रखना होगा. उनके संपर्क से ही आपके आगे के रास्ते खुल सकते हैं. आपको पद में बढ़ोतरी मिल सकती है तथा वेतन में भी आपकी बढ़ोतरी हो सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो अनाज के व्यापारियों की आर्थिक आय बहुत अधिक बढ़ सकती है. कीमतों में अचानक से बढ़ोतरी होने के कारण उनका अनाज ऊंचे दामों पर बिक सकता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी अच्छी रहेगी और उनके परिवार में सुख संपन्नता आएगी. कल आपके परिवार में किसी बात को लेकर वाद विवाद हो सकता है. जिसके कारण आपका मन परेशान हो सकता है.


**धनु राशि-** कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल यदि आपने कहीं पर नौकरी के लिए नया आवेदन किया है तो उस चयनित लोगों की सूची में आपका नाम भी आ सकता है इससे आप बहुत अधिक प्रसन्न रहेंगे, परंतु आप अपने ऑफिस में अपने कार्यों को बहुत ही अधिक सतर्कता के साथ करें अन्यथा, आपके विरोधी आपको नीचा दिखाने का प्रयास भी कर सकते हैं.

**मकर राशि-** कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर में किसी भी प्रकार के आवश्यक कार्य में कोई जल्दबाजी न करें. अन्यथा, आपसे कोई कार्य खराब हो सकता है. आप उन कार्यों को धैर्य पूर्वक करें, आपको उन्नति मिल सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो टेलीकम्युनिकेशन के व्यापारियों को कल बहुत अधिक अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है, आपको कहीं पर डिवाइस लगाने का आर्डर मिल सकता है जिससे आपको बहुत अधिक धन की प्राप्ति हो सकती है. युवा जातकों की बात करें तो आप जो भी कार्य करेंगे या करना चाहते हैं उसे आप मन लगाकर करें, लक्ष्मी जी की आरती करके ही आप किसी कार्य की शुरुआत करें.

**कुंभ राशि-** कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको आपके कार्यक्षेत्र में बहुत अधिक सफलता की प्राप्ति हो सकती है और आपके अधिकारी आपके कार्य से बहुत अधिक प्रसन्न रहेंगे. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारी अपने कर्मचारियों से काम लेने के लिए अपने व्यवहार कठोरपन दूर रखें, अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें, तभी आपके कर्मचारी मन लगाकर कार्य कर सकेंगे और आपको आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा. आपका व्यापार अच्छा चलेगा.

**मीन राशि-** नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल नौकरी करने वाले जातकों के लिए पुरानी कंपनी से नौकरी के लिए ऑफर आ सकता है, यदि आपको पद और पैसा पहले नौकरी के मुकाबले अच्छा मिल रहा है तो आप यह ऑफर अपना सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करे तो कल दूध का व्यापार करने वाले जातकों को अच्छा मुनाफा मिल सकता है. बस आप अपनी क्वालिटी को मेंटेन करने का प्रयास करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा ग्राहक आपके पास आए. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातकों का कल मनोबल बहुत अधिक ऊंचा रहेगा.

झारखंड दर्शन की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक निमिषा कुमारी द्वारा मकान संख्या- 251, सेक्टर - 1 बी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, झारखंड, 827001 से प्रकाशित तथा शिवा साईं पब्लिकेशन प्रा0 लि0 काठीटांड़, रातू, रांची, झारखंड, 835222 से मुद्रित। प्रधान संपादक विनय कुमार तिवारी ( * पीआर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) फोन न0 7461033139, 8340571405



# दिल को ऐसे रखें दुरुस्त

मौसम में बदलाव का असर मानव शरीर पर भी पड़ता है। शरीर में परिवर्तन होते हैं। सर्दियों के मौसम में शरीर पर ये प्रभाव पड़ते हैं..

## रक्त वाहिनियों में सिकुड़न

इस मौसम में रक्त-वाहिकाएं (ब्लड वैसल्स)शरीर की गर्मी को संरक्षित (कॅन्जर्ब) करने के प्रयास में सिकुड़ जाती हैं। इसके अलावा सर्दियों में आम तौर पर(सामान्य स्थिति में) पसीना भी नहीं निकलता। इस कारण शरीर में साल्ट संचित हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप रक्तचाप(ब्लड-प्रेशर) बढ़ जाता है। ब्लड प्रेशर के बढ़ने से दिल पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इन सब कारणों से वे हृदय रोगी जो पहले स्वयं को ठीक महसूस कर रहे थे,उनकी दशा बिगड़ सकती है। ऐसे मरीजों को सांस लेने में दिक्कत होती है और इनके शरीर में सूजन आ सकती है।

## फेफड़ों पर दुष्प्रभाव

सर्दियों में वाइरल इंफेक्शन और गले व सांस की नलियों में संक्रमण होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। इन संक्रमणों का दुष्प्रभाव फेफड़ों पर पड़ता है। फेफड़े और दिल आपस में करीबी तौर से एक-दूसरे से सम्बद्ध हैं। इन संक्रमणों के कारण दिल पर बुरा असर पड़ता है।

## खान-पान का असर

सर्दियों में सामाजिक समारोह और कई त्योहार पड़ते हैं। वैसे भी अन्य ऋतुओं की तुलना में सर्दियों में भूख कुछ ज्यादा या खुलकर लगती है। इस स्थिति में लोग वसायुक्त चटपटे आहार ज्यादा ग्रहण करते हैं, जिससे शरीर में नमक(साल्ट)की मात्रा बढ़ती है। मौसम के नाम पर अनेक लोग शराब की मात्रा बढ़ा देते हैं। इन सब का दिल पर प्रतिकूल असर पड़ता है।

## व्यायाम व शारीरिक श्रम में कमी

सर्दियों के कारण आम तौर पर लोग कंबल लपेट कर लेटे रहना कहींज्यादा पसंद करते हैं। वे नियमित रूप से व्यायाम नहींकरते। इस कारण उनका वजन बढ़ने लगता है। वजन बढ़ना दिल की सेहत के लिए हानिकारक है।

## सार्थक सुझाव

उपर्युक्त स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए कुछ सुझावों पर अमल कर सर्दियों में आप दिल की सेहत को दुरुस्त रख सकते हैं..

- जो लोग हाई ब्लडप्रेशर से पीड़ित हैं,उन्हें खानपान में नमक की मात्रा कम से कम लेनी चाहिए। उन्हें नियमित तौर पर अपने ब्लड प्रेशर की जांच करनी या करानी चाहिए ताकि यह पता चल सके कि उनका ब्लडप्रेशर सामान्य रेंज में है या नहीं। यदि नहीं तो फिर डॉक्टर से परामर्श लेकर दवाओं की डोज सुनिश्चित कराएं।
- जाड़ों में दिल का दौरा(हार्ट अटैक) पड़ने के मामले बढ़ जाते हैं। हृदय रोगियों को कड़ाके की ठंड से बचना चाहिए।
- हाई ब्लडप्रेशर और हृदय रोगियों को टहलने की आदत को बरकरार रखना चाहिए, लेकिन उन्हें तड़के और देर शाम नहींटहलना चाहिए। सुबह खिली धूप निकलने के बाद ही टहलने जाएं।
- जिन लोगों के दिल की मांसपेशियां कमजोर हो चुकी हैं, ऐसे लोगों में सांस लेने में तकलीफ की समस्या पैदा हो सकती है। इन लोगों के पैरों में सर्दियों के मौसम में सूजन आ जाती है। ऐसे लोगों को कुछ ऐसी दवाएं दी जाती हैं, जिनसे मरीजों को पेशाब ज्यादा होता है, जिससे उनके शरीर में से अतिरिक्त पानी निकल जाता है। इन पीड़ित लोगों के संदर्भ में अगर हृदय रोग विशेषज्ञ साल्ट कम लेने और पानी कम पीने की सलाह देते हैं, तो सर्दियों के मौसम में विशेषज्ञ की इस सलाह पर सख्ती से अमल करना चाहिए। अगर कोई भी तकलीफदेह लक्षण सामने आएं, तो शीघ्र ही हृदय रोग विशेषज्ञ से परामर्श लें।
- सर्दियों में सीने में संक्रमण, दमा और ब्रॉन्काइटिस की समस्याओं के गंभीर होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। अगर कोई व्यक्ति पहले से ही हृदय रोग से ग्रस्त है, तो उपर्युक्त रोगों से उसकी हालत और भी खराब हो सकती है। ऐसी स्थिति आने के पहले ठंड से और प्रदूषण से बचने के लिए हरसंभव उपाय करें। शरीर को गर्म रखने के लिए पर्याप्त ऊनी वस्त्र पहनें।
- सांस संबंधी किसी भी तकलीफ के सामने आने पर शीघ्र इलाज कराएं। इस मौसम में कुछ विशेष तरह के संक्रमण ज्यादा खतरनाक होते हैं, जिनमें इंफ्लुएंजा और न्यूमोकोकल संक्रमण प्रमुख हैं। इनसे बचाव के लिए डॉक्टर से संपर्क कर टीका लगवाएं।
- खान-पान की आदतों में सकारात्मक सुधार लाएं। भूख से अधिक जमकर खाने की आदत सेहत के लिए अच्छी नहींहै। खासकर हाई ब्लडप्रेशर, हृदय रोग और डाइबिटीज से ग्रस्त रोगियों को अधिक खाने की आदत से बाज आना चाहिए। बेशक अगर आप उपर्युक्त सुझावों पर अमल करते हैं, तो सर्दियां आपके लिए तकलीफदेह साबित नहीं होंगी और आप इस मौसम का स्वस्थ रहकर लुत्फ उठा सकते हैं।





इन उपायों से पाएं

# कब्ज से छुटकारा


कब्ज होने के कई कारण हो सकते है जैसे ज्यादा तली चीजों का सेवन करना , मल को सही समय पर न त्यागना ,खाने के बाद एक ही जगह पर बैठे रहना या खाना खाने के तुंरत बाद सो जाना इन सभी कारणों से कब्ज की शिकायत हो सकती है। कब्ज जैसी बीमारी का उपचार आप साइड इफैक्ट्स वाली दवाइयों के बिना ही घर में मौजूद प्राकृतिक वस्तुओं से आसानी से कर सकते हैं ।

- साधारण कब्ज में रात में सोते समय 10-12 मुनक्का बीज निकालकर दूध में डालकर पी जाएं। इससे प्रातः खुलकर शौच आएगा।
- पुराना बिगड़ा हुआ कब्ज हो तो दो संतरों का रस खाली पेट प्रातः 8-10 दिन पीने से ठीक हो जाएगा लेकिन ध्यान रखें कि संतरों के रस में नमक, बर्फ या मसाला इत्यादि नहीं होना चाहिए।
- सुबह उठने के बाद रोजाना नींबू पानी में काला नमक मिलाकर इसका सेवन करने से कब्ज से छुटकारा पाया जा सकता है।
- कब्ज जैसी बीमारी से छुटकारा पाने के लिए रात को सोने से पहले पानी में एक चम्मच शहद मिलाकर पीने से कब्ज से राहत पाई जा सकती है।
- कई फल भी कब्ज जैसी बीमारी से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होते है जैसे पपीता और अमरूद का सेवन करने से कब्ज से राहत पाई जा सकती है।
- पालक का रस निकालकर या पालक की सब्जी खाने से भी कब्ज से राहत पाई जा सकती है।

# चक्कर जैसी बीमारी को दूर करने के घरेलु उपाय

चक्कर आने की स्थिति में हमारे आसपास की सारी चीजे घूमना शुरू हो जाती है । चक्कर आने के कई कारण हो सकते है जैसे मस्तिष्क में रक्त की प्रदाय कम होने के कारण, ब्लड प्रेशर कम होने के कारण या किसी बीमारी के कारण भी हमें चक्कर आना शुरू हो जाते है और चक्कर आने के कारण हमारा सिर भी दर्द होना शुरू हो जाता है। चक्कर आने की स्थिति में कुछ घरेलु उपाय अपनाकर इनसे छुटकारा पाया जा सकता है और अगर फिर भी चक्कर आने बंद न हो तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

- चक्कर आने पर हर रोज नारियल पानी का सेवन करना लाभदायक साबित होता है।
- तुलसी के पत्तों का सेवन या पानी के साथ तुलसी के पत्ते खाने से हमें कई रोगों से छुटकारा मिलता है और चक्कर आने पर तुलसी के पत्तों में चीनी या शहद मिलाकर इसे पीसकर इस रस का सेवन करने से चक्कर आना बंद हो जाते है।
- चक्कर आने पर तुरंत आराम करना चाहिए या थोड़ी देर लेट जाना चाहिए इससे आराम मिलता है। चक्कर ज्यादा आने पर चाय और कॉफी का सेवन कम करना चाहिए।
- नींबू पानी पीने से चक्कर आना बंद हो जाते है। पानी में नींबू का रस,चीनी मिलाकर पीने से चक्कर आने बंद हो जाते है।
- फलों के जूस का सेवन करना भी लाभदायक साबित हो सकता है।रोजाना ताजे फलों का सेवन करने से भी चक्कर आना बंद हो जाते है।
- चक्कर जैसे रोग से छुटकारा पाने के लिए खरबूजे के बीज भी लाभदायक साबित होते है ।खरबूजे के बीज को पीसकर उसे घी में भूनकर सुबह शाम इनका सेवन करने से चक्कर आना बंद हो जाते है।
- चक्कर आने पर एक गिलास ठंडा पानी पीने से चक्कर आना बंद हो जाता है।
- अदरक का सेवन करने से हमें कई रोगों से छुटकारा मिलता है ,चक्कर आने पर भी भोजन में या अगर चाय का सेवन भी करना हो तो चाय में अदरक डालकर इसका सेवन करने से चक्कर आना बंद हो जाते है।



# पैराप्लीजिया बेहतरीन हुआ इलाज



यह रोग अक्सर कमर की चोट या रीढ़ की हड्डी के टूटने से होता है। एक स्थापित इलाज के रूप में सर्जन ऑपरेशन द्वारा स्पाइनल कॉर्ड पर आये दबाव को हटाते हैं और जल्द रिकवरी लाने के लिये दवाओं और फिजियोथेरेपी का सहारा लेते हैं।

## ऐसे मिली राहत

जब ऐसी ही भयावह स्थिति सियोल (कोरिया) की एक 37 वर्षीय महिला के साथ घटित हुई, तब उसने अपने इलाज के साथ-साथ स्टेम सेल रिसर्च कार्यक्रम में भी भाग लेने का निर्णय लिया। इस केस स्टडी में महिला के स्पाइनल कॉर्ड के क्षतिग्रस्त हिस्से में गर्भनाल से प्राप्त स्टेम सेल्स को प्रत्यारोपित किया गया। 41 दिनों के भीतर ही उसमें सेंसरी एन्ड मोटर(संवेदना और शक्ति संबंधी) दोनों ही प्रकार की रिकवरी दर्ज की गयी, जो अपने आप में किसी चमत्कार से कम नहीं था।

## समीक्षा जरूरी

चूंकि एक केस में आये परिणाम सभी मरीजों पर लागू नहीं हो सकते। इसलिए अन्य शोधों की भी समीक्षा जरूरी है। सेल ट्रांसप्लांटेशन नामक मेडिकल जर्नल में छपे डॉ. जेफनर और डॉ. सांताक्रूज के लेख के अनुसार बोन मैरो से प्राप्त स्टेम सेल्स का स्पाइनल कॉर्ड इंजरी में मल्टीपल रूट से प्रयोग किया जा सकता है यानी उन्हें स्पाइनल कॉर्ड के अलावा रक्त में भी प्रवाहित किया जा सकता है। खास बात यह है कि उपरोक्त शोधकर्ताओं की तीन वर्ष की शोध के दौरान मरीजों में किसी प्रकार का साइड इफेक्ट नहीं पाया गया। साथ ही, उनमें आये सुधार को एशिया स्केल(रीढ़ की हड्डी में आयी चोट में सुधार का अंतरराष्ट्रीय मापदंड) के साथ-साथ वार्थेल स्कोर (जो जीवन की गुणवत्ता में आए सुधार का द्योतक है) में भी सुधार पाया गया।


## नतीजे अच्छे हैं

हाल में अमेरिका में कार्यरत वैज्ञानिकों ने 52 मरीजों को बोन मैरो से प्राप्त मल्टी पोटेन्ट स्टेम सेल्स दीं और किसी में भी ट्यूमर या इंफेक्शन नहीं हुआ। इसके अतिरिक्त बोन मैरो स्टेम सेल्स के प्रयोग के प्रयास अन्य विधियों द्वारा भी स्पाइनल कॉर्ड इंजरी के मरीजों पर किये जा रहे हैं। इनमें विशेष सफलता राबर्ट वुड जॉनसन मेडिकल स्कूल, न्यू जर्सी (अमेरिका) के प्रोफेसर डॉ. हातेम सबावी को मिली है। सबावी ने एक क्लोज सर्किट ब्लड बैग सिस्टम विकसित किया है, जो बेहद सुरक्षित होने के साथ-साथ प्रभावी भी है।

गौरतलब है कि अमेरिकी एसोसिएशन ऑफ न्यूरोलॉजिकल सर्जन्स की स्पाइनल कॉर्ड इंजरी के प्रबंधन के संदर्भ में आयी ताजा गाइडलाइंस ने कार्टिकोस्टेरॉयड के प्रयोग को रोक दिया है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इस स्टेरायड के प्रयोग से फायदा कम और नुकसान ज्यादा पहुंचता है। ऐसे में स्टेम सेल्स का प्रयोग रिपेयरिंग एन्ड रीजनरेशन (नस या नर्व को पुनर्जीवित करना) के लिये और भी प्रासंगिक हो जाता है।

हाल में की गई खोजों से न्यूरल प्रीकर्सर(नस बनाने वाली कोशिकाएं) और न्यूरल स्टेम सेल्स के प्रयोग को भी बढ़ावा मिला है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि देश में आटोलोगस बोन मैरो सेल ट्रांसप्लांटेशन लगभग तीन वर्ष पूर्व शुरू हुआ और उसके नतीजों से यह साफ हो गया कि यह थेरेपी प्रभावी होने के साथ-साथ सुरक्षित भी है। इसके बावजूद जिन मरीजों की चोट कमर के निचले भाग में थी, उनमें नतीजा बेहतर रहा, जबकि कमर के ऊपरी भागों में चोट लगने वाले लोगों में बहुत सुधार नहीं हुआ।

# ताकि फिट दिखें आप...



फिट रहना हर किसी के लिए जरूरी है, लेकिन होने वाली दुल्हन के लिए अपनी सेहत और फिटनेस पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। शादी की तैयारियों की दौड़भाग और तनाव के चलते डाइट पर कंट्रोल करना मुश्किल होता है। हालांकि कुछ बातों को ध्यान में रखकर वजन नियंत्रित रखा जा सकता है..

- दिन की शुरुआत नींबू मिले गर्म पानी से करें। आप चाहें तो इसमें क्रश किए हुए पुदीने की पत्तियां भी मिला सकती हैं।
- जब भूख लगे सूप या जूस पिएं।
- अगर आप कैलोरी में कटौती करना चाहती हैं तो सबसे पहले चीनी, आइसक्रीम, केक, पेस्ट्री और प्रोसेस्ड फूड को अपने खानपान में जगह न दें।
- रोजाना के हिसाब से अपना लक्ष्य बनाएं। प्रतिदिन आपको 1,600 कैलोरी मिलनी चाहिए, लेकिन इससे कम करने की कोशिश करें। यह ध्यान रखें कि दिनभर में आपको कम से कम तीन मील्स और दो स्नैक्स मसलन फल या रोस्टेड नट्स या फिर स्टीम्ड फूड लेना है।
- बेहतर दिन की शुरुआत के लिए ब्रेकफास्ट बहुत जरूरी है। हालांकि इस दौरान मीठे से बचें। लो फैट मिल्क प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता दें। एक-दो सर्विंग मल्टीग्रेन सीरियल, स्प्राउट्स या बींस और कटे हुए फल लें। इससे आपको ब्रेकफास्ट से लगभग 300 कैलोरी मिलेगी। बाकी कैलोरी आपको लंच और डिनर से मिलनी चाहिए।
- लंच/डिनर में होलग्रेन सीरियल, दालें या ग्रिल्ड फिश या चिकेन के एक टुकड़े के साथ लो फैट प्रोबॉयोटिक दही, सलाद और एक बाउल स्टीम्ड रंगीन सब्जियां लें।
- शादी से एक महीने पहले अचानक पांच किलो वजन घटाना भी ठीक नहीं है। अगर ऐसा चाहती हैं तो इसके लिए आपको शादी से छह महीने पहले अपने आहार पर ध्यान देना होगा। इसका सीधा असर आपके बाल और त्वचा पर पड़ेगा।
- अच्छी त्वचा के लिए गाजर, एप्रिकॉट, पीले और नारंगी रंग के फल व सब्जियां खाएं। पालक और अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों को भी प्राथमिकता दें। साथ ही टमाटर भी खाएं। इसमें मिलने वाले पोषक तत्व आपको हेल्दी रखेंगे।

## एक नजर

### 23 साल बाद बिहार में रणजी, अधिकारी बोले- अपनी रिस्क पर देखें

**पटना।** बिहार और झारखंड के विभाजन के बाद बिहार में पहली बार रणजी ट्रॉफी खेली जा रही है। मोइनुल हक स्टेडियम में मुंबई और बिहार के बीच मुकाबला जारी है। इस मैच को देखने के लिए एंट्री फ्री है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि जो भी दर्शक मैच देखें वो अपनी रिस्क पर देखें। स्टेडियम के अंदर बकायदा बोर्ड लगाया गया है। गैलरी में एंट्री बैन, खतरा। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (BCA) के पदाधिकारी ने कहा कि मैच देखने के लिए आम दर्शकों के लिए एंट्री बिल्कुल फ्री है। वह कभी भी आकर मैच देख सकते हैं, लेकिन अपनी रिस्क पर। ऐसा इसलिए क्योंकि स्टेडियम को 5 साल पहले खतरनाक घोषित किया गया था। इसकी हालत काफी जर्जर है। बीसीए की तरफ से डेंजरस जोन का नोटिस भी चिपकाया गया है। लोग आकर मैच देख सकते हैं, लेकिन अपनी रिस्क पर, इसके लिए बीसीए कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा।

### पटना में एसबीआई रिवार्ड प्वाइंट लेने के नाम पर ठगी



**पटना।** पटना में साइबर ठगों ने दो लोगों को अपना शिकार बना लिया है। ठगों ने अरुण प्रकाश के खाते से 50,000 तो वही स्मिता कुमारी से 22, 000 रुपए अकाउंट से उड़ा लिए। इन दोनों को एसबीआई का रिवार्ड प्वाइंट के नाम पर ठगी हुई है। दोनों मामलों को पटना के साइबर थाना में दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पटना के आरा गार्डन के रहने वाले अरुण प्रकाश ने अपने आवेदन में लिखा है कि उनके मोबाइल नंबर पर 3 जनवरी 8331872147 इस नंबर से मैसेज आया। मैसेज में एक लिंक दिया गया था। इसमें एसबीआई के द्वारा दिए गए रिवार्ड प्वाइंट को पैसे में कन्वर्ट करके अकाउंट में डालने की बात लिखी हुई थी। अरुण प्रकाश ने लिंक को क्लिक किया और अपना डिटेल भर के जैसे ही भेजा। एक मैसेज अरुण के मोबाइल पर आया। यह मैसेज अकाउंट से कटने का था। इसके बाद साइबर थाना के टॉल फ्री नंबर 1930 पर कॉल करके इसकी सूचना दी। जिसके बाद 4 जनवरी को साइबर थाना में मामला दर्ज कराया। पटना के मीठापुर की रहने वाली स्मिता अपने पति प्रिय रंजन के साथ रहती हैं।

### गिरफ्त में आए शातिर को रिमांड पर लेगी पुलिस



**पटना।** फर्जी अधिकारी बनकर लोगों से लूटपाट मामले में गिरफ्तार 3 अपराधियों को रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ करेगी। इसके लिए कंकड़बाग थाना अध्यक्ष ने सवालों का खाका तैयार किया है। पूछताछ के दौरान कई मामलों का खुलासा हो सकता है। कंकड़बाग थाना अध्यक्ष रवि शंकर प्रसाद ने कोतवाली पुलिस ने तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। जिसे रिमांड पर लेने की तैयारी है। पूछताछ के लिए कई सवाल है जो अनुसंधान के लिए गुप्त रखी गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरोह के सदस्य अब तक 50 लाख से अधिक की लूटपाट कर चुका है। जो अंतरजिला गिरोह का सदस्य है और नालंदा जिला के कई थाना में वांटेड है। नालंदा पुलिस से भी सहयोग लिया जाएगा। बता दें, गुरुवार को फर्जी अधिकारी बनकर लूटपाट करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया था। दो सगे भाई समेत 3 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जो BDO और सीओ बनकर लोगों से लूटपाट करते थे। गिरफ्तार अपराधी पर अलग-अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं। अपराधियों के पास से बरामद कार पर प्रखंड अध्यक्ष, दलित सेना लोजपा लिखा हुआ है। इस गिरोह में 15 से अधिक लोग शामिल हैं, जिसमें से 3 को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह में शामिल सदस्यों ने फर्जी अधिकारी बनकर पिछले साल नवंबर माह में हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार के साथ लूटपाट की थी।

# प्रॉपर्टी विवाद में महिला की गोली मारकर हत्या

## पटना में घर के बाहर बदमाशों ने मारी 3 गोलियां, इकलौते बेटे का भी हुआ था मर्डर

**एजेंसी, पटना।**



पटना में दिनदहाड़े बाइक सवार अपराधियों ने एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी है। महिला घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान अपराधी पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इससे महिला के सिर और आंख में 3 गोलियां लगी और मौके पर ही दम तोड़ दी। घटना बिहटा थाना क्षेत्र के पावर हाउस के पास की है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना बिहटा थाने को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। यहां से एक जिंदा कारतूस, 2 खोखा और एक बाइक बरामद किया गया है। बता दें कि कुछ माह पहले महिला के इकलौते बेटे की भी अपराधियों ने हत्या कर दी थी। पटना सिटी पश्चिमी एसपी राजेश कुमार ने बताया कि बाइक सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने गोली मारी है। प्रॉपर्टी विवाद का मामला सामने आ रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**किराए के मकान में रहती थी महिला:** मृतका की पहचान कंचनपुर गांव के स्व. राकेश सिंह की पत्नी रूना देवी के रूप में की गई है। हुई है। वह राम प्रवेश सिंह के मकान में पिछले कई महीनों से किराए पर रह रही थी। शुक्रवार को वो अपने घर के बाहर खड़ी थी। इस दौरान बाइक सवार अपराधियों ने उसे गोली मार दी। गोली लगते ही महिला जमीन पर गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी भाग रहे थे। इसी दौरान बाइक गिर गई। इसके बाद वह बाइक छोड़कर पैदल ही निकल गए।

**इकलौते बेटे की हुई थी हत्या:** कुछ माह पहले महिला के इकलौते बेटे की भी अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद महिला अपनी बेटी के साथ गौरैया स्थान में किराए पर रह रही थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के कई थानों की पुलिस मौके में पहुंची है। इसके अलावा जांच के लिए FSL टीम को भी बुलाई गई है।

**क्या बोले थाना प्रभारी:** थानाध्यक्ष राम शंकर सिंह ने बताया कि एक विधवा महिला की घर के पास ही गोली मारकर हत्या कर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के पीछे का कारण पुराना विवाद सामने आया है। अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## सड़क पर उतरे ऑटो, कैब, ई रिक्शा संघ के सदस्य

**पटना।** पटना में हिट एंड रन के नए कानून के खिलाफ ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के बैनर तले विरोध मार्च निकाला गया। जिसमें ऑटो संघ, ई-रिक्शा संघ, कैब संघ और अन्य ड्राइवर एसोसिएशन शामिल हुए। फेडरेशन के महासचिन राजकुमार झा ने कहा कि इस कानून को हमलोगों ने 'जनता फांसी' का नाम दिया है। हमारी मांग है कि अविलंब भारत सरकार इस कानून को निरस्त करें। जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाता, आंदोलन जारी है। इससे भी बड़ा राज्यव्यापी आंदोलन होगा। जो भी समस्या इस दौरान उत्पन्न होगी, इसकी सारी जवाबदेही भारत सरकार की होगी। जिला ऑटो संघ के अध्यक्ष पप्पू यादव ने बताया कि नए कानून के खिलाफ डाकबंगला चौराहे पर गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन करने आए थे। लेकिन प्रशासन ने पुतले को जब्त कर लिया गया। हमलोगों के डेलिगेशन को जिला कलेक्टर से मिलवाने की बात हो रही है। जब तक कानून निरस्त नहीं हो जाता है, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। पूरे देश में व्यापक आंदोलन चलाएंगे। इमरजेंसी सेवाओं के ड्राइवर भी चक्का जाम में शामिल रहेंगे। आंदोलन का नेतृत्व ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर फेडरेशन के राजकुमार झा, ऑटो संघ के अध्यक्ष पप्पू यादव, ई-रिक्शा संघ के अध्यक्ष हिमांशु कुमार और कैब संघ के अध्यक्ष शंकर शर्मा महासचिव कन्हैया कुमार ने किया।

# राज्य स्वास्थ्य समिति के बाहर लैब टेक्नीशियनों का प्रदर्शन




**एजेंसी, पटना।**

**सरकार से वापस नौकरी देने की मांग, कहा- कोरोना काल में हम लोगों ने रात दिन काम किया**

पटना में लैब टेक्नीशियनों ने राज्य स्वास्थ्य समिति के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उनकी संख्या लगभग 850 है। कोरोना काल में जान पर खेलकर उन्होंने काम किया। अब उन्हें नौकरी से हटाया जा रहा है। अभी कोरोना का नया वैरिएंट आया है। ऐसे समय में हमलोगों को हटाया गया है। जो कहीं से भी उचित नहीं है।

**क्या है पूरा मामला:** बिहार में कोरोना वायरस की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी जिले के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों मेंआवश्यकता अनुसार रखे गए लैब टेक्नीशियनों की सेवा 31 दिसंबर तक के लिए विस्तारित की गई थी। लेकिन सेवा विस्तारित संबंधित आदेश भारत सरकार से अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे में सभी जिले, मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों की ओर से रखे गए लैब टेक्नीशियनों की सेवा विस्तारित नहीं किए जाने का निर्णय लिया गया है।

**कोरोना काल में रात दिन लोगों की सेवा की:** लैब टेक्नीशियन प्रमोद कुमार ने कहा कि 2020 में केंद्र सरकार की अनुशंसा के बाद राज्य सरकार ने हमें कोरोना जांच के लिए बहाल किया था। कोरोना महामारी के समय हमने रात दिन लोगों की सेवा की। आज नौकरी से निकाल दिया गया है। हम लोग नौकरी की मांग को लेकर पहुंचे हैं। राज्य सरकार हम लोगों को वापस से नौकरी और वेतन दें, ताकि घर चल सके।

# 15 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

## STF की टीम ने सासाराम रेलवे स्टेशन परिसर से दबोचा

**एजेंसी, पटना।**



पटेल छात्रावास के नाम पर गुंडागर्दी करने वाला अपराधी सोनू पटेल एसटीएफ के हत्थे चढ़ गया है। अपराधी सोनू पटेल पर कदमकुआं थाने में रंगदारी समेत अन्य कई मामले दर्ज है जो लंबे समय से फरार चल रहा था।

**टॉप 10 में शामिल था:** वहीं, एसटीएफ और कदमकुआं थाने की पुलिस ने कुख्यात अपराधी की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि सोनू पटेल एक कुख्यात अपराधी है जो टॉप 10 की सूची में था। इस पर 15 हजार का इनाम घोषित था। घटना को अंजाम देने के बाद से फरार चल रहा था। एसटीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सासाराम रेलवे स्टेशन से छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सोनू पटेल पर कदमकुआं थाना में 360/23 कांड संख्या दर्ज किया गया था, इसमें ज्ञान गंगा दुकान में रंगदारी नही देने पर मारपीट की घटना को अंजाम देकर फरार चल रहा था। गिरफ्तार अपराधी पर रंगदारी, आर्म्स एक्ट ,चोरी, छिनतई मारपीट समेत कई मामले दर्ज हैं।

**सोनू पटेल से हो रही पूछताछ:** सटीएफ की टीम ने गिरफ्तार टॉप टेन कुख्यात अपराधी को कदमकुआं पुलिस के हवाले कर दिया गया है। यहां कदमकुआं पुलिस गिरफ्तार टॉप 10 अपराधी सोनू पटेल से पूछताछ कर रही है।जानकारी के मुताबिक सोनू पटेल पटेल रोहतास के नोखा थाना क्षेत्र का रहने वाला है जो पटना के लोहार लेन मुस्लहपुर हाट थाना कदमकुआं इलाके में रह रहा था और घटना को अंजाम देने के बाद पटेल छात्रावास में भी छुप गया था। लेकिन पटेल हॉस्टल के छात्रों के द्वारा वहां से भगा दिया गया था। इसके बाद से सोनू पटेल फरार चल रहा था। लेकिन एसटीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान सासाराम रेलवे परिसर से गिरफ्तार कर लिया गया है। यहां कदमकुआं पुलिस टॉप 10 अपराधी सोनू पटेल से पूछताछ करने लगी हुई है।

# संजय झा बोले- सीट शेयरिंग हो जानी चाहिए थी, नीतीश कुमार को केंद्र में मंत्री से लेकर सीएम तक का अनुभव

**एजेंसी, पटना।**



जल संसाधन मंत्री संजय झा ने जदयू कार्यालय में कहा है कि सीट शेयरिंग में देर हुई है। अक्तूबर तक हो जाना चाहिए था। लेकिन अब सब कुछ हो गया है। बातें हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि देश स्तर पर करने को सीएम नीतीश कुमार ने कहा है। अब टाइम नहीं है। नॉर्थ ईस्ट में हम सब हैं। जदयू चाहती है कि जनवरी में यह फाइनल हो जाए। सीएम नीतीश कुमार इसके अलावा कुछ भी नहीं कहा है। कभी किसी पद की मांग नहीं की है। वहीं भाजपा सांसद सुशील मोदी को सलाह दी है कि I.N.D.I.A गठबंधन को लेकर चिंता ज़ाहिर नहीं करे। जार्ज साहब अटल जी की सरकार में संयोजक रहे हैं तो सुशील मोदी इस तरह की बात नहीं करे। सुशील मोदी ने संयोजक को मुंशी का पद करार दिया था।

**महात्मा गांधी की जयंती पर कैंपेन शुरू करना चाहते थे:** संजय झा ने कहा कि बापू की जयंती पर सभी मिलकर कैंपेन शुरू करना चाहते थे। लेकिन यह नहीं हुआ। यह चिंता का विषय है। लेकिन अब जल्द ही सीट का बंटवारा को लेकर जल्द फ़ैसला होगा। वहीं, बिहार में सीट फार्मूला को लेकर कहा कि राजद और कांग्रेस पहले मिलकर बात करेंगे। जेडीयू भी राजद से बात कर लेगा। जेडीयू की जो सीटिंग सीट है। वह जेडीयू का है। इसलिए सीट को लेकर बात होगी। जल्द बड़े लोग बैठकर मामले को सुलझा लेंगे।

**पीएम मैटेरियल पर क्या बोले:** मुख्यमंत्री के खास माने जाने वाले मंत्री ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार पीएम मैटेरियल हैं। उनका इतना बड़ा अनुभव। केंद्रीय मंत्री से लेकर बिहार के सीएम तक का बड़ा अनुभव है। उनमें पीएम की क्षमता है।संजय झा ने ईडी की ताबड़तोड़ कार्रवाई पर पर कहा है कि ईड़ी की लगातार करवाई हो रही है। संजय झा ने कहा कि चुनाव आ गया है। इसलिए अब इस तरह की करवाई बढ़ेगी। वहीं, राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में जाने को लेकर संजय झा ने कहा कि हमको निमंत्रण नहीं मिला है। सीएम को निमंत्रण मिला है या नहीं हम नहीं बता सकते हैं। वहां जाने के सवाल पर कहा है कि जब निमंत्रण मिलेगा तब इसका जवाब देंगे। वहीं, तेजस्वी के राम मंदिर पर दिये बयान को लेकर कहा कि बयान को तोड़मरोड़ कर पेश किया गया है। दरभंगा एयरपोर्ट पर जल संसाधन मंत्री संजय झा ने कहा है कि दरभंगा एयरपोर्ट पर व्यवस्था होनी चहिए। कोहरा के समय फ़्लाइट उतरने और उड़ने के समय कम रौशनी से परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए इसकी व्यवस्था करने की मांग उठाई है।दरभंगा में केवल स्पाइस जेट को टाइम स्लॉट मिलने को लेकर नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए विभिन्न कंपनी को भी स्लॉट देने की मांग उठाई है। वहीं, दरभंगा एम्स को लेकर केंद्र सरकार की हरी झंडी मिलने पर कहा कि केंद्र सरकार ने मंज़ूरी दी है। कुछ डिजायन में बदलाव ज़रूर किया गया है। लेकिन अब दरभंगा में एम्स बनेगा।

## केके पाठक का विरोध करने वाले गरीब, दलित, अल्पसंख्यक विरोधी

# मांझी बोले-सरकारी स्कूलों में इन्हीं तबकों के बच्चे

**एजेंसी, पटना।**



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के पक्ष में उतरे हैं। उन्होंने कहा है कि पाठक का विरोध करने वाले लोग गरीब, दलित, अल्पसंख्यक विरोधी हैं। मांझी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर ये बातें कही। उन्होंने लिखा कि केके पाठक का विरोध करने वाले गरीब,दलित,अल्पसंख्यक विरोधी हैं। क्योंकि सरकारी विद्यालयों में अधिकांश इन्हीं तबके के छात्र/छात्रा,खासकर भुंईयां/मुसहर तबके के विद्यार्थी ही पढ़ने आते हैं। अब दलित,गरीब,अल्पसंख्यक विरोधी थोड़े ना चाहेंगे की ये तबका पढ़े।

**आप जातीय गेम मत खेलिए मांझी साहब:** मांझी के एक्स पर रंजीत पांडेय ने लिखा है- ' कब तक जाति के नाम पर रोटी सेंकते रहेंगे, आप ये बताएं कि आपकी बेटी या बेटा कभी सरकारी स्कूल में गया है?' राहुल सिंह ने पूछा है- 'गरीब का बच्चा पढ़ता है मांझी जी, वैसे आपके बच्चे किस स्कूल में पढ़े हैं बताइए जरा!' अरुण कुमार ने लिखा है- ' गांव में केवल भुईयां-मुसहर तबका ही नहीं होता मांझी साहब, हर जाति के लोग गांवों में होते हैं। आप जातीय गेम मत खेलिए।हर सरकारी शिक्षक हो, मंत्री, चपरासी या सेक्रेटरी सब के बच्चे उस एरिया के सरकारी स्कूल में पढ़ें। पलायन की मुख्य वजह दो हैं पहली भूख और दूसरी शिक्षा।' डॉ. गौरव कुमार ने लिखा है- ' ये लग रहा है फिर पलटी मार कर महागठबंधन में आने वाले हैं। ये वही नेता हैं जो दो महीने पहले बीपीएससी टीआरई 1 में प्रकाशित परिणाम का विरोध करते हुए पूरी बहाली प्रक्रिया पर रोक लगाना चाहते थे।'

**बीजेपी के कई नेता कर चुके हैं आलोचना:** शिक्षा विभाग में केके पाठक के कई फैसलों की आलोचना बीजेपी कर चुकी है। इस कतार में सुशील मोदी से लेकर नवल किशोर यादव जैसे एमएलसी भी शामिल हैं। बिहार के राज्यपाल ने भी केके पाठक के कई कदमों की आलोचना की है। जीतन राम मांझी ने एक दिन पहले केके पाठक के बारे में कहा था कि ' वैसे तो केके पाठक साहब शिक्षा की दिशा में अद्वितीय काम कर रहे हैं पर यदि वे एक काम और कर दें तो शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार हो जाएगा। मुख्य सचिव का बच्चा हो या चपरासी का, विधायक का बच्चा हो या मंत्री का, सरकार से वेतन उठाने वालों के बच्चे सरकारी स्कूल में ही पढ़ेंगे।'

# नगर निकाय चुनाव पर हाई कोर्ट में फैसला सुरक्षित

## सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस ने सुरक्षित रखा फैसला, चुनाव में आरक्षण से संबंधित फंसा था पेंच

**एजेंसी, पटना।**



बिहार में नगर निगम चुनाव सम्पन्न हो गए हैं। निर्वाचित हुए सदस्यों ने काम काज भी संभाल लिया है। लेकिन अभी भी ग्रहण दूर नहीं हुआ है। सुनील कुमार और अन्य के द्वारा चुनाव की वैधता पर सवाल खड़ा करते हुए पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। उसकी सुनवाई पूरी हो गई है। शुक्रवार को मुख्यन्यायाधीश के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी की खंडपीठ ने सुनवाई पूरी करते हुए फैसले को सुरक्षित रख लिया। यानी अब आगे सुनवाई नहीं होगी। फैसला आएगा। फैसले की घड़ी है।

**2 तारीख से डबल बेंच में चल रही थी सुनवाई:** याचिकाकर्ता सुनील कुमार वर्सेस बिहार सरकार CWJC 4223, याचिकाकर्ता हरिनारायण शर्मा वर्सेस बिहार सरकार CWJC 17053/2023 और याचिकाकर्ता प्रोफेसर रामबली सिंह वर्सेस बिहार सरकार CWJC 5806/2023 पर 2 जनवरी से लगातार डबल बेंच में सुनवाई चली। इन तीनों मामलों को एक साथ क्लब कर के सुनवाई चली।याचिकाकर्ता की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता राहुल श्याम भंडारी ने अपनी दलील पेश की। जबकि बिहार सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने दलील पेश की। चुनाव आयोग ने भी अपना पक्ष कोर्ट के सामने रखा। सबका पक्ष सुनते हुए कोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रख लिया। बिहार सरकार के द्वारा बनाए गए डेडीकेटेड कमीशन को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहले भी टिपण्णी कर चुका है।

# गुजरातियों को ठग कहने के मामले में तेजस्वी से स्पष्टीकरण

**एजेंसी, पटना।**



सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि तेजस्वी यादव स्पष्टीकरण दें कि उनके बोलने का मकसद सभी गुजरातियों को लेकर नहीं था। कोर्ट ने तेजस्वी यादव के उस बयान पर हुए मानहानि मुकदमे पर कहा है इसमें तेजस्वी ने कहा था कि 'गुजराती ही ठग हो सकते हैं।' इस मामले में अगली सुनवाई 22 जनवरी को होगी।

**अहमदाबाद कोर्ट में में दायर हुआ था मानहानि मामला:** तेजस्वी ने मानहानि मामले की सुनवाई गुजरात से बिहार स्थानांतरित करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। आपराधिक मानहानि का मुकदमा अहमदाबाद में एक मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष दायर किया गया था। सामाजिक कार्यकर्ता और अखिल भारतीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं अपराध निरोधक परिषद नामक संगठन के उपाध्यक्ष हरेश मेहता ने तेजस्वी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मार्च में पटना में की गई तेजस्वी की टिप्पणी पर हुई थी।

**तेजस्वी की ओर से कपिल सिब्बल वकील:** उन्होंने कहा था कि आज के समय में केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं और उन्हें इसके लिए माफ भी किया जाएगा। तेजस्वी ने मेहुल चौकसी और नीरव मोदीके संदर्भ में ये बातें कही थीं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि ये टिप्पणियां गुजरातियों को बदनाम और अपमानित करती हैं।

# पकड़ौआ विवाह पर पटना हाईकोर्ट के फैसले पर लगी रोक

## दुल्हन की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस, HC ने कहा था-ऐसी शादी अवैध

**एजेंसी, पटना।**



बिहार में पकडौआ विवाह को रद्द करने वाले पटना हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। पति की याचिका पर सुनवाई करते हुए नवंबर में पटना हाईकोर्ट ने अग्नि के समक्ष सात फेरे पूरे नहीं होने के आधार पर शादी को कानूनी तौर पर अमान्य कर दिया था। शुक्रवार को दुल्हन की अपील पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी और इस पर नोटिस जारी करने की बात कही है।

**पटना हाईकोर्ट ने शादी रद्द करते हुए कहा था...:** किसी महिला की मांग में जबरन सिंदूर लगाना हिंदू कानून के तहत विवाह नहीं है। हिंदू विवाह तब तक वैध नहीं है, जब तक वह स्वैच्छिक न हो और 'सप्तपदी' (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर फेरे लेने) की रस्म के साथ न हो।पटना हाईकोर्ट के जस्टिस पीबी बजंथ्री और जस्टिस अरुण कुमार झा ने 10 साल पहले हुए एक पकड़ौआ विवाह के मामले की सुनवाई करते हुए ये बातें कही थीं। नवादा जिले के एक जवान की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पकड़ौआ विवाह को अमान्य बताया। 10 नवंबर को कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई हुई थी।

**मंदिर घूमने गए थे, बंदूक के बल पर अपहरण फिर शादी:** याचिकाकर्ता रविकांत अपने चाचा के साथ 30 जून 2013 में लखीसराय में अशोक धाम मंदिर गए थे। उसी दौरान बंदूक के बल पर कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया था। इसके बाद उन्हें उसी दिन प्रतिवादी लड़की को सिंदूर लगाने के लिए मजबूर किया गया। इसके बाद रविकांत के चाचा ने जिला पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की। लेकिन,असफल रहे।इसके बाद याचिकाकर्ता ने लखीसराय के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष एक आपराधिक शिकायत दायर की। रविकांत ने अपनी जबरन शादी को रद्द करने के लिए फैमिली कोर्ट भी गए थे। 27 जनवरी, 2020 को उसकी याचिका खारिज कर दी। इसके बाद उन्होंने पटना हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट के जस्टिस पीबी बजंथ्री ने कहा था कि पारिवारिक अदालत के निष्कर्ष त्रुटिपूर्ण थे। उन्होंने इस तथ्य पर आश्चर्य व्यक्त किया कि दुल्हन की ओर से मौखिक साक्ष्य देने वाले पुजारी को सप्तपदी के बारे में कोई जानकारी थी। पुजारी उस स्थान के बारे में बताने में भी सक्षम नहीं था, जहां दुल्हन के संस्कार किए गए। उसे ये तक नहीं पता कि ये शादी कहां करवाई गई थी।

# कैट का दावा- रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से 50 हजार करोड़ रुपये का होगा कारोबार

**नई दिल्ली**। अयोध्या के श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों जोरों पर हैं। देश-विदेश से अनेक लोगों को इस समारोह में शामिल होने का निमंत्रण भी मिला है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश में 50 हजार करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान जताया है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अभी से ही मार्केट में राम मंदिर से जुड़ी विभिन्न वस्तुओं की भारी डिमांड है। मूर्तियों और पूजा सामग्री की डिमांड बढ़ रही है। कैट महामंत्री ने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन ने देश में पूजा-पाठ से संबंधित एक बड़े व्यापार के अवसर पैदा किए हैं। राम मंदिर लोगों की आस्था के साथ ही देश में एक बड़े व्यापार का भी केंद्र बन रहा है।



खासतौर पर छोटे निर्माता और लघु व्यवसाय करने वाले लोगों के लिए व्यापार के अनेक अवसर सामने आ रहे हैं। खंडेलवाल ने कहा कि देश के विभिन्न शहरों में विशेषकर, घरों से छोटा-मोटा काम करने वाली महिलाओं एवं वंचितों को भी इस आयोजन से रोजगार मिल रहा है। राम मंदिर देश में आर्थिक संपन्नता का एक बड़ा संदेश देगा। राम मंदिर से देश में 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार होने का अनुमान है। तीन जनवरी को नागपुर में हुई कैट की राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से अनेक व्यापारी नेताओं ने भाग लिया था। अयोध्या के राम मंदिर के उद्घाटन ने देश के विभिन्न प्रदेशों में पूजा-पाठ से संबंधित एक बड़े व्यापार के अवसर पैदा किए हैं। कैट महामंत्री ने कहा कि पूजा के लिए विभिन्न आवश्यक वस्तुओं की बड़ी मांग देखने को मिल रही है। इस मांग को देखते हुए बहुत से लोगों ने अपने पारंपरिक व्यवसाय के साथ ही ऐसी अनेक वस्तुओं का उत्पादन शुरू कर दिया है, जो राम मंदिर के महोत्सव से जुड़ी हैं। राम मंदिर के प्रतीक के रूप में मंदिर का मॉडल हर कोई अपने घर में रखना चाहता है, जो बाजार में 4 इंच, 6 इंच, 8 इंच एवं 12 इंच में उपलब्ध हैं। इससे बड़े साइज के मॉडल भी बाजार में मिल रहे हैं। खंडेलवाल ने कहा कि मुख्य रूप से यह मॉडल पाइनवुड, लकड़ी, हार्डबोर्ड आदि में बनाए जा रहे हैं। श्रीराम, राम मंदिर एवं राम दरबार के चित्र व अन्य देवी-देवताओं के चित्र एवं मूर्तियों की बड़ी मांग आ रही है। ये मूर्तियां, मिट्टी, पाइनवुड, लकड़ी, पीतल, तांबा एवं अन्य अनेक प्रकार के रॉ मैटेरियल से बनाई जा रही हैं। पूजा के लिए बड़ी मात्रा में मिट्टी, पीतल एवं अन्य धातुओं के एकल दीपक एवं एक ही दीपक में अनेक दीपक आरती के लिए, अगरबत्ती, धूपबत्ती स्टैंड सहित अन्य अनेक वस्तुएं भी बड़ी मात्रा में बाजार में हैं। ये ग्राहकों की बड़ी पसंद बनी हैं। कैट महामंत्री ने कहा कि इसके अलावा अगरबत्ती, धूपबत्ती, गाय के गोबर के उपले, सुगंधित कप, लोबान, कपूर, कुमकुम, चंदन, रोली, अक्षता, रूई की बनी बत्ती, गंगा जल आदि की खूब बिक्री हो रही है। पूजा के लिए उपयोग में आने वाले आसन जो जूट, चटाई, दरी व कपड़े आदि से बने हैं, उनकी बाजार में बड़ी मांग है। खंडेलवाल ने बताया कि लोगों की जबरदस्त पसंद के रूप में छोटे से लेकर बड़े राम झंडे, पटके, बंटिंग, श्रीराम बैज बाजार में खूब दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की फोटो के छपे हुए कुर्ते अथवा हाथ की कड़ाईं के कुर्ते, टी शर्ट, कमीज, टोपियां, श्री राम दुपट्टे आदि भी हाथों हाथ बिक रहे हैं। अपने आराध्य देवता को प्रसाद के रूप में फल, मिठाई, और अन्य आहारिक आइटम्स की भी बड़ी मांग है। धार्मिक पुस्तकें, श्री हनुमान चालीसा, आरती संग्रह आदि की भी खूब मांग है। माला, लटकन, लाकेट, पेंडेंट, कड़े, चूड़ियां, तुलसी की माला, रुद्राक्ष, श्री राम खड़ाऊँ ने भी अपने लिए बड़ा बाजार बना लिया है। इसके साथ ही घर को सजाने के लिए, शुभ तोरण, द्वार पर लटकाने के लिए स्वागत लटकन, कृत्रिम फूल की मालाएं आदि भी बड़ी संख्या में बिक रही हैं।कैट महामंत्री ने कहा कि इसी प्रकार हवन सामग्री की बड़ी मांग देखने को मिल रही है। इसमें रोजाना ही वृद्धि होती जा रही है। 22 जनवरी को बड़े उत्सव के दिन के रूप में मनाने के लिए बहुत बड़ी मात्रा में मिठाई, फल एवं ड्राई फ्रूट की मांग को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां बहुत ज़ोरों पर हैं। वहीं, घरों एवं दुकानों की सजावट के लिए भी अनेक प्रकार के आइटम्स बाज़ार में उपलब्ध हैं। श्री राम मंदिर के कारण देशभर में संगीत व्यवसाय से जुड़े लोग भी इस अभियान में व्यापार से अछूते नहीं है। बड़ी मात्रा में देशभर में श्री राम मंदिर को लेकर गीत बन रहे हैं। विशेष बात यह है कि छोटे और अनजाने गीतकार, संगीतकार एवं गायकों को काम मिल रहा है। सभी शहरों में काम कर रही ऑर्केस्ट्रा पार्टी भी श्रीराम मंदिर से जुड़े कार्यक्रमों को करने के लिए पूरी तैयारियों में जुटी हैं।

## एक नजर

### केसी एनर्जी के शेयरों की बंपर लिस्टिंग, निवेशक मालामाल

**नई दिल्ली**। केसी एनर्जी एंड इंफ्रा के शेयरों ने आज घरेलू शेयर बाजार में धमाकेदार एंट्री की। कंपनी के शेयरों की एनएसई के स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइज सेगमेंट (एनएसई-एसएमई) में 252 रुपये के भाव पर लिस्टिंग हुई, जबकि इनका इश्यू प्राइस सिर्फ 54 रुपये का था। इस तरह केसी एनर्जी एंड इंफ्रा के शेयर अपने इश्यू प्राइस से 366.67 प्रतिशत ऊपर लिस्ट हुए। इस बंपर लिस्टिंग से कंपनी के शेयर में निवेश करने वालों को चार गुना से भी अधिक का फायदा हुआ है। इसके पहले केसी एनर्जी एंड इंफ्रा के आईपीओ को रिकॉर्ड सब्सक्रिप्शन मिला था। कंपनी का आईपीओ 28 दिसंबर 2023 को खुला था और 2 जनवरी को बंद हुआ था। इस दौरान ये आईपीओ 1,052.45 गुना ओवर सब्सक्राइब हुआ था। किसी भी एसएमई आईपीओ को अभी तक इतना सब्सक्रिप्शन नहीं मिला है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी 54 रुपये प्राइस बैंड वाले 21.50 लाख शेयर बेचने वाली थी। लेकिन निवेशकों ने जोरदार उत्साह दिखाते हुए 206.28 लाख शेयरों के लिए अप्लाई कर दिया। इस आईपीओ में खुदरा निवेशकों ने 1,311.01 गुना सब्सक्राइब किया। इसी तरह क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईपी) ने 127.71 गुना सब्सक्राइब किया। जबकि नॉन इंस्टीट्यूशन बायर्स ने 1,668.97 गुना सब्सक्राइब किया। आईपीओ बंद होने के बाद ग्रे मार्केट में भी ये शेयर अपनी मजबूती दिख रहा था। ग्रे मार्केट में ये शेयर 82 रुपये के प्रीमियर पर ट्रेड कर रहा था। इस हिसाब से इस शेयर की 136 रुपये के आसपास लिस्ट होने की उम्मीद की जा रही थी। लेकिन आज इस शेयर ने 252 रुपये पर लिस्ट होकर अपने निवेशकों को मालामाल कर दिया। उल्लेखनीय है कि यह कंपनी इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के लिए निर्माण आदि की सुविधा प्रदान करती है। कंपनी की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक सितंबर 2023 तक ये कंपनी कुल 549.90 करोड़ रुपये के 15 प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही थी। कंपनी का इरादा इस आईपीओ के जरिए मिले पैसे से अपने कार्यक्षेत्र में और विस्तार करने का है।

### वाइब्रेंट गुजरात पर 20 रुपए का सिक्का जारी करेंगे मोदी

**अहमदाबाद**। पहले 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य के साथ गेटवे टू द फ्यूचर थीम पर 10 जनवरी से गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात समिट शुरू हो रही है। वाइब्रेंट गुजरात के 20 साल पूरे होने पर केंद्र सरकार 20 रुपए का सिक्का भी जारी करेगी। सिक्का पीएम मोदी लांच करेंगे। इस सिक्के पर 'विकसित भारत के लिए अग्रसर गुजरात' लिखा होगा। समिट में 4 देशों के राष्ट्राध्यक्ष, 18 देशों के गवर्नर व मंत्री, 14 देशों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। ये 4 राष्ट्राध्यक्ष यूएई, मोजाम्बिक, चेक गणराज्य और ईस्ट तिमोर के हैं। पीएम मोदी समिट का उद्घाटन करेंगे। वहीं, गृहमंत्री अमित शाह 12 जनवरी को कार्यक्रम का समापन करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, चेक गणराज्य के पीएम पेट्र फियाला मुख्य अतिथि हो सकते हैं, जबकि यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ प्रधानमंत्री मोदी रोड शो कर सकते हैं। स्मारक के तौर पर जारी होने वाले इस 35 ग्राम के सिक्के में 50% चांदी, 40% तांबा, 5% निकल और 5% जिंक होगा। सिक्के के फ्रंट साइड पर अशोक चिह्न, सत्यमेव जयते, रुपए का चिह्न और भारत और बैक साइड में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 का लोगो होगा। इसके साथ 20 रुपए का डाक टिकट भी जारी होगा। GIFT सिटी में 10 जनवरी को ग्लोबल फिनटेक लीडरशिप फोरम कार्यक्रम होगा। पीएम मोदी ग्लोबल फिनटेक कंपनियों के लीडर्स के साथ चर्चा करेंगे। इस दौरान गूगल, आईबीएम, एक्सेंचर, कैपजेमिनाय, एनवाईएस ग्रुप, एमेजॉन पे, एनएएसडीएक्यू, स्टोनेक्स, वेल्स फार्गो, एसएंडपी सहित कई कंपनियां रहेंगी। गुजरात सरकार से मिली जानकारी के मुताबिक, भारत के कारोबारियों के अलावा ब्रिटेन, जर्मनी, इंडोनेशिया, जापान, केन्या, नीदरलैंड, मलेशिया, माल्टा, मोरक्को, नेपाल, नॉर्वे, पोलैंड, वियतनाम, कोरिया गणराज्य, रवांडा, सिंगापुर, थाईलैंड, उरुग्वे, घाना, तंजानिया और मोजाम्बिक से दिग्गज कारोबारी समिट में शामिल होने के लिए सहमत हुए हैं।

# भारत की सबसे छोटी इलेक्ट्रिक SUV टाटा पंच ईवी अनवील

**नई दिल्ली**। टाटा मोटर्स ने शुक्रवार (5 जनवरी) को अपनी टाटा पंच ईवी को अनवील कर दिया। कंपनी का दावा है कि यह कार फुल चार्ज पर 300 KM से 400 KM की रेंज देगी। रेंज बैटरी पैक पर निर्भर करेगी। पंच ईवी की बुकिंग आज से शुरू हो गई है। इसे 21,000 रुपए की टोकन मनी देकर बुक किया जा सकता है। टाटा पंच ईवी का मुकाबला सिट्रोएन eC3 से होगा। इसे नेक्सॉन ईवी और टियागो ईवी के बीच पोजीशन किया जाएगा। यानी, कीमतें 10 लाख-13 लाख रुपए, एक्स-शोरूम के बीच हो सकती हैं। टाटा पंच ईवी को दो वेरिएंट में उतारा गया हैं - स्टैंडर्ड और लॉन्ग रेंज। स्टैंडर्ड में 25kWh और लॉन्ग रेंज में 35kWh बैटरी पैक होने की उम्मीद है। स्टैंडर्ड में केवल 3.3kW AC चार्जर मिलता है जबकि लॉन्ग रेंज में 7.2kW AC चार्जर के साथ 150kW DC फास्ट चार्जिंग भी मिलती है। स्टैंडर्ड पंच ईवी 5 ट्रिम्स में उपलब्ध है - स्मार्ट, स्मार्ट+, एडवेंचर, एम्पावर्ड और एम्पावर्ड+। इसे




5 डुअल-टोन कलर ऑप्शन में उतारा गया है। वहीं लॉन्ग रेंज में तीन ट्रिम मिलते हैं - एडवेंचर, एम्पावर्ड और एम्पावर्ड+। इसमें 4 डुअल-टोन कलर ऑप्शन मिलते हैं। पंच ईवी के डैशबोर्ड की हाइलाइट नई 10.25-इंच की इंफोटेनमेंट स्क्रीन है। इसमें10.25 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और बड़े दो-स्पोक स्टीयरिंग व्हील भी है। हालांकि, लोअर वैरिएंट में 7.0 इंच की इंफोटेनमेंट स्क्रीन और डिजिटल क्लस्टर मिलेगा। नेक्सॉन ईवी में मिलने वाला रोटरी ड्राइव सिलेक्टर केवल लॉन्ग रेंज वेरिएंट में उपलब्ध होगा। इसके अलावा पंच ईवी में 360-डिग्री कैमरा, लेदरेट सीटें, ऑटो होल्ड के साथ इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक, कनेक्टेड कार टेक, एक वायरलेस चार्जर, वेंटीलेटेड फ्रंट सीटें, क्रूज कंट्रोल और नया Arcade.ev ऐप सुइट मिलेगा। ऑप्शन के तौर पर सनरूफ भी उपलब्ध है। वहीं सेफ्टी के लिए इसमें 6 एयरबैग, ABS और ESC सभी वैरिएंट में मिलेंगे। ब्लाइंड व्यू मॉनिटर, सभी सीटों के लिए तीन-पॉइंट सीट बेल्ट, ISOFIX माउंट और SOS फंक्शन मिलता है। इसके फ्रंट में फुल-विड्थ LED लाइट बार और एक स्प्लिट हेडलैंप सेटअप दिया गया है। यहां मैन हेडलैंप नेक्सॉन ईवी की तरह है। इसके साथ ही पंच ईवी कंपनी की पहली है, जिसके फ्रंट में चार्जिंग सॉकेट दिया गया है। इसके नीचे फुली न्यू डिजाइन बंपर है। रियर में Y-शेप ब्रेक लाइट सेटअप, रूफ स्पॉइलर और डुअल-टोन बंपर डिजाइन है। चारों पहियों पर डिस्क ब्रेक के साथ 16-इंच के अलॉय व्हील मिलेंगे। यह टाटा की पहली EV है जिसमें स्टोरेज के लिए बोनट के नीचे फ्रंक दिया गया है। यह भारत की सबसे छोटी इलेक्ट्रिक SUV होने के साथ टाटा के पोर्टफोलियो में चौथी ऑल इलेक्ट्रिक कार है। नेक्सन के बाद टाटा की यह दूसरी इलेक्ट्रिक SUV भी है। यहा टाटा का पहला मॉडल है जिसे जनरेशन 2 EV आर्किटेक्चर पर डेवलप किया गया है।

# नहीं थमी सोने की कीमत में गिरावट, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली**। घरेलू सर्राफा बाजार में आज एक बार फिर गिरावट नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज सोने के भाव में 500 से 800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है, जिसके कारण 24 कैरेट सोना चेन्नई के अलावा सभी सर्राफा बाजारों में 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के नीचे आ गया है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 58 हजार रुपये के स्तर तक गिर गया है। चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। आज दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी गुरुवार की तरह ही 78,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 63,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 58,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 63,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और



22 कैरेट सोने की कीमत 58,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 58,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 63,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 63,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 58,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 58,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 63,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 58,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 63,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# संरा ने 2024 में भारत की जीडीपी 6.2 फीसदी की दर से बढ़ने का जताया अनुमान

**संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली**। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर अपने समकक्षों से बेहतर रहने का अनुमान जताया है। यूएन ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि मजबूत घरेलू मांग और विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में मजबूती से भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2024 में 6.2 फीसदी रहने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की गुरुवार को जारी विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं (डब्ल्यूईएसपी) 2024 रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था 2024 में 6.2 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है। हालांकि, साल 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) मामूली बढ़कर 6.6 फीसदी रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण एशिया का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2024 में 5.2 फीसदी की दर से




बढ़ने का अनुमान है। हालांकि रिपोर्ट में वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर पिछले साल के अनुमानित 2.7 फीसदी से घटकर साल 2024 में 2.4 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया है। इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में मजबूत विस्तार का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा, जो दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में भारत की अर्थव्यवस्था 7.60 फीसदी की दर से बढ़ी है जबकि पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में जीडीपी ग्रोथ रेट 7.80 फीसदी रही थी।

# शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच सेंसेक्स-निफ्टी उछले

**नई दिल्ली**। घरेलू शेयर बाजार में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद से ही खरीदारों और बिकवालों के बीच लगातार खींचतान की स्थिति बनी हुई है, जिसके कारण शेयर बाजार की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता नजर आ रहा है। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.33 प्रतिशत और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी पोर्ट्स, विप्रो, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, अडाणी एंटरप्राइजेज और टेक महिंद्रा के शेयर 1.94 प्रतिशत से लेकर 1.47 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर नेस्ले, सन फार्मास्यूटिकल, ब्रिटानिया, सिप्ला और डिवीज लेबोरेट्रीज के शेयर 1.91 प्रतिशत



से लेकर 0.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,077 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,538 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 539 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 169.14 अंक की उछाल के साथ 72,016.71 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक गिर कर 71,996.98 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद लिवाली का जोर बनने पर इसने 72,156.48 अंक तक पहुंच कर अपनी मजबूती भी दिखाई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 236.02 अंक की मजबूती के साथ 72,083.59 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 47.15 अंक की तेजी के साथ 21,705.75 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच लगातार खींचतान शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता नजर आया। बिकवाली के दबाव में निफ्टी 21,698.20 अंक तक लुढ़क गया। वही लिवाली का जोर बनने पर इसने 21,749.60 तक की छलांग भी लगाई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के भी बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 74.30 अंक की बढ़त के साथ 21,732.90 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। मिले-जुले ग्लोबल संकेतों के बीच आज प्री ओपनिंग सेशन में घरेलू शेयर बाजार ने बढ़त के साथ कारोबार की शुरुआत की थी। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 328.28 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 72,175.85 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 49.50 अंक यानी 0.23 प्रतिशत मजबूत होकर 21,708.10 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था।

# 2024 में भारत की ग्रोथ रेट 6.2% रहने का अनुमान

**नई दिल्ली**। संयुक्त राष्ट्र ने इस साल भारत की ग्रोथ रेट 6.2% रहने का अनुमान लगाया है। वर्ल्ड इकोनॉमिक सिचुएशन एंड प्रॉस्पेक्ट्स 2024 (WESP) रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र ने कहा, 'मजबूत घरेलू मांग और मैन्युफैक्चरिंग व सर्विस सेक्टर में मजबूत ग्रोथ के कारण 2024 में भारत की ग्रोथ रेट 6.2% तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2023 के 6.3% के अनुमान से थोड़ा कम है। वहीं, 2025 में भारत की GDP ग्रोथ 6.6% रहने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र ने गुरुवार को यह रिपोर्ट जारी की है। इकोनॉमिक एनालिसिस एंड पॉलिसी डिवीजन के हेड हामिद रशीद ने कहा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था न केवल इस साल बल्कि पिछले कुछ सालों से अपने समकक्ष देशों




से बेहतर प्रदर्शन कर रही है। भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ लगातार 6% से अधिक बनी हुई है और हमारा मानना है कि यह 2024 व 2025 में भी कंटिन्यू रहेगा। भारत में महंगाई ज्यादा रही है इसके बावजूद भारत को ज्यादा ब्याज दरें बढ़ाने की जरूरत नहीं पड़ी और इन्फ्लेशन रेट में कमी आई है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि साउथ एशिया की 2024 में GDP ग्रोथ 5.2% रहने की उम्मीद है, जो भारत के मजबूत ग्रोथ से प्रेरित है। भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में लेबर मार्केट इंडिकेटर में साल भर में सुधार हुआ है। अगस्त में लेबल फोर्स की पार्टिफिकेशन हाईएस्ट रेट तक बढ़ गई है। सितंबर में बेरोजगारी दर औसतन 7.1% रही, जो एक साल में सबसे कम वैल्यु है। कमजोर मानसूनी बारिश के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी कम हुई है। 2023 की पहली तिमाही के दौरान युवा बेरोजगारी दर में गिरावट आई है। GDP इकोनॉमी की हेल्थ को ट्रैक करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सबसे कॉमन इंडिकेटर्स में से एक है। GDP देश के भीतर एक स्पेसिफिक टाइम पीरियड में प्रड्यूज सभी गुड्स और सर्विस की वैल्यू को रिप्रजेंट करती है। इसमें देश की सीमा के अंदर रहकर जो विदेशी कंपनियां प्रोडक्शन करती हैं उसे भी शामिल किया जाता है। जब इकोनॉमी हेल्दी होती है, तो आमतौर पर बेरोजगारी का लेवल कम होता है। GDP दो तरह की होती है। रियल GDP और नॉमिनल GDP। रियल GDP में गुड्स और सर्विस की वैल्यू का कैल्कुलेशन बेस ईयर की वैल्यू या स्टेबल प्राइस पर किया जाता है। फिलहाल GDP को कैल्कुलेट करने के लिए बेस ईयर 2011-12 है। यानी 2011-12 में गुड्स और सर्विस के जो रेट थे उस हिसाब से कैल्कुलेशन। वहीं नॉमिनल GDP का कैल्कुलेशन करेंट प्राइस पर किया जाता है। GDP को कैल्कुलेट करने के लिए एक फॉर्मूले का इस्तेमाल किया जाता है।

# मुकेश अंबानी को पछाड़ फिर एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने गौतम आडणी

**नई दिल्ली**। अडाणी समूह के अध्यक्ष उद्योगपति गौतम अडाणी एक बार फिर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पछाड़ कर भारत के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। विश्व रैंकिंग में गौतम अडाणी 12वें स्थान पर हैं, जबकि मुकेश अंबानी 13वें स्थान के साथ एक पायदान नीचे हैं। अडाणी समूह के प्रमुख नेटवर्थ में हालिया इजाफा के साथ एशिया के भी सबसे अमीर शख्स बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक विश्व के सबसे अमीर शख्स की सूची में गौतम अडानी 97.6 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ 12वें



स्थान पर हैं, जबकि मुकेश अंबानी 97 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ 13वें स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले साल की तुलना में गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी दोनों की रैंकिंग में सुधार हुआ है। इंडेक्स रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान गौतम अडाणी की संपत्ति में 7.7 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है, जो बढ़कर 97.6 अरब डॉलर हो गया है। वहीं, मुकेश अंबानी की संपत्ति 97 अरब डॉलर है। हालांकि, पिछले 24 घंटे में इनकी नेटवर्थ 665 मिलियन डॉलर बढ़ी है। दरअसल 3 जनवरी को अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद गौतम अडाणी की कंपनियों के शेयरों भाव में तेजी से आने से उनकी नेटवर्थ में इजाफा हो रहा है। उल्लेखनीय है कि ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स, दुनिया के सबसे अमीर लोगों की दैनिक रैंकिंग है। यह मार्च 2012 में लॉन्च हुआ था। इसमें दुनिया के 500 सबसे अमीर लोगों की उनकी संपत्ति के आधार पर दैनिक रैंकिंग होती है। इसमें प्रत्येक अरबपति का प्रोफाइल शामिल होता है।

## एक नजर

### अफ्रीका कप ऑफ नेशंस : फ्रेंकोइस-रेगिस मुघे की जगह मौमी नगामालेउ कैमरून टीम में शामिल



**याउंडे।** डायनामो मॉस्को के विंगर मौमी नगामालेउ की अगले सप्ताह कोटे डी आइवर में शुरू होने वाले अफ्रीका कप ऑफ नेशंस (एएफसीओएन) से पहले गुरुवार को कैमरून की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है। नगामालेउ ने फ्रेंकोइस-रेगिस मुघे की जगह ली है, जिन्होंने अपने क्लब मार्सिले के लिए खेलने को प्राथमिकता देने के लिए एएफसीओएन में भाग लेने से इनकार कर दिया था। 29 वर्षीय नगामालेउ कैमरून टीम का हिस्सा थे, जो मिस्र द्वारा बाहर किए जाने से पहले घरेलू धरती पर 2021 एएफसीओएन सेमीफाइनल में पहुंची थी। उम्मीद है कि वह शुक्रवार की सुबह सऊदी अरब के जेद्दा में अदम्य लायंस टीम के बाकी सदस्यों में शामिल हो जाएंगे, जहां टीम वर्तमान में मौजूद है। कैमरून के 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार को जाम्बिया के खिलाफ एक दोस्ताना मैच से होगा। पांच बार के एएफसीओएन चैंपियन को गिनी, गाम्बिया और मौजूदा चैंपियन सेनेगल के साथ ग्रुप सी में शामिल किया गया है। कैमरून द्विवार्षिक फुटबॉल टूर्नामेंट के 34वें संस्करण की शुरुआत 15 जनवरी को यामूसोक्रो के चार्ल्स कोनन बन्नी स्टेडियम में गिनी के खिलाफ करेगा। यह टूर्नामेंट 13 जनवरी से 11 फरवरी तक चलेगा।

### वर्ष 2023 के विश्व के सर्वश्रेष्ठ रेफरी चुने गये पोलैंड के सिजमोन मार्सिनियाक

**वारसॉ।** पोलैंड के सिजमोन मार्सिनियाक को गुरुवार को इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फुटबॉल हिस्टोरियंस एंड स्टैटिस्टिक्स (आईएफएफएचएस) द्वारा वर्ष 2023 का विश्व का सर्वश्रेष्ठ पुरुष रेफरी चुना गया है। 42 वर्षीय सिजमोन ने 175 अंकों के साथ पुरस्कार जीता, दूसरे नंबर पर इटली के डेनियल ओर्सटो (95 अंक) और तीसरे स्थान पर 64 अंकों के साथ फ्रांस के क्लेमेंट टर्पिन रहे। 2022 फीफा विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग के प्रदर्शन के बाद मार्सिनियाक ने 2022 का पुरस्कार भी जीता था। 2023 में, उन्होंने इस्तांबुल में मैनचेस्टर सिटी और इंटर मिलान के बीच यूईएफए चैंपियंस लीग फाइनल में बतौर रेफरी उतरे। पुरस्कार जीतने के बाद मार्सिनियाक ने कहा, "खूबसूरत मैचों और अच्छे फैसलों के साथ यह एक शानदार साल था, लेकिन जैसा कि रेफरींग में होता है, ऐसे फैसले भी थे जो बेहतर होने चाहिए थे।" उन्होंने अंत में कहा, "मैं अपनी टीम, अपने परिवार और सभी दोस्तों को हमेशा और हर जगह मेरा समर्थन करने के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं सभी फुटबॉल प्रशंसकों को नए साल की शुभकामनाएं देता हूं। याद रखें कि रेफरी के बिना कोई फुटबॉल नहीं है, इसलिए हमारा सम्मान करें।"

### हिसार में क्रिकेटर से DSP बने जोगिंदर शर्मा पर FIR

**हिसार सिटी।** हरियाणा के हिसार में क्रिकेटर से DSP बने जोगिंदर शर्मा समेत 6 पर FIR दर्ज की गई है। उन पर डाबड़ा गांव के पवन को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। परिवार का आरोप है कि आरोपियों ने उन पर मकान खाली करने का दबाव डाला था। इस मामले में परिवार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार से सिविल अस्पताल में धरना दे रहे हैं। युवक का पोस्टमार्टम हो चुका है। परिवार वालों ने शव उठाने से इनकार कर दिया है। गुरुवार को ASP राकेश लोगों को समझाने के लिए पहुंचे लेकिन वह आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। आज इस केस में SC/ST एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। पवन की मां सुनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके 5 बच्चे ( 2 लड़के और 2 लड़कियां) हैं। उसका बेटा पवन सबसे बड़ा था, जिसकी उम्र करीब 27 साल थी। जिस मकान में वह रहती है, इस मकान को लेकर अजयबीर, ईश्वर झाझडिया, प्रेम खाती, राजेन्द्र सीहा और DSP जोगिंदर शर्मा के साथ कोर्ट में केस चल रहा है। इसी केस कारण बेटा पवन परेशान रहता था।

# ओडिशा : दिसंबर में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए 32 एथलीटों को नकद पुरस्कार से किया गया सम्मानित



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के खेल मंत्री तुषारकांति बेहरा ने शुक्रवार को कलिंगा स्टेडियम में दिसंबर 2023 में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए राज्य के विभिन्न एथलीटों को सम्मानित किया और नकद पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर खेल निदेशक, सिद्धार्थ दास और डीएसवाईएस के अधिकारी भी एथलीटों को बधाई देने और प्रोत्साहित करने के लिए उपस्थित थे। इस अवसर पर खेल मंत्री बेहरा ने कहा, "मैं दिसंबर 2023 में ओडिशा के सभी एथलीटों को उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन और उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। प्रतिभाशाली एथलीटों को उनके प्रदर्शन के लिए पहचानने और प्रोत्साहित करने की दिशा में यह हमारा निरंतर प्रयास है। उन्हें अपने प्रदर्शन को बेहतर करने के लिए प्रेरित किया जाएगा और उनकी खेल यात्रा के दौरान उन्हें हमारा समर्थन मिलता रहेगा।" दिसंबर 2023 में भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित 34वीं राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप (सीनियर पुरुष और महिला) 2023 की ओवरऑल चैंपियन रहीं ओडिशा की कयाकिंग और कैनोइंग टीम को खेल मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। दल में 18 अलग-अलग पदक विजेता थे, जिन्होंने दिसंबर 2023 में आयोजित राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कुल 66 पदक जीते। सचिमा केरकटा, रश्मिता साहू और मोइरांगथेम सोफिया देवी को उनकी कई पदक जीत के लिए 90,000 रुपये से सम्मानित किया गया। सचिमा ने चार स्वर्ण और तीन रजत, रश्मिता ने चार स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य जबकि सोफिया ने तीन स्वर्ण और दो रजत पदक जीते। ओइनम बिद्या देवी (1 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य) और फुलमनी ज़ाक्सा (1 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य) को 55,000 रुपये मिले। दो रजत और दो कांस्य पदक जीतने वाले अविनाश सिंघम को 50,000 रुपये मिले, जबकि सलाम किशन सिंह (4 रजत पदक), सागर कुमार (3 रजत पदक और 1 कांस्य पदक) और अहोंगशांगबम नाओबी सिंह (1 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक और 1) कांस्य) को 40,000 रुपये दिए गए, जबकि पुखरामबम रोजी देवी (1 स्वर्ण और 2 रजत) और श्रुति चौगुले (1 स्वर्ण और 2 रजत) को 35,000 रुपये दिए गए। तीन पदक (स्वर्ण, रजत और कांस्य) के साथ लौटे फ़िरेम्बम बोरिश सिंह को 30,000 रुपये मिले, जबकि थोंगम मोनोचा सिंह (1 स्वर्ण और 1 रजत), सलाम अर्शी देवी (1 स्वर्ण और 1 रजत) और लैशराम बोरीश सिंह (1 स्वर्ण और 1 चांदी) को 25,000 रुपये मिले। स्वर्ण पदक जीतने वाली मधुस्मिता नायक को 15,000 रुपये मिले, जबकि एलिन एलरिका टोप्पो (रजत) और मोइरांगथेम जाबेज मेइतेई (2 कांस्य पदक) में से प्रत्येक को 10,000 रुपये मिले। इस बीच, थाईलैंड में हाल ही में संपन्न वर्ल्ड एबिलिटी स्पोर्ट्स 2023 (जिसे पहले IWAS वर्ल्ड गेम्स के नाम से जाना जाता था) में पदक जीतने वाले और भाग लेने वाले पैरा-एथलीटों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने वाली सुचित्रा परिदा (पैरा-एथलेटिक्स) को 34 लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया, जबकि एक रजत और दो कांस्य पदक जीतने वाली जयंती बेहरा (पैरा-एथलेटिक्स) को राज्य सरकार से 30 लाख रुपये मिले। स्वाधीन महार को पैरा-एथलेटिक्स में सिल्वर जीतने पर 14 लाख रुपये मिले। पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी दीप रंजन बिसोई, जिन्होंने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता, को 18 लाख रुपये मिले, जबकि पैरा-बैडमिंटन कांस्य पदक विजेता सुभ्रजीत महराना को 4 लाख रुपये से सम्मानित किया गया। खेल मंत्री ने पैरा-एथलीटों को वर्ल्ड एबिलिटी स्पोर्ट्स 2023 में उनकी भागीदारी के लिए प्रत्येक को 50,000 रुपये पुरस्कार स्वरुप दिये । पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी जी दिलास्वर राव और नुरुल हुसैन खान, व्हीलचेयर फेंसिंग एथलीटों - राखल कुमार सेठी, वी रमेश राव, प्रफुल्ल कुमार खांडयात्रे, पूजास्विनी नायक, शीला मंत्री, पबित्रा साहू और मालती पनौरे को प्रत्येक 2 वर्ष में एक बार आयोजित होने वाले वर्ल्ड एबिलिटी स्पोर्ट्स में भागीदारी के लिए 50,000 रुपये मिले।

# ऑस्ट्रेलियन ओपनः भारतीय टेनिस खिलाड़ियों ने इतिहास में दर्ज कराया है अपना नाम



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियन ओपन में भारतीय खिलाड़ियों का सबसे शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। दृढ़ संकल्प, लचीलेपन और धैर्य के माध्यम से, भारतीय टेनिस खिलाड़ियों ने इस प्रतिष्ठित ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराया है। 2016 ऑस्ट्रेलियन ओपन को भारतीय टेनिस इतिहास में एक निर्णायक क्षण के रूप में याद किया जाएगा क्योंकि सानिया मिर्जा ने अपनी युगल जोड़ीदार मार्टिना हिंगिस ने फाइनल में चेकिया जोड़ी एंड्रिया ह्लावाकोवा और लूसी हराडेका [(7-6 (1), 6-3)] को हराकर प्रतिष्ठित खिताब जीता था। इस जीत के साथ ही सानिया मिर्जा ऑस्ट्रेलियन ओपन के महिला युगल वर्ग में ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में भारत के पहले प्रवेशकर्ता लिएंडर पेस ने अपने युगल साथी राडेक स्टेपनेक के साथ 16 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और सर्वकालिक सबसे सफल टेनिस जोड़ी बॉब ब्रायन और माइक ब्रायन को 2012 ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष युगल वर्ग फाइनल में हराया तो पूरी दुनिया स्तब्ध रह गई। ब्रायन बंधुओं से पांच बार हारने के बाद, लिएंडर पेस ने अंततः उन्हें रिकॉर्ड 12वें ग्रैंड स्लैम खिताब से वंचित करके बढ़त हासिल कर ली। यह जीत एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुई क्योंकि पेस ने अपनी पहली ऑस्ट्रेलियन ओपन ट्रॉफी जीती। महेश भूपति ने 2009 के ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में 22 वर्षीय भारतीय प्रतिभावान सानिया मिर्जा के साथ जोड़ी बनाकर एंडी राम और नताली डेची को सीधे सेटों में हराकर अपना दूसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता। यह जीत भूपति की 11वीं ग्रैंड स्लैम और मिश्रित युगल वर्ग में सातवीं प्रभावशाली खिताबी जीत थी। युवा सानिया के लिए, यह उनका पहला ग्रैंड स्लैम खिताब था।

## खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के पांचवें दिन साई शक्ति, अनंतपुर अकादमी ने दर्ज की जीत



**नई दिल्ली।** दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के पांचवें दिन - चरण 2 में साई शक्ति टीम और अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी ने अपने-अपने मैच जीते, जबकि ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने साई बाल टीम के साथ ड्रा खेला।

**साई शक्ति टीम ने दर्ज की व्यापक जीतः** दिन के पहले मैच में साई शक्ति टीम ने प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी को 7-0 से हराया। पूर्णिमा यादव (28', 43', 53') ने हैट्रिक लगाई, जबकि बिनाती मिंज (9'), भव्या (10'), प्रियंका (36') और कैप्टन काजल (54') ने एक-एक गोल किया।

**ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर और साई बाल टीम ने गोल रहित ड्रा खेलाः** दिन के दूसरे मैच में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर का मुकाबला साई बाल टीम से 0-0 से ड्रा रहा। पिछले दिन अपने-अपने मैच जीतकर अच्छी फॉर्म के साथ इस खेल में आने वाली दोनों टीमें अपनी जीत की लय बनाने की कोशिश कर रही थीं। हालाँकि, दोनों टीमों की ओर से रक्षा के कड़े प्रदर्शन की बदौलत मैच बिना कोई गोल किए ड्रा पर समाप्त हुआ।

**अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी ने भाई बहलो हॉकी अकादमी भगता को हरायाः** दिन के तीसरे मैच में अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी ने भाई बहलो हॉकी अकादमी भगता को 4-1 से हराया। मैच का पहला गोल भाई बेहलो हॉकी अकादमी भगता के लिए जानवी (6') ने किया, लेकिन अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी के लिए पी. मधुरिमा बाई (15', 53') और एम. वैष्णवी (17', 59') ने गोल कर अपनी टीम को 4-1 से जीत दिला दी।

# हॉकी ओलंपिक क्वालीफायरः करो या मरो वाले टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार भारत



**रांची।** एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के शुरू होने में केवल एक सप्ताह बचा है, हॉकी प्रशंसकों के बीच उत्साह काफी बढ़ गया है क्योंकि टीमें पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 के लिए स्थान बुक करने के लिए शीर्ष 3 स्थान बनाने की होड़ में हैं। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही टीमों में मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी, पूर्व एशियाई खेलों के चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य को पूल ए में रखा गया है, जबकि मेजबान भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका, न्यूजीलैंड और इटली के साथ पूल बी में रखा गया है। मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ स्थल गतिविधियों से भरा हुआ है, जिसमें भाग लेने वाली टीमें शहर में आ रही हैं और उस मैदान पर अपनी क्षमता का परीक्षण कर रही हैं, जिसने हाल ही में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी, जहां सविता के नेतृत्व वाले भारत ने खिताब जीता था। उस खिताबी जीत से मिले आत्मविश्वास को आगे बढ़ाते हुए, भारत करो या मरो वाले टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। कप्तान सविता ने विस्तार से बताया, "टीम प्रेरित है, खासकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद। हमारी तैयारी बहुत अच्छी रही है और टीम में ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो अतीत में ओलंपिक क्वालीफायर खेल चुके हैं और अच्छी तरह से समझते हैं कि इसके लिए आवश्यक प्रदर्शन का स्तर क्या है। यह हमारे लिए करो या मरो की लड़ाई है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।" उप-कप्तान निक्की प्रधान, जो झारखंड से हैं, ने कहा, "टीम का हर सदस्य ओलंपिक खेलों में भाग लेना चाहता है। यह अंतिम सपना है और इस सप्ताह की शुरुआत में रांची पहुंचने के बाद, हमें कुछ अच्छे प्रशिक्षण सत्र मिले हैं। न केवल टीम के सदस्यों के बीच बल्कि झारखंड के हॉकी प्रशंसकों के बीच भी बहुत उत्साह है और मुझे यकीन है कि वे हमारे लिए अपना समर्थन दिखाने के लिए बड़ी संख्या में आएंगे।'' भारतीय टीम अपने शुरुआती मैच में 13 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका से भिड़ेगी, उसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलेगी। एक दिन के आराम के बाद भारत 16 जनवरी को इटली से खेलेगा जबकि सेमीफाइनल 18 और फाइनल 19 जनवरी को होगा. टूर्नामेंट की शीर्ष 3 टीमें पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक नेशनल चैम्पियनशिपः दीपा, प्रणति, राकेश और गौरव कुमार का शानदार प्रदर्शन, जीते कई पदक



**भुवनेश्वर।** सीनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक नेशनल चैंपियनशिप का समापन गुरुवार को देश भर के शीर्ष जिमनास्टों के शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ। रेलवे की प्रणति दास के लिए राष्ट्रीय चैंपियनशिप का तीसरा दिन यादगार रहा क्योंकि उन्होंने ऑल-अराउंड महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रहने के अलावा डबल गोल्ड (अनइवन बार्स और फ्लोर एक्सरसाइज) जीता। उनकी टीम साथी प्रणति नायक ने वॉल्ट में स्वर्ण और बैलेंस बीम में कांस्य पदक जीतकर दो पदक जीते। इस बीच, त्रिपुरा का प्रतिनिधित्व करने वाली दीपा करमाकर ने महिलाओं की प्रतियोगिता में कुल तीन पदक - गोल्ड (ऑल-अराउंड), सिल्वर (वॉल्ट) और सिल्वर (अनइवेन बार्स) जीते। ओडिशा के राकेश कुमार पात्रा ने डबल गोल्ड (ऑल-अराउंड और रिंग्स), पैरेलल बार्स में सिल्वर और हॉरिजॉन्टल बार में ब्रॉन्ज मेडल के साथ चैंपियनशिप का समापन किया। सर्विसेज के गौरव कुमार ने भी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चार पदक जीते। ऑल-अराउंड में कांस्य के अलावा, उन्होंने फ़्लोर एक्सरसाइज में स्वर्ण और पैरेलल बार्स और हॉरिजॉन्टल बार में दो रजत पदक जीते। रेलवे के सिद्धार्थ वर्मा ने तीन पदक जीते। वह ऑल-अराउंड में दूसरे स्थान पर रहे और वॉल्ट में स्वर्ण और पॉमेल हॉर्स में रजत पदक जीता। वहीं, हरियाणा के योगेश्वर ने हॉरिजॉन्टल बार में गोल्ड और पॉमेल हॉर्स में ब्रॉन्ज मेडल जीता। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में ओडिशा के खेल एवं युवा सेवा सचिव विनील कृष्णा ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। इसके अलावा, जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधीर मितल और ओडिशा जिमनास्टिक एसोसिएशन और एएम/एनएस इंडिया के अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद खेल सचिव, विनील कृष्णा ने कहा, "यह देखना वास्तव में बहुत खुशी की बात है कि जिस तरह से यहां जिमनास्टिक नेशनल चैंपियनशिप हुई है, सभी शीर्ष जिमनास्ट यहां आए हैं और इस चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। हमें वास्तव में खुशी है कि हमारे चैंपियनशिप के लिए बुनियादी ढांचे का इस तरह से उपयोग किया गया है। मैं उन सभी को धन्यवाद देता हूं जो यहां कलिंगा स्टेडियम में आयोजित इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप का हिस्सा रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि सभी को एक यादगार अनुभव होगा और उम्मीद है कि मैं हर साल जिमनास्टिक्स परिवार को बार-बार देखूंगा।" जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष, सुधीर मित्तल ने जूनियर और सीनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक नेशनल चैंपियनशिप 2023-24 के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए ओडिशा सरकार के खेल और युवा सेवा विभाग को धन्यवाद और बधाई दी।

# ला लीगाः लेट पेनल्टी गोल ने बार्सा को बचाया, वाल्वरडे ने जीत के साथ 500वें मैच का जश्न मनाया



**मैड्रिड।** इलके गुंडोगन ने इंजुरी टाइम में पेनल्टी पर गोल करके एफसी बार्सिलोना को गुरुवार को लास पालमास में 2-1 से जीत दिला दी और अपनी ला लीगा खिताब की उम्मीदों को जिंदा रखा। मैच 1-1 के स्कोर के साथ 90 मिनट का समय पार कर गया, जिससे एक समय लगा कि बार्सा रियल मैड्रिड और गिरोना से नौ अंक पीछे रह जाएगा, लेकिन तभी जर्मन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गुंडोगन ने गोल कर बार्सिलोना की उम्मीदों को फिर से जिंदा कर दिया। बार्सिलोना के दो पूर्व खिलाड़ियों, सैंड्रो और मुनीर ने मिलकर लास पालमास को 11वें मिनट में बढ़त दिला दी थी, बार्सा के कीपर इनाकी पेना की हिचकिचाहट के कारण मुनीर को सैंड्रो के क्रॉस को गोल में बदलने में मदद मिली। पहले हाफ में लक्ष्य पर एक भी शॉट लगाए बिना, बार्सा ने 55वें मिनट में बराबरी कर ली जब लास पालमास के अपने क्षेत्र में एक गेंद को क्लियर करने में विफल रहने के बाद फेरान टोरेस ने आराम सो गोल किया। इसके बाद गुंडोगन ने इंजुरी टाइम में पेनल्टी पर गोल करके बार्सिलोना को 2-1 से जीत दिला दी। इसके अलावा गुरुवार को, एथलेटिक बिलबाओ के कोच अर्नेस्टो वाल्वरडे ने ला लीगा डगआउट में अपने 500वें मैच का जश्न अपनी टीम को सेविला पर 2-0 से जीत के साथ शीर्ष चार में पहुंचते हुए देखकर मनाया। एथलेटिक ने अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ पहले हाफ में पूरी तरह से नियंत्रण बनाए रखा और मिकेल वेस्गा के 30वें मिनट के हेडर की बदौलत 1-0 की बढ़त बना ली। इसके बाद 74वें मिनट में ऐटोर पेरेडेस ने एंडर हेरेरा के कर्लिंग क्रॉस पर एथलेटिक के लिए अपना पहला गोल किया और अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया। अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

## सिडनी टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में, पाकिस्तान ने दूसरी पारी में केवल 68 रन पर खोए 7 विकेट



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने यहां शुक्रवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। पहली पारी में 14 रन से पिछड़ने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने पर दूसरी पारी में केवल 68 रनों पर पाकिस्तान के 7 विकेट गिरा दिये हैं। मोहम्मद रिजवान 6 और आमेर जमाल बिना खाता खोले क्रीज पर मौजूद हैं। पाकिस्तान की कुल बढ़त 82 रनोंकी है और उसके केवल 3 विकेट बाकी हैं। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 313 रन बनाए थे। दूसरी पारी में पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और केवल 1 रनों के स्कोर पर अब्दुल्ला शफीक (00) और कप्तान शान मसूद चलते बने। शफीक को स्टार्क ने और मसूद को जोश हेजलवुड ने पवेलियन भेजा। इसके बाद सईम अयूब और बाबर आजम ने टीम का स्कोर 50 के पार पहुंचया। 58 के कुल स्कोर पर सईम 33 रन बनाकर नाथन ल्योन की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए। इसके तुरंत बाद बाबर आजम भी 60 के कुल स्कोर पर 23 रन बनाकर ट्रेविस हेड का शिकार बने। बाबर के आउट होने के बाद 67 के कुल स्कोर पर सऊद शकील (02), साजिद खान (00) और आगा सलमान (00) को हेजलवुड ने एक ही ओवर में पवेलियन भेज दिया। दिन का खेल समाप्त होने पर रिजवान 6 और जमाल बिना खाता खोले खेल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड ने 4, मिचेल स्टार्क, नाथन ल्योन और ट्रेविस हेड ने 1-1 विकेट लिया।

# चोटों ने चयनकर्ताओं को अफगानिस्तान श्रृंखला के लिए दुविधा में डाला



**नई दिल्ली।** अब यह स्पष्ट है कि टी-20 प्रारूप के लिए नामित कप्तानी के उम्मीदवार हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव अगले सप्ताह से अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली टी-20 सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उनकी अनुपस्थिति ने अजीत अगरकर और उनकी चयन समिति के लिए एक दुविधा खड़ी कर दी है। उनके सामने जो दुविधा है वह आजमाए हुए और परखे हुए उम्मीदवार, रोहित शर्मा, या शुभमन गिल जैसे किसी व्यक्ति के बीच चयन करने के इर्द-गिर्द घूमती है। चयनकर्ताओं के सामने अन्य व्यवहार्य विकल्पों में रवींद्र जडेजा और श्रेयस अय्यर शामिल हैं, लेकिन इस समय चयनकर्ताओं के सामने यह मुख्य मुद्दा नहीं है। मुद्दा यह है कि चयनकर्ता अभी भी इस बात पर अनिर्णीत हैं कि ट्वेंटी-20 विश्व कप से पहले आने वाले पांच महीनों पर ध्यान केंद्रित किया जाए या भविष्य की ओर ध्यान दिया जाए और एक युवा खिलाड़ी को तैयार किया जाए। यह निर्णय अगले कुछ घंटों में आज बाद में निर्धारित चयन समिति की बैठक के दौरान किया जाएगा। क्रिकबज के अनुसार, चयन समिति के लिए यह आसान कॉल नहीं होगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली से टी20ई खेलने के बारे में उनके विचार पूछे गए और उन्होंने कथित तौर पर खुद को इस प्रारूप के लिए उपलब्ध बताया है। दोनों ही खिलाड़ी एक साल से अधिक समय के बाद अपनी वापसी को चिह्नित करने के लिए तैयार हैं। दोनों खिलाड़ियों का आखिरी टी20आई 10 नवंबर, 2022 को ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के दौरान था। अब जबकि चयन समिति के भीतर का मूड भविष्य के लिए योजना बनाने और युवाओं को अनुभव प्रदान करने की ओर झुका हुआ है, चयनकर्ता हाल के दिनों में रोहित के असाधारण नेतृत्व और बल्लेबाजी कौशल के प्रति भी उतने ही संवेदनशील हैं।

## एक नजर

### सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर व्यक्ति का जीवन स्तर सुधरा : जनरल डॉ. वीके सिंह

**गाजियाबाद।** केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री एवं गाजियाबाद से सांसद जनरल डॉ.वी.के.सिंह ने शुक्रवार को यहां कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर व्यक्ति का जीवन स्तर सुधरा है। श्री सिंह विजय नगर स्थित भीमाबाई पार्क, माता कॉलोनी, विजय नगर में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को मुख्य अतिथि बतौर सम्बोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से अनेकों योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना,पेंशन योजना और प्रधानमंत्री अन्न योजना इत्यादि से लाभार्थियों को जोड़ा गया। इस मौके पर जनरल वी.के. सिंह ने कहा कि जन जागृति के संकल्प को सुदृढ़ करने वाली इस यात्रा का उद्देश्य भारत को विकसित बनाना और देशवासियों को खुशहाली व समृद्धि से जोड़ना है। इसके लिए सभी उपस्थित लोगों को शपथ दिलायी गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की गई। तमाम योजनाओं से हर व्यक्ति का जीवन स्तर सुधारा और निरंतर लोगों का जीवन बेहतर बना है। आज किसी बहन-बेटी को पानी के लिए घर से दूर नहीं जाना पड़ता है, बल्कि नल से जल योजना से हर घर तक पानी पहुंचाने का भागीरथ 70 सालों में पहली बार नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा ही किया गया। केंद्रीय मंत्री ने लोगों से कहा कि वह इस जनअभियान में जुड़कर आमजन को जागरूक करने और अन्य नागरिकों को मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दें, साथ ही इन योजनाओं से जोड़कर इसका लाभ दिलाने में सहायक बनें। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त अरुण यादव महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा एवं सभी क्षेत्रीय अधिकारी व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

### अमेरिका में फिर हिन्दू मंदिर पर हमला: खालिस्तानियों ने साइन बोर्ड पर भारत विरोधी नारे लिखे

**अमेरिका।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक बार फिर से हिंदू मंदिर पर हमला हुआ है। कैलिफोर्निया के हेवर्ड में मौजूद विजय शेरावाली मंदिर में खालिस्तानी समर्थकों ने भारत विरोधी बातें लिखीं। खालिस्तानियों ने मंदिर की दीवार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में भी अपशब्द लिखे हैं। साथ ही खालिस्तान जिंदाबाद जैसे नारे भी लिखे नजर आए। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (HAF) ने सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर भी शेयर की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लगातार हो रहे हमलों के बीच मंदिर और उसके आसपास के क्षेत्र में कैमरा लगाए जाने की मांग तेज हो गई है, जिससे आरोपियों की पहचान की जा सके। HAF ने बताया कि वो मंदिर प्रशासन के साथ संपर्क में हैं, और अलामेदा पुलिस डिपार्टमेंट को भी मामले की सूचना दी गई है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब करीब 2 हफ्ते पहले ही नेवार्क में स्वामीनारायण मंदिर पर अटैक हुआ था। वहीं करीब 1 हफ्ते पहले इसी क्षेत्र में मौजूद दुर्गा मंदिर में चोरी का मामला सामने आया था। मंदिर के साइन बोर्ड पर भारत विरोधी नारे सामने आने के बाद सैन फ्रांसिस्को में मौजूद भारत के कॉन्सुलेट जनरल ने इसकी निंदा की है। उन्होंने कहा- हमने अमेरिकी अधिकारियों से मामले में जल्द कार्रवाई की मांग की है। इससे पहले दिसंबर में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी नेवार्क में मंदिर पर हुए हमले पर बयान दिया था। उन्होंने कहा था- मैंने ये खबर देखी है। हम इसको लेकर चिंतित हैं। भारत के बाहर के चरमपंथियों और अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए। हमने अमेरिकी अधिकारियों के सामने शिकायत दर्ज कराई है। हमें उम्मीद है कि मामले में सही कार्रवाई की जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जिस मंदिर पर खालिस्तानियों ने हमला किया था, वो वॉशिंगटन डीसी से 100 किमी दूर स्थित है।

# सोमालिया के पास जहाज हाईजैक

**नई दिल्ली।** अरब सागर में सोमालिया के तट के पास एक और जहाज हाईजैक कर लिया गया। इस पर 15 भारतीय क्रू मेंबर्स सवार हैं। मामला 4 जनवरी का है, लेकिन इसकी जानकारी आज शुक्रवार को सामने आई। लाइबेरिया के फ्लैग वाले इस जहाज का नाम लीला नोर्फोक है। भारतीय नौसेना ने बताया कि जहाज ने ब्रिटेन के मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स (UKMTO) पोर्टल पर एक संदेश भेजा था। इसमें कहा गया था कि 4 जनवरी की शाम को 5-6 लोग हथियारों के साथ जहाज पर उतरे। नेवी ने कहा- हम मामले पर नजर बनाए हुए हैं। मर्चेंट वेसल की सुरक्षा के लिए नेवी ने INS चेन्नई को जहाज की तरफ रवाना किया है। मरीन ट्रैफिक के मुताबिक, जहाज ब्राजील के पोर्टो डू एकू से बहरीन के खलीफा बिन सलमान पोर्ट जा रहा था। यह 11 जनवरी को लोकेशन पर पहुंचने वाला था। इंडियन नेवी ने कहा- हाईजैक की सूचना मिलते ही एक मैरिटाइम पैट्रोलिंग एयरक्राफ्ट P8I को जहाज की तरफ रवाना किया गया। एयरक्राफ्ट ने सुबह




शिप की लोकेशन पर पहुंचकर क्रू से संपर्क किया है। सभी सुरक्षित हैं। नेवल एयरक्राफ्ट लगातार INS चेन्नई की लोकेशन ट्रैक कर रहे हैं। वेसल फाइंडर के मुताबिक, जहाज से आखिरी बार 30 दिसंबर को संपर्क किया गया था। जहाज को किसने हाईजैक किया, इसकी जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। अरब और लाल सागर में इन दिनों मर्चेंट वेसल पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इससे पहले 14 दिसंबर को भी समुद्री लुटेरों ने माल्टा के एक जहाज को हाईजैक कर लिया था। इसके बाद नौसेना ने अपने एक युद्धपोत को अदन की खाड़ी में हाइजैक हुए जहाज MV रुएन की मदद के लिए भेजा था। जहाज को 6 लोगों ने अगवा किया था। भारतीय नौसेना ने माल्टा के जहाज से एक नाविक को रेस्क्यू किया था। यह नाविक गंभीर रूप से जख्मी था। इसका इलाज शिप पर मुमकिन नहीं था, लिहाजा उसे ओमान भेजा गया था। द मैरीटाइम एग्जीक्यूटिव की रिपोर्ट के मुताबिक हाइजैक हुआ जहाज कोरिया से तुर्किये की तरफ जा रहा था। तभी सोमालिया के समुद्री लुटेरों ने उस पर हमला कर दिया। इससे पहले 19 नवंबर को हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से एक कार्गो शिप गैलेक्सी लीडर को हाइजैक कर लिया था। यह जहाज तुर्किये से भारत आ रहा था। हूती विद्रोहियों ने इसे इजराइली जहाज समझकर हाइजैक किया था। हूतियों ने शिप हाइजैक करने का वीडियो भी शेयर किया था। इस जहाज में 25 भारतीय क्रू मेंबर्स थे। जहाज हाइजैक होने की जानकारी मिलते ही नेतन्याहू ने इसका आरोप ईरान पर लगाया था। इजराइली PM बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे ईरान की ओर से अंतरराष्ट्रीय जहाज पर हमला बताया था। उन्होंने कहा था कि यह ईरान की तरफ से की गई आतंकी हरकत है। यह दुनिया पर हमले की कोशिश है। इससे दुनिया की शिपिंग लाइन भी प्रभावित होगी। सोमालिया वो मुल्क है, जिसके समुद्र में बड़ी तादाद में मछलियां मौजूद हैं। 1990 तक इसकी अर्थव्यवस्था मछलियों से ही चलती थी। तब यहां समुद्री लुटेरों का कोई डर नहीं था। अधिकतर लोग मछली का व्यापार करते थे। फिर यहां सिविल वॉर शुरू हो गया। सरकार और नौसेना नहीं रही। इसका फायदा विदेशी कंपनियों ने उठाया। सोमालिया के लोग छोटी नावों में मछली पकड़ते थे। उनके सामने विदेशी कंपनियों के बड़े-बड़े ट्रॉलर आकर खड़े हो गए। लोगों का रोजगार छिनने लगा। इससे परेशान होकर 1990 के बाद इस देश के लोगों ने हथियार उठा लिए और समुद्री लुटेरे बन गए। समुद्री मालवाहक जहाजों का एक बड़ा बेड़ा सोमालिया कोस्ट के पास से होकर गुजरता था। मछुआरे से लुटेरे बने लोगों ने इन जहाजों को निशाना बनाना शुरू किया। जहाज छोड़ने के बदले वे फिरौती लेने लगे। साल 2005 तक यह धंधा इतना बड़ा हो गया कि एक पाइरेट स्टॉक एक्सचेंज बना दिया गया। यानी लुटेरों के अभियान को फंड करने के लिए लोग इन्वेस्ट कर सकते थे। बदले में लोगों को लूटी हुई रकम का एक बड़ा हिस्सा मिलता।

## अरब सागर में लाइबेरियाई जहाज के अपहरण का प्रयास, नौसेना ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** अरब सागर में सोमालिया के पास लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला को अपहृत करने का प्रयास किया गया है, लेकिन भारतीय नौसेना के माकूल जवाब के बाद यह घटना होने से बच गई है। नौसेना ने जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजा है। दरअसल, लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला ने 04 जनवरी की शाम को लगभग पांच से छह अज्ञात सशस्त्र कर्मियों के सवार होने का संकेत दिया था। जहाज के चालक दल की ओर से यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन (यूकेएमटीओ) पोर्टल पर संदेश मिलने के बाद भारतीय नौसेना सक्रिय हुई। यूकेएमटीओ व्यापारिक जहाजों के लिए संपर्क और क्षेत्र में सैन्य बलों के साथ संपर्क के प्राथमिक बिंदु के रूप में कार्य करता है। सोमालिया के पास व्यापारिक जहाज एमवी लीला का अपहरण होने के संकेत मिलने के बाद भारतीय नौसेना के मिशन में तैनात प्लेटफार्मों ने अरब सागर में इस समुद्री घटना पर तेजी से प्रतिक्रिया दी। भारतीय नौसेना ने तत्काल एक समुद्री गश्ती



विमान (एमपीए) लॉन्च किया और जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजने के लिए डायवर्ट कर दिया है। विमान ने आज सुबह जहाज के ऊपर से उड़ान भरी और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जहाज के साथ संपर्क स्थापित किया। नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल के मुताबिक नौसेना के विमान समुद्री गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं और आईएनएस चेन्नई लाइबेरियाई जहाज को सहायता देने के लिए पहुंच रहा है। पूरे क्षेत्र में अन्य एजेंसियों और बहुराष्ट्रीय बल के समन्वय से समग्र स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। भारतीय नौसेना अंतरराष्ट्रीय साझेदारों और मित्रवत देशों के साथ क्षेत्र में व्यापारिक जहाजरानी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## साउथ अफ्रीकी जेल में बंद 'ब्लेड रनर' रिहाः 13 साल पहले पैरालिंपियन ने गर्लफ्रेंड का मर्डर किया था

**साउथ अफ्रीका।** साउथ अफ्रीका के ओलिंपिक और पैरालिंपिक एथलीट ऑस्कर पिस्टोरियस को रिहा कर दिया गया है। 2013 में उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड की हत्या कर दी थी। इसके बाद उन्हें 13 साल की सजा हुई थी। हालांकि सजा पूरी होने के करीब 3 साल पहले उन्हें पैरोल दे दी गई। 14 फरवरी 2013 को ऑस्कर पिस्टोरियस ने अपनी गर्लफ्रेंड रीवा स्टीनकैंप को गोलियां मार दी थीं। तब डेली मेल की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि पिस्टोरियस ने एक झगड़े के बाद रीवा को गोली मारी। हालांकि ऑस्कर ने खुद के बचाव में कहा था कि उन्हें लगा घर में चोर घुस आया है और उन्होंने 4 गोलियां चला दीं। ऑस्कर का कहना था कि उन्होंने अनजाने में रीवा को गोली मार दी थी। 2015 में 28 साल




के ऑस्कर पिस्टोरियस को अपनी 29 साल की प्रेमिका की गैर इरादतन हत्या का दोषी पाया गया था। रीवा पेशे से मॉडल थीं। पुलिस को उनका शव टॉयलेट में मिला था। उनका खून जमीन पर पड़ा था। पिस्टोरियस को घटनास्थल से गिरफ्तार किया गया था। उनका बायां हाथ और शॉट्र्स खून में लथपथ थे। ऑस्कर पिस्टोरियस जब महज सवा साल के थे, तब एक जेनेटिक डिफेक्ट के कारण उनके दोनों पैर काटने पड़े थे। वे बचपन से ही प्रॉस्थेटिक लेग्स (कृत्रिम पैर) के सहारे चल रहे हैं। बचपन से चंचल रहे ऑस्कर ने एथलेटिक्स में नाम कमाया। स्टील से बने ब्लेड्स प्रॉस्थेटिक्स लेग की जगह पहनकर उन्होंने ब्लेड रनर का नाम हासिल किया। पैरालिंपिक में वे 6 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं। 2012 के लंदन ओलिंपिक में भी वे उतरे थे। नकली पैरों के साथ ओलिंपिक में हिस्सा लेने वाले वे दुनिया के पहले एथलीट थे। 400 मीटर रेस में वे सेमी फाइनल तक क्वालिफाई करने में भी सफल हुए थे। सेमी फाइनल में वे 8वें पायदान पर रहे थे। एक सुनवाई के दौरान ऑस्कर पिस्टोरियस के दोस्त ने कहा था- पिस्टोरियस को बंदूक का है। उसने एक बार भीड़ भरे रेस्टोरेंट में गोली चलाई थी।

## धर्म से राजनीति चलती है, राजनीति से धर्म नहीं, राम पर राजनीति करना मूर्खताः पं. धीरेंद्र शास्त्री

**छतरपुर।** श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जारी सियासत के बीच प्रसिद्ध कथावाचक बागेश्वरधाम के महंत पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि भगवान श्रीराम राजनीति का विषय नहीं हैं। राजनीति धर्म से चलती है। धर्म राजनीति से नहीं चलता। राम की नीति है, जो गरिमा, एकता और शांति है। ऐसे में कोई रोटियां सेक रहा है तो यह मूर्खता है। पं. धीरेन्द्र शास्त्री शुक्रवार को नोएडा में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राममंदिर का श्रेय लेने का दावा करने वाले राजनीतिक दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भगवान राम सबके हैं। जातिवाद के लिए राम मंदिर नहीं बन रहा। शबरी का मंदिर बन रहा, निषादराज का भी मंदिर बन रहा है तो क्या ये जातिवाद के लिए बन



रहा है? जातिवाद के लिए मंदिर नहीं है, अपितु सभी रामभक्तों की आस्था के लिए मंदिर बन रहा है। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रण को लेकर कहा कि वे अयोध्या जाने को लेकर अति उत्साहित हैं। राममंदिर आजतक की समस्त सनातनियों की सबसे बड़ी विजय है। यह उत्सव दीपावली से बहुत ज्यादा खास है। निश्चित ही कोई अभागा होगा, जिसको इस दिन का इंतजार न हो। केवल भारतीयों को नहीं, दुनियाभर में रहने वाले भारतवंशियों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार है। इस दौरान उनसे ज्ञानवापी और मथुरा जन्मभूमि के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है। यह साबित हो गया है कि ज्ञानवापी में भगवान शिव हैं और कृष्ण जन्मभूमि कन्हैया की है। इन मामलों में राय की कोई जरूरत नहीं है, भारत का एक कानून और सुप्रीम कोर्ट है। फिलहाल एएसआई की रिपोर्ट से यहां सनातन का मंदिर होने का प्रमाण मिलता है। पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने इस दौरान ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) चीफ असदुद्दीन ओवैसी पर उनकी हालिया टिप्पणी को लेकर भी निशाना साधा और कहा कि यह ओवैसी के डर को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हम मस्जिदों पर मंदिर नहीं बनाना चाहते, बल्कि मंदिरों का पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। अगर उन्हें यह डर है तो मैं कामना करता हूं कि यह डर उनके अंदर बना रहे। दरअसल, ओवैसी ने गत दिनों मुस्लिम युवाओं से भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे कामों पर नजर रखने की अपील करते हुए कहा था कि देश में मस्जिदें आबाद रहनी चाहिए। हमने अपनी मस्जिद खो दी है और आप देख रहे हैं कि वहां क्या किया जा रहा है।

## नॉर्थ कोरिया ने साउथ कोरिया की तरफ दागे 200 गोलेः साउथ कोरिया ने दो आईलैंड खाली कराने के आदेश दिए

**सियोल।** नॉर्थ कोरिया ने शुक्रवार को साउथ कोरिया की तरफ तोप के 200 गोले दागे हैं। फिलहाल किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। BBC के मुताबिक नॉर्थ कोरिया ने साउथ कोरिया के योनप्योंग आईलैंड की तरफ गोले दागे हैं। जिसके बाद साउथ कोरियाई प्रशासन ने लोगों से आईलैंड खाली करने को कहा है। इसके अलावा पास के बेंगनीओंग आईलैंड को भी खाली करने के आदेश दिए गए हैं। दक्षिण कोरिया ने तानाशाह किंग जोंग उन के इस कदम को उकसाने वाली हरकत बताया है। इस तरह की हरकत नॉर्थ कोरिया ने 2010 में भी की थी। उस दौरान योनप्योंग आईलैंड के 4 लोग मारे गए थे। वहीं, 13 साल बाद नॉर्थ कोरिया की तरफ से दागे गए तोप के गोले बफर जोन में गिरे। यानी ऐसे इलाके में गिरे जहां नॉर्थ कोरिया और साउथ कोरिया दोनों ही देशों का कब्जा नहीं है। शुक्रवार को नॉर्थ कोरिया की तरफ से दागे गए गोले की आवाज सुनकर लोगों ने शेल्टर होम में पनाह BBC के मुताबिक यह घटना नॉर्थ कोरिया की तरफ से दी गई चेतावनी



के बाद हुई है। दरअसल, नॉर्थ कोरिया जंग (जो किसी भी समय छिड़ सकती है) की तैयारी कर रहा है। इसके लिए वो हथियार जुटा रहा है और मिलिट्री पावर बढ़ा रहा है। 1 जनवरी को नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपनी सेना से कहा था- अगर साउथ कोरिया और अमेरिका की तरफ से सैन्य कार्रवाई की जाती है तो हमें पीछे नहीं हटना है। पूरी ताकत से हमला करना है और विरोधियों का खात्मा करना है। हाल ही में नॉर्थ कोरिया ने साउथ कोरिया के बीच हुई एक मिलिट्री डील को भी खत्म कर दिया था। इस डील का मकसद दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधारना था। साउथ कोरिया की सेना नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की हत्या की तैयारी कर रही है। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक साउथ कोरिया ने स्वीकार किया कि उसकी सेना उत्तर कोरिया के किम जोंग उन की संभावित हत्या के लिए सक्रिय रूप से 'हत्या अभ्यास' (डिकैपिटेशन ड्रिल) कर रही है। साउथ कोरिया के डिफेंस मिनिस्टर ने कहा- नॉर्थ कोरिया का सामना करने के लिए तानाशाह की हत्या एक ऑप्शन है। इसके लिए हमारी सेना ड्रिल कर रही है। इसके अलावा परमाणु हथियारों की तैनाती को भी ऑप्शन में रखा गया है। इसकी तैयारी भी की जा रही है। 'हत्या अभ्यास' में अमेरिकी सेना भी हमारा साथ दे रही है। नॉर्थ कोरिया ने मार्च 2023 में पहली बार अपने परमाणु हथियार दुनिया को दिखाए थे। नॉर्थ कोरिया ने अपने परमाणु हथियारों को हवासैन-31 नाम दिया है। न्यूक्लियर एक्सपर्ट्स का मानना है कि नॉर्थ कोरिया के हथियार बेशक छोटे हैं फिर भी इन्हें इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलों पर लगाकर अमेरिका और साउथ कोरिया में तबाही मचाई जा सकती है। यही वजह है कि अमेरिका, साउथ कोरिया का साथ दे रहा है।

## नौ माह में उत्तर प्रदेश पहुंचे 32 करोड़ से अधिक पर्यटक

**लखनऊ।** वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश आने वाले पर्यटकों की संख्या जहां 31.85 करोड़ थी। वहीं, 2023 के शुरुआती नौ महीने में ही 32 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने यूपी को एक्सप्लोर किया है। इसमें बड़ी संख्या विदेशी पर्यटकों की भी है। प्रदेश में सर्वाधिक पर्यटकों ने काशी का रुख किया, जबकि प्रयागराज और अयोध्या आने वाले सैलानियों की संख्या भी करोड़ों में रही। उत्तर प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि साल 2023 कई मायने में यूपी के लिए नये कीर्तिमान स्थापित करने वाला साल रहा। जहां एक ओर केंद्र और प्रदेश की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं में यूपी प्रथम पायदान पर रहा तो वहीं पर्यटन का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। साल 2023 में जनवरी से लेकर सितम्बर तक उत्तर प्रदेश आने वाले देसी सैलानियों की संख्या 31 करोड़,91लाख,95 हजार,206 रही। वहीं, 9 लाख, 54 हजार, 866 विदेशी पर्यटक भी उत्तर प्रदेश पहुंचे।



इनमें भी सर्वाधिक संख्या वाराणसी पहुंचने वाले पर्यटकों की रही। जनवरी से सितम्बर तक वाराणसी कुल 8 करोड़, 42 लाख,04हजार, 814 पर्यटक वाराणसी पहुंचे। इनमें देसी पर्यटकों की संख्या 8 करोड़, 40 लाख, 71 हजार, 726 जबकि विदेश पर्यटकों की संख्या एक लाख, 33हजार, 88 रही। काशी के बाद सैलानियों की दूसरी पसंद प्रयागराज रही। यहां कुल 4 करोड़, 49लाख, 95हजार, 996 पर्यटक साल 2023 में जनवरी से सितम्बर तक पहुंचे। इनमें देसी पर्यटकों की संख्या जहां 4 करोड़,49लाख,93हजार,289 रही तो वहीं 2,707 विदेशी पर्यटक भी प्रयागराज पहुंचे। इसी प्रकार तीसरे नम्बर पर अयोध्या आने वाले पर्यटकों की संख्या रही। जनवरी 23 से सितम्बर 2023 तक कुल 2 करोड़,03 लाख,64 हजार, 347 पर्यटक अयोध्या पहुंचे। इनमें देसी पर्यटकों की संख्या 2करोड़,03 लाख,62 हजार,713 रही, जबकि विदेशी पर्यटकों की संख्या एक हजार, 634 दर्ज की गई।

## लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमलेः गाजा में 16 लोग मारे गए

**तेल अवीव।** हमास के बाद अब इजराइल डिफेंस फोर्सेस (IDF) ने लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्लाह पर जबरदस्त हमले शुरू कर दिए हैं। IDF के मुताबिक- गाजा में गुरुवार को अलग-अलग हमलों में 16 लोग मारे गए हैं। इनमें इस्लामिक जिहाद का कमांडर महमूद शामिल है। इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन 2024 की पहली विदेश यात्रा के तहत मिडिल ईस्ट जा रहे हैं। माना जा रहा है कि ब्लिंकन खाड़ी देशों के दौरे के बाद इजराइल भी जाएंगे। IDF की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक- अब हमास की तरह ही हिजबुल्लाह को भी संभाला जाएगा। इसकी वजह यह है कि साउथ लेबनान की तरफ से इजराइल पर हमले न सिर्फ तेज हो गए थे, बल्कि इनमें ईरान में बने हथियारों का इस्तेमाल भी हो रहा था। हिजबुल्लाह की कोशिश इजराइल की सेना को दो मोर्चों पर एक साथ उलझाना था। अब इसका जवाब उसी तरह दिया जा रहा है, जैसा गाजा में दिया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इजराइल ने अब लेबनान पर एयरस्ट्राइक की नई स्ट्रैटेजी अपनाई है। इसके तहत लेबनान को हिजबुल्लाह के ठिकाने खुद तबाह करने को कहा जा रहा है और उस पर दबाव डाला जा रहा है। दूसरी तरफ, लेबनान की तरफ से अब तक हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमलों को लेकर किसी तरह का बयान जारी नहीं किया गया है। IDF ने कहा है कि गुरुवार को गाजा पर एयरस्ट्राइक में इस्लामिक जिहाद का कमांडर महमूद मारा गया। अब तक इस्लामिक जिहाद की तरफ से इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, IDF और लोकल इंटेलिजेंस एजेंसी ने इसकी पुष्टि की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महमूद के साथ हमास के कुछ कमांडर भी मौजूद थे। हालांकि, इनमें से किसी भी संगठन ने इस हमले और महमूद के मारे जाने के बारे में कुछ नहीं कहा है। 'यरूशलम पोस्ट' के मुताबिक- महमूद ने इजराइल को फिदायीन हमलों की धमकी दी थी। IDF ने भी कहा है कि महमूद हमास और इस्लामिक जिहाद के लिए स्ट्रैटेजी और एग्जीक्यूशन का मास्टरमाइंड था। गाजा में इजराइली सेना पर हालिया हमलों के पीछे महमूद को ही अहम चेहरा माना जाता था।

## केन्द्र ने रामसर को भेजा उदयपुर को वेटलैंड सिटी घोषित करने का प्रस्ताव


**उदयपुर।** केन्द्र सरकार ने पहले वेटलैंड सिटी एक्रिडिटेशन के लिए राजस्थान के उदयपुर, मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल और इंदौर शहर का नाम शामिल किया है। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने इन तीनों शहरों को वेटलैंड घोषित करने का प्रस्ताव स्विट्जरलैंड रामसर संस्था को भेजा है। इन शहरों को आर्द्रभूमि (वेटलैंड) वाले शहर का टैग वाले इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने एक्स अकाउंट पर यह जानकारी दी। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि देश के पहले तीन शहरों इंदौर, भोपाल और उदयपुर को रामसर साइट के नामांकन के लिए पेश किया गया है।



उन्होंने बताया कि इस योजना का लक्ष्य शहरी क्षेत्र से सटे आर्द्रभूमि के संरक्षण और उचित उपयोग के साथ स्थानीय आबादी के लिए सामाजिक-आर्थिक लाभ को बढ़ावा देना है। उदयपुर से जुड़े प्रस्ताव की बात करें तो गत 9 अक्टूबर 2023 को उदयपुर की जिला पर्यावरण समिति की बैठक में उदयपुर को वेटलैंड सिटी बनाने का प्रस्ताव अनुमोदित किया था। समिति अध्यक्ष जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में उदयपुर शहर को वेटलैण्ड सिटी घोषित कराने के प्रस्ताव पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया था। इसके बाद यह प्रस्ताव राज्य आर्द्र भूमि प्राधिकरण को भेजा गया और वहां से प्रस्ताव केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को भेजा गया था। उल्लेखनीय है कि उदयपुर शहर सहित पूरा उदयपुर जिला झीलों और तालाबों से घिरा है। उदयपुर शहर के अंदर ही फतहसागर, पिछोला जैसी ऐतिहासिक झीलें हैं और शहर के समीप उदयसागर झील और बड़ा तालाब है। इसके अलावा जिले में जयसमंद झील भी आती है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में कई जलाशय हैं। मेनार बर्ड विलेज उदयपुर जिले की महत्वपूर्ण पहचान है। मेनार के दोनों तालाब मिलाकर मेनार साइट पहले ही वेटलैंड घोषित हो चुकी है और अब उदयपुर को वेटलैंड सिटी का दर्जा देने का प्रस्ताव दिल्ली से आगे बढ़ा है। जानकारी के अनुसार अभी तक भारत का एक भी शहर वेटलैंड के रूप में शामिल नहीं है। जहां तक उदयपुर जिले की बाात है तो उदयपुर प्राकृतिक दृष्टि से समृद्ध है और उदयपुर के जलस्रोत वेटलैण्ड सूची में भी नामित हैं, ऐसे में वेटलैण्ड सिटी घोषित होने पर जलस्रोतों के संरक्षण में सहयोग मिलेगा।

## एक नजर

### धनबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने की धनबाद उपायुक्त से मुलाकात



**संवाददाता धनबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बीसीसीएल से प्रशिक्षित आईटीआई अप्रेंटिस युवाओं के रोजगार संबंधी मामलों को लेकर धनबाद के उपायुक्त वरूण रंजन से मुलाकात की। जिसमें उन्होंने वर्षों से लंबित पड़े अप्रेंटिस युवाओं को क्षेत्र अन्तर्गत चल रहे आऊटसोर्सिंग कंपनियों में समायोजन करने हेतु बीसीसीएल प्रबंधन को निर्देशित करने की बात कही। जिसमें उपायुक्त के द्वारा बीसीसीएल के निदेशक कार्मिक मुरली रमैया को दुरभाष पर युवाओं को जल्द से जल्द रोजगार सुनिश्चित कराने की दिशा में कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त अवसर पर केंदुआ, करकेंद नगर कांग्रेस अध्यक्ष जयप्रकाश चौहान, अप्रेंटिस संघ धनबाद के सूरज झा, याजूदिन अंसारी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### सदर विधायक की ओर से श्राद्ध किट का किया गया वितरण



**संवाददाता कटकमसांडी।** ग्राम कंडसार निवासी मौली भुइयाँ पिता स्व० रामजी भुइयाँ उम्र 50 वर्ष जिनका आकस्मिक निधन 25 दिसंबर 2023 को हो गया था। डोमन भुइयाँ पिता थानू भुइयाँ उम्र 49 वर्ष ग्राम डांटो कला इस गरीब परिवार में आकस्मिक घटना हो जाने से भाजपा मंडल महामंत्री राकेश कुमार सिंह द्वारा विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा से संपर्क कर श्राद्ध किट उपलब्ध कराने की मांग की गई। जिसे ससमय विधायक प्रतिनिधि द्वारा उपलब्ध करवाया गया। विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक मनीष जायसवाल के सौजन्य से भाजपा मंडल महामंत्री राकेश कुमार सिंह एवं मंत्री बिरेंद्र कुमार ओझा व भाजपा परिवार के उपस्थिति में श्राद्ध किट कंडसार मृतक परिवार के आश्रितों के बीच उनके घर जाकर वितरण किया। प्रखंड महामंत्री राकेश कुमार सिंह ने कहा कि माननीय विधायक मनीष जायसवाल की ओर से ऐसी परिस्थिति में मदद करना, जिसमें मृतक प्राणी की आत्मा को शांति प्रदान हेतु श्राद्ध भोजन के लिए श्राद्ध किट उपलब्ध करना है यह एक वरदान साबित हो रही है। मृतक प्राणी परिवार द्वारा इस प्रकार की सहायता पाकर माननीय विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, भाजपा मंडल महामंत्री राकेश कुमार सिंह, मंत्री बिरेंद्र कुमार ओझा, भाजपा परिवार पंचम कुमार सिंह, संजय राम, विजय मिश्रा, बिरेंद्र कुमार सिंह, बासुदेव राम, किट्टू भइया, शारदा देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### बीडीओ अनु प्रिया ने गिद्दी क,ख,ग में किया कंबल वितरण



संवाददाता डाड़ी। डाड़ी प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुप्रिया के द्वारा गिद्दी पंचायत के क,ख एवं ग पंचायत के गरीब निस्सहाय लोग जो बढती ठंड से ठिठुर रहे थे। तो बीडीओ द्वारा वैसे लोगों को अपने हाथों से कंबल वितरण उनके बीच में किया गया। इस कंबल वितरण समारोह में डाड़ी निरीक्षक प्रभारी अजित तिवारी, ऐमोओ देवेंद्र कुमार, तीनों पंचायत के मुखिया, उपमुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव एवं काफी संख्या में लोग थे। मुखिया उषा देवी, कविता सिंह, हीरालाल गंझू, उपमुखिया सरिता देवी ने डाड़ी बीडीओ को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस ठंड के मौसम में ऐसे गरीब लोगों को कंबल दिये हैं जन्हें ठंड में कम्बल की जरूरत थी। अब उन्हें राहत मिलेगी।

---

**कंप्यूटर का ज्ञान पाकर पूरी होगी शिक्षा, मिलेंगे रोजगार के अवसर : पूर्व मुखिया**

# अदाणी फॉउंडेशन द्वारा 52 बच्चों का कंप्यूटर ट्रेनिंग कोर्स संपन्न, टॉप 10 हुए सम्मानित



**संवाददाता बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (एएसडीसी) के सहयोग से बड़कागांव प्रखंड के बच्चों के लिए निःशुल्क कंप्यूटर ट्रेनिंग कोर्स की शुरुआत की है। इसके तहत पहले बैच के 52 विद्यार्थियों को अदाणी फॉउंडेशन की ओर से डाटा इंट्री ऑपरेटर पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने पर सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इसके साथ ही सबसे अधिक अंक लाने वाले शीर्ष दस बच्चों को आकर्षक फेयरवेल किट् देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मौजूद पूर्व मुखिया महेंद्र महतो और शिव दयाल महतो ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन का यह प्रयास प्रशंसनीय है। आज के समय में कप्यूटर शिक्षा का ज्ञान बच्चों को बहुत हीं जरूरी है। इससे उन्हें आगे चलकर रोजगार के कई अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने इस प्रयास के लिए अदाणी फॉउंडेशन को बधाई दी। एएसडीसी द्वारा 15 दिसंबर 2023 से शुरू किये गए इस केंद्र में पहले बैच के बच्चों को हजारीबाग के शिक्षक विकास जयसवाल ने कंप्यूटर और इंटरनेट के गुर सिखाए। उन्होंने बताया कि अब यहां दूसरे बैच भी शुरु हो चुका है।

**95% अंकों के साथ योगेंद्र टॉपर, टॉप 10 में सात लड़कियां-** कंप्यूटर प्रशिक्षण के शुरू हुए पहले कोर्स में 95 फीसदी अंकों के साथ योगेंद्र प्रसाद साव ने टॉप किया। वहीं टॉप टेन में दूसरे स्थान से लेकर आठवें तक लड़कियों ने अपनी सफलता का परचम लहराया। इसमें रूपा कुमारी, करीना कुमारी, अलका कुमारी, पूनम कुमारी, अंजलि कुमारी, रूपवन्ती कुमारी और कविता कुमारी शामिल हैं। वहीं, नौवें और दसवें स्थान पर क्रमशः विशाल कुमार यादव और सुनील चौधरी रहे। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और खेल के क्षेत्र में सार्थक प्रयास कर रहा अदाणी फॉउंडेशन बड़कागांव इलाके में अदाणी फॉउंडेशन लगातार शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और खेल के क्षेत्र में कई तरह का सार्थक प्रयास कर रहा है। फॉउंडेशन ने हरली स्कूल में विज्ञान विषय पढ़ाने के लिए विशेष शिक्षक नियुक्त किए हैं। वहीं एकलव्य छात्रवृति योजना की शुरुआत भी की गयी है। इसके अलावा विभिन्न गांव में लगातार हेल्थ कैम्प और नेत्र चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा टीबी के 130 से अधिक मरीजों को गोद लिया गया है। तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जैसे फुटबॉल का आयोजन और महिलाओं के सेल्फ हेल्प ग्रुप 'गंगा' का भी सफलतापूर्वक क्रियान्वन हो रहा है।

---

**हर क्षेत्र में बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है : अंबा प्रसाद**

# 21 करोड़ की लागत से लगभग एक दर्जन सड़कों का होगा निर्माण



**संवाददाता बड़कागांव।** स्थानीय विधायक की पहल पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई पटकथा लिखी जा रही है। क्षेत्र के सभी हिस्सों में बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर मुख्यमंत्री ग्राम सुदृढ़ीकरण योजना के तहत कई सड़कों का निर्माण होना है। जिसके आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा निविदा जारी कर दिया गया है। उक्त सड़कों के निर्माण में लगभग 21 करोड़ की लागत आएगी। इस संबंध में विधायक के द्वारा पूर्व में ही प्रेस रिलीज जारी कर बताया गया था कि सड़कों के निर्माण को लेकर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान हुई है। और इस बाबत निविदा भी जारी कर दी गई। विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर ग्रामीण कार्य विभाग से पथों का निर्माण होगा। इस संदर्भ में विधायक अंबा प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सड़क निर्माण के लिए सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई है और निविदा जारी कर दी गई है। शीघ्र ही निविदा निस्तारण करने के बाद सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के एनटीपीसी पथ चेपाखुर्द से चेपाकला तक लगभग 4 किलोमीटर सड़क, जुबला से चानो तक की लगभग 6 किलोमीटर सड़क, हरली शिव मंदिर से नापो कला पथ होते हुए सतबहिनी पुल तक 5 किलोमीटर पथ का निर्माण, लुरुंगा से इंदरा तक की 6.5 किलोमीटर पथ, महुदी मध्य विद्यालय से चुंबा गड़ा तक 3.5 किलोमीटर सड़क, बड़कागांव सूर्य मंदिर से आराहरा तक 4 किलोमीटर पथ, डोकाटांड़ से बरबनिया होते हुए मलडीह तक 4 किलोमीटर पथ, आंगो आर ई ओ रोड से कर्माटांड़, बधपंजा भाया कोयलंग सरना बगाही तक 4 किलोमीटर पथ, कांडतरी से बुढ़वा महादेव तक 2.4 किलोमीटर, लुरुंगा मुख्य पथ से आदिवासी टोला भाया लेटवाटांड़ चानों तक 3.4 किमी पथ व नापो खुर्द से असनाटांड़ तक 2.7 किलोमीटर पाठ का निर्माण विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर होना है।

---

**सम्मेलन में शामिल होंगे कई प्रदेश स्तर के नेता व मंत्री**

# 10 जनवरी को झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर हुई बैठक



**संवाददाता कटकमसांडी।** आगामी 10 जनवरी को प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल स्टेडियम में आयोजित झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंडस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर एक विशेष समीक्षात्मक बैठक हुई। बेठक की अध्यक्षता झामुमो के मुख्य संयोजक राजा मोहम्मद ने की। जबकि बैठक का संचालन पूर्व कोषाध्यक्ष नईम राही ने किया। बैठक में सम्मेलन को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में 18 पंचायतों के झामुमो के पंचायत समिति के अध्यक्ष व सचिव उपस्थित हुए। समिति के अध्यक्ष व सचिव ने कहा कि कटकमसांडी प्रखंड में यह सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। सम्मेलन में झामुमो के हजारो कार्यकर्ता शामिल होकर विपक्षी पार्टियों को अपनी ताकत व मौजूदगी का एहसास कराएगी। बताया गया कि सम्मेलन में आगामी 2024 के विधानसभा के चुनावी नीतियों पर भी तकरीरें होंगी। बैठक में कटकमसांडी, ढौठवा, आराभुसाई, शाहपुर, रेबर, डांटों, बाझा, डांड़, बरगड्डा, कंडसार, कंचनपुर, लुपुंग, खुटरा, पबरा, गदोखर, रोमी, पेलावल उतरी व दक्षिणी के अध्यक्ष व सचिव ने अपने अपने पंचायत क्षेत्रों से सैकड़ों झामुमो समर्थकों को सम्मेलन मे ले जाने के प्रति संकल्पित हुए। बैठक में नम्रता रेखा, बिरसा मुंडा, कमरू ज़मा खान, महेश विश्वकर्मा, नौशाद आलम, राजेंद्र माली, अर्जुन प्रसाद साहू, सकलदीप मेहता, बाबर हुसैन, मो. आरिज, साहिद उर्फ राजा खान, दिलीप कुमार, मो. फारूक, हिरामन यादव, शिबू मेहता, गनी खान, अरसद खान, मो. सद्दाम सहित दर्जनो झामुमों मंडली कार्यकर्ता शामिल थे।

---

# श्री राम जन्मभूमि का पूजित अक्षत और निमंत्रण हर सनातनी के घर घर तक



**संवाददाता कटकमसाडी।** प्रखंड के कार्यकर्ताओं के द्वारा श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए पूजित अक्षत को निमंत्रण स्वरूप हर हिंदू परिवार तक पहुंचाने का संकल्प लेते हुए आज अभियान प्रारंभ किया गया। यह अभियान प्रखंड के कंचनपुर छड़्व डैम काली मंदिर से शुरू हुई। मौके पर बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख उमेश गुप्ता, जिला सह संयोजक जय सोनी व जिला सत्संग प्रमुख सहदेव गुप्ता उपस्थित थे। उमेश गुप्ता ने कहा कि इस अभियान को महाअभियान का रूप देंगे और अंतिम हिंदू परिवार तक इस पूजित अक्षत को निमंत्रण स्वरूप पहुंचाएंगे। साथ ही साथ 22 जनवरी को प्रत्येक घरों में दिया जलाकर दिवाली मनाने का आग्रह किया। समीप के मंदिरों में अयोध्या की भांति हीं पूरे धूमधाम से पूजा - पाठ व गीत संगीत के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाने का अव्वाहन किया। राम मंदिर हमारे लिए प्राणों से प्रिय है और यह हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। इस दिवस को हम ऐतिहासिक बनाएंगे। मौके पर कटकमसांडी के विश्व हिन्दू परिषद् के प्रखंड मंत्री आकाश मेहता, प्रखंड उपाध्यक्ष किशोर प्रसाद, बजरंग दल प्रखंड संयोजक मुकेश मेहता, विद्यार्थी परिषद प्रमुख रौशन ठाकुर, गौ रक्षा प्रमुख दीपक गुप्ता, कटकमसांडी प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा, कटकमसांडी भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक मेहता, सुमन राय, सतीश पांडेय, अजय राणा, अजय साव, गदोखर पंचायत मुखिया नारायण साहू, कंचनपुर पंचायत संयोजक विशाल कुशवाहा, रूपेश राणा, शशि पांडेय, अनिल पांडेय, सोनू पांडेय, धीरज कुशवाहा, महेश कुशवाहा, बिनोद सिंह, सुबोध साव, अखिलेश पांडेय, सुजीत मेहता, पीयूष विश्वकर्मा, नवीन गुप्ता आदि उपस्थित थे।मौके पर प्रखंड मंत्री आकाश मेहता ने कहा कि सभी सनातनियों के घरों पर भगवा ध्वज अवश्य लगे यह दिन हमारे लिए प्राणों से भी प्रिय होगी। जिला सुरक्षा प्रमुख उमेश गुप्ता ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प हर एक सनातनी को दिया। उन्होंने कहा कि संगठन कैसे महा अभियान के हम सहयोगी बनकर 1 जनवरी से 15 जनवरी तक चलने वाले इस महा अभियान में प्रखंड के सभी गांव में रहने वाले एक-एक हिंदू परिवार तक हम जाएंगें। उन्हें भगवान रामचंद्र का निमंत्रण पहुंचाएंगे। वही कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने बजरंग दल के इस कार्य को ऐतिहासिक एवं महान बताया। उन्होंने कहा कि आज के दिन बलिदान हुए उन वीरों को भी हम सभी शत-शत नमन करते हुए उन सभी धर्म योद्धाओं को प्रणाम करते हैं।

---

# राष्ट्रीय युवा दिवस 2024 का हुआ भव्य आयोजन

**संवाददाता हजारीबाग।** युवा देश के एसेट हैं। युवाओं को अपने सर्वांगीण विकास के लिए सबके प्रेरणास्रोत रहे स्वामी विवेकानंद के जीवन को आत्मसात करना चाहिए। अच्छी किताबों को दोस्त बनाएं तथा देश के बेहतरी के लिए आगे आएं। उक्त बातें उपायुक्त नैंसी सहाय ने राष्ट्रीय युवा दिवस 2024 के अवसर पर मौलाना अबुल कलाम आजाद इंडोर स्टेडियम, हजारीबाग में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद युवाओं से अपने संबोधन में कही। पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य, विभाग झारखंड सरकार द्वारा आज उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल युवा संसद कार्यक्रम के तहत भाषण, निबंध, क्विज एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो एवं रामगढ़ के युवक युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह में हिस्सा ले रहे प्रतिभागियों को उपायुक्त ने अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने देश के लिए अपना योगदान देने तथा अपने मेहनत के बलबूते देश और अपने माता पिता का नाम रौशन करने की सिख दी। खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र से सभी युवाओं एवं विद्यार्थियों को अवगत कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रमंडल स्तरीय पेंटिंग, निबंध, क्विज, युवा संसद भाषण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आज भव्य आयोजन मौलाना आजाद इंडोर स्टेडियम में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 29 वर्ष तक के आयु वर्ग के युवाओं एवं विद्यार्थियों के लिए किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय, विशिष्ट अतिथि उज्जवल कुमार चौरसिया, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित सह अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष डॉ0 सरिता सिंह, कार्यक्रम संयोजक अमित कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उपायुक्त ने प्रतिभागियों का प्रोत्साहित करते हुए सभी बच्चों को जीवन में एक लक्ष्य तय करने को कहा तथा शिक्षा से जुड़ी कई सारी जानकारियां दी। शिक्षकों से नई पीढ़ी के बच्चों के अनुसार अपने नजरिया को बदलने को कहा। लाइफ स्किल सीखने एवं स्टार्टअप पर जोर दिया, "कीप ऑन चेंजिंग" का स्लोगन दिया। खेल पदाधिकारी ने कहा कि इस तरह का आयोजन युवाओं की प्रतिभाओं को उभारने उनके सपनों को पूरा करने की ओर प्रेरित करता है। कार्यकम में बतौर निर्णायक निर्णायक मंडली सुकल्याण मोइत्रा, मुरारी सिंह, प्रसन्न मिश्रा, जेपी जैन ,जॉनी रुबीना तिर्की,राजीव आनन्द, डॉक्टर अमला राणा, प्रवीण जयसवाल, रंजन दास मोना बग्गा ,गजानंद पाठक एवं कार्यक्रम में मंच संचालन संजय तिवारी ने किया। निबंध प्रतियोगिता के दौरान निबंध में सोनाली कुमारी सिंह,मयूर माला,शिफात मोज्जम,पल्लवी कुमारी,सानिया, युवा संसद में नूपुर माला, मुस्कान कुमारी सिन्हा, मयूर माला, शशिकांत कुमार, सोनाली कुमारी सिंह, पेंटिंग में कोमल भारती, आयुष विश्वकर्मा, मधुलिका आर्या, आयन सादिक, टिंकू कुमार, क्विज में अनीशा कुमारी, अर्चना, शिवानी, सुमित सागर, सोहित कुमार गुप्ता एवं भाष में प्रथम, द्वितीय, तृतीय,चतुर्थ एवं पंचम पुरुस्कार प्राप्त किया। पुरुस्कार स्वरूप सभी प्रतिभागियों को क्रमशः रुपए 10000/- ,8000/- ,6000/- 4000/- एवं 2000/- के नगद पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान करने के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभगियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक सह तरंग ग्रुप निर्देशक अमित कुमार गुप्ता, शेखर कुमार ,प्रधान सहायक ,खेल कार्यालय,कौलेश्वर गोप सदस्य, सुनील यादव, पवन कुमार, सरोज मालाकार,गोपाल राम, विरेंद्र यादव, मुकेश मिर्तुंजय वैशणव, कुंवर प्रसाद, गोविंद गुप्ता, त्रिवेणी, अश्विनी श्रीवास्तव, राहुल, संतोष, पंकज, गुलाम बाकी, अनिल दास, विजय, अनिल कुमार, किशोर कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

# हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा पहुंचे कुसुंभा पंचायत



**संवाददाता विष्णुगढ़।** हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा आज हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत विष्णुगढ़ प्रखंड के कुसुम्भा पंचायत पहुंचे। जिनका स्वागत शॉल ओढ़ाकर एवं प्रकृति की टोपी पहनाकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद महोदय ने दीप प्रज्वलित कर की। जिसके बाद गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन सांसद महोदय ने खीर खिलाकर किया। कार्यक्रम में सांसद महोदय द्वारा सरकारी योजनाओं के लाभुकों को आयुष्मान कार्ड, बिरसा सिंचाई तथा पीएम किसान सम्मान निधि सर्टिफिकेट के साथ हीं गरीबों के बिच कंबल वितरण किया गया। जिसके बाद एलईडी स्क्रीन पर हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्बोधन लोगों के बीच चलाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने इस क्षेत्र की समस्याओं से सांसद महोदय को अवगत कराया। जिसके बाद हजारीबाग सांसद द्वारा लोगों को संबोधित किया गया। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के बारे में लोगों को अवगत करवाया तथा इस क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए अथक प्रयासों के भी बारे में लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकाश पदाधिकरी अखिलेश कुमार, सांसद प्रतिनिधि मधुसुधन प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि गुरू प्रसाद, सीएचसी प्रभारी डॉ अरुण कुमार, हिरामन महतो, बिनोद गुप्ता तथा प्र- खंड के भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय मुखिया, पंचायत समिति समेत भारी संख्या में महिलाएं तथा पुरुष उपस्थित रहे।

---

# झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने शुरू किया संगठन विस्तार



**संवाददाता विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के नागी पंचायत भवन परिसर में जेबीकेएसएस संगठन विस्तार को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य प्रकाश महतो ने की एवं संचालन प्रकाश महतो ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष सुजीत कुमार, सचिव प्रवीन कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, उपाध्यक्ष बलदेव महतो, सह सचिव प्रकाश कुमार महतो सह कोषाध्यक्ष जगदीश महतो मीडिया एवं सोसल मीडिया प्रभारी प्रकाश कुमार और भोला महतो के साथ 21 सदस्यीय कमिटी बनाई गई। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि विष्णुगढ़ पूर्व पश्चिमी जिला परिषद प्रकाश पटेल झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल उमेश कुमार महतो समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। माही पटेल ने कहा कि हम लोगों को जयराम महतो की विचार धारा को आज समझने की जरूरत है। जिस तरह आज झारखंडीयों का शोषण किया जा रहा है। आने वाली पीढ़ी के भविष्य को बचाने की जरूरत है। इस बैठक में मुख्य रूप से मुकेश कुमार, महेंद्र महतो तुलसी कुमार अर्जुन महतो सुरेन्द्र कुमार जयराम महतो बैजनाथ महतो जगदीश महतो सजीवान राम कृष्णा महतो शंकर महतो आकाश कुमार सन्नी कुमार मनोज कुमार मोहन महतो नुनूचंद महतो कोलेश्वर महतो जीतन महतो पुरन महतो संतोष कु भुनेश्वर महतो रितलाल सहदेव महतो, नरेश, नीलकंठ कुमार कोकिल महतो अजय कुमार आदि समेत काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

# पूजित अक्षत के वितरण समारोह में शामिल हुए मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल



**संवाददाता विष्णुगढ़।** मांडू विधायक सह भाजपा सचेतक जयप्रकाश भाई पटेल ने विष्णुगढ़ पहुँचकर विश्वहिन्दू परिषद द्वारा आयोजित अयोध्या के राममंदिर निर्माण के पूजित अक्षत के वितरण समारोह में शरीक हुए और अपनी भागीदारी देते हुए सैकड़ो की संख्या में घर-घर पहुँचकर निमंत्रण उनके द्वारा दिया गया। आस्था के साथ-साथ विकास की परिभाषा लिखते हुए माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने माण्डू विधानसभा क्षेत्राधीन हज़ारीबाग जिला के विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत ग्रामीण विकास विभाग,ग्रामीण कार्य मामले, मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत पंचायत-नरकी के ग्राम- रंगामाटी एवम सपमरवा के बीच बोरो नाला पर लगभग 3,1764100 (तीन करोड़ सत्तरह लाख चौंसठ हजार एक सौ रुपये) की लागत से बनने वाले पुल की आधारशिला रखी। अन्य कार्यक्रम में डीएमएफटी मद से बनने वाले विष्णुगढ़ के उत्क्रमित उच्च विद्यालय,बारा में शौचालय एवं चहारदीवारी के निर्माण कार्य का विधि पूर्वक शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्य रूप से विश्वहिन्दू परिषद विष्णुगढ़ अध्यक्ष शंकर सोनी,बजरंग दल जिला सह संयोजक वरुण कुमार,मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,महामंत्री गुरु प्रसाद साव,हिरामन महतो,रोहित सोनी,शंकर स्वर्णकार,संतोष कुमार महतो,दिनेश कुमार मंडल समेत सैकड़ो की संख्या में महिला पुरूष समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।